

पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी - 12



तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम हवाई यात्रा घटाएं - 12



भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं - 13



हर्षित राणा आईपीएल 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर - 14


आज का मौसम
25.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.18
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया 11:56 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 21 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 352, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# युद्ध से महंगा हुआ तेल...औद्योगिक डीजल 22 और प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये लीटर बढ़ा

## वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई वृद्धि, सामान्य तेल की कीमतों में बदलाव नहीं

- दिल्ली में प्रीमियम पेट्रोल अब 101.89 रुपये, औद्योगिक डीजल 109.59 रुपये हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं।

ईरान युद्ध तेज होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय तेल की कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। दिल्ली में एक लीटर सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये बनी हुई है, जबकि इसी श्रेणी का डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। सामान्य पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग आमतौर पर 91-92 होती है और यह मानक इंजनों के लिए उपयुक्त है। यह रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सही है। दूसरी ओर, प्रीमियम पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 95-98 होती है, जो इसे अधिक बेहतर इंजनों के लिए आदर्श बनाती है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। प्रीमियम श्रेणी में कुछ वृद्धि की सूचना मिली है, जो (देश में बेचे जाने वाले) कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा है। आम आदमी के लिए कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।



### 64 पैसे टूटा रुपया, सबसे निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद




**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 64 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93.53 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है। मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने साथ ही कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बढ़ते जोखिम ऊर्जा लागत को बढ़ा रहे हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92.92 पर खुला। कारोबार के दौरान गिरता हुआ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया। अंत तक इसमें गिरावट जारी रही और यह 93.53 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 64 पैसे की गिरावट है।

### जोमैटो ने बढ़ाया फूड डिलीवरी शुल्क, 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर किया




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने उपयोगकर्ताओं से लिए जाने वाले मंच शुल्क में 2.40 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 14.90 रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। यह पहले 12.50 रुपये था। उसकी प्रतिद्वंद्वी स्विगी अपने उपयोगकर्ताओं से जीएसटी सहित 14.99 रुपये मंच शुल्क ले रही है। जानकारों के मुताबिक शुल्क में यह बढ़ोतरी अखिल भारतीय स्तर पर उन सभी बाजारों में की गई है, जहां जोमैटो परिचालन करता है। इसने पिछली बार सितंबर 2026 में मंच शुल्क बढ़ाया था। इस बीच, तीसरी सबसे बड़ी फूड डिलीवरी कंपनी मैजिकपिन ने फिलहाल मंच शुल्क में बढ़ोतरी से इनकार किया है।

# हवाई हमलों में ईरानी सेना के प्रवक्ता जनरल अली मोहम्मद नैनी की मौत

- ईरान ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर हमला किया, इजराइल ने तेहरान पर की बमबारी

तेहरान/दुबई, एजेंसी

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शुक्रवार तड़के अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों में अपने प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के मारे जाने की पुष्टि की है। यह हमला उनके उस बयान के कुछ ही मिनटों बाद हुआ जिसमें उन्होंने चल रहे युद्ध के बावजूद मिसाइल उत्पादन जारी रहने की बात कही थी। गत 28 फरवरी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद से ईरान के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रहे अभियानों की श्रृंखला में यह एक और बड़ी घटना है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली यह समझने में असमर्थ हैं कि ईरान के पास स्थापित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थानों के साथ एक मजबूत ढांचा है। ईरान ने शुक्रवार तड़के कुवैत की तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला किया और इजराइल में हमलों की चेतावनी के रूप में सायरन बजने लगे। वहीं, फारसी नववर्ष के अवसर पर तेहरान में इजराइली हमलों से भयावह विस्फोटों की आवाज सुनाई दी। कुवैत ने कहा, मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी पर दो बार ड्रोन हमलों के कारण आग लग गई। यह रिफाइनरी ईरान के एक अन्य हमले में पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन 7,30,000 बैरल तेल शोधित करने की है।



### अमेरिका तीन अतिरिक्त युद्धपोत व 2500 मरीन सैनिक कर रहा तैनात

**दुबई।** अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में तीन अतिरिक्त युद्धपोत और 2,500 अतिरिक्त मरीन सैनिकों की तैनाती कर रही है। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि यूएसएस बॉक्सर और दो अन्य पोतों के साथ ही 11वीं 'मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट' के लगभग 2,500 मरीन सैनिक अपने गृह बंदरगाह सैन डिएगो से रवाना हो चुके हैं और पश्चिम एशिया की ओर जा रहे हैं। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने जहाजों की तैनाती किए जाने की पुष्टि की। तीनों अधिकारियों ने संवेदनशील सैन्य अभियानों पर चर्चा करने के लिए नाम उजागर न करने की शर्त पर बात की।

### ईरान की विश्व के पर्यटन क्षेत्रों पर हमले की धमकी

**दुबई।** ईरान ने विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी और इस बात पर जोर दिया कि वह अब भी मिसाइलें बना रहा है। शीर्ष ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को धमकी दी कि दुनिया भर के पार्क, मनोरंजन क्षेत्र और पर्यटन स्थल तेहरान के दुश्मनों के लिए सुरक्षित नहीं रहेंगे। जनरल अबोलफजल शेखरची की धमकी ने इस चिंता को फिर से बढ़ा दिया है कि ईरान दबाव बनाने की रणनीति के रूप में पश्चिम एशिया से बाहर आतंकवादी हमलों का इस्तेमाल फिर से शुरू कर सकता है।

### युद्ध क्षेत्र में अब तक छह भारतीयों की गई जान

**नई दिल्ली।** बढ़ते संघर्ष के बीच विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई, जबकि एक अब भी लापता है। विदेश मंत्रालय के अपर सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा, हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की कल देर रात सूचना मिली।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी : सीबीआई ने अनिल अंबानी से दूसरे दिन भी पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एसबीआई की शिकायत पर शुक्रवार को आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले के संबंध में लगातार दूसरे दिन भी पूछताछ की। अंबानी सुबह करीब 10 बजे एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे। सीबीआई ने बैंक द्वारा कंपनी को जारी की गई ऋण निधि में धन के कथित हेरफेर, गबन और अन्य अनियमितताओं के संबंध में बृहस्पतिवार को उद्योगपति से जवाब मांगा था। शिकायत के अनुसार, कंपनी पर विभिन्न ऋणदाताओं का 40,000 करोड़ से अधिक का बकाया था, जिसमें अकेले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को 2018 के आंकड़ों के अनुसार 2,929 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### ईशा फाउंडेशन के खिलाफ मानहानिकारक सामग्री हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक तमिल मीडिया प्रतिष्ठान को सद्गुरु जगदीश वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ प्रकाशित कुछ मानहानिकारक सामग्री को हटाने का निर्देश दिया है। फाउंडेशन ने 2024 में पत्रिका नक्कीरन और उसके संपादक के खिलाफ मानहानि के आरोप में याचिका दायर की थी जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 19 मार्च को अंतरिम आदेश पारित किया। अदालत ने पत्रिका की इस स्तर पर ही मुकदमे को खारिज करने की याचिका को भी अस्वीकार कर दिया।

# यूपी : आंधी-बारिश व ओलावृष्टि का कहर, वज्रपात से पांच की मौत



- लखनऊ समेत कई जिलों में फसलों की तबाही, सीएम ने दिए राहत के निर्देश
- 50 जिलों में 80 किमी प्रति घंटा तक चली हवा, राजधानी में भी गिरे ओले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी विक्षोभ के असर से उप्र में मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस दौरान वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। लखनऊ, अयोध्या, बाराबंकी और कानपुर समेत कई जिलों में ओले गिरने से खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर नुकसान का सर्वे और किसानों को राहत देने के निर्देश दिए हैं।

सबसे दर्दनाक घटनाएं ग्रामीण इलाकों में सामने आईं। बहराइच के हरदी क्षेत्र के बदनपुरवा गांव में किसान मुनऊ (पुत्र जलील) सरसों की फसल देखने जाते समय वज्रपात की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रयागराज के सोरांव में राम बहादुर (50) की बिजली गिरने से जान चली गई, जबकि बहादुरपुर क्षेत्र में किसान संग्राम यादव (60) की मौत हो गई और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है, दो गायों की भी मौत हुई। बलरामपुर के धुसाह गांव में तीरथराम वर्मा (32) और मिर्जापुर के पड़री क्षेत्र में हरिशंकर (70) की भी वज्रपात से मौत हो गई। वहीं उन्नाव, सुल्तानपुर और अन्य जिलों में कई लोग झुलसे, जिनका इलाज चल रहा है। राजधानी लखनऊ में भी हालात बिगड़े रहे। तेज हवा व ओलावृष्टि से शहर के कई हिस्सों में बिजली व्यवस्था ठप हो गई। गोमतीनगर, चिनहट, आशियाना, बीकेटी समेत कई इलाकों में हजारों उपभोक्ता 1 से 4 घंटे तक बिजली संकट से जूझते रहे।

### लखनऊ में हालात

- राजधानी में भी ओलावृष्टि, सुबह नौ बजे अंधेरा
- छह हजार से ज्यादा उपभोक्ता बिजली संकट से प्रभावित
- कई इलाकों में एक से चार घंटे तक बिजली गुल
- तेज हवा से पोल और तार क्षतिग्रस्त

### अगले 24 घंटे का पूर्वानुमान

- गरज-चमक के साथ बारिश जारी रहने की संभावना
- 40-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा
- कई स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात का खतरा
- तापमान में 2-3C और गिरावट संभव
- 24-48 घंटे बाद मौसम सामान्य होने के आसार

## सरल आयकर कानून के लिए नियम अधिसूचित, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

- इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है।

## संत की शरण में मुर्मू



वृंदावन में ब्रज प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संत प्रेमानंद जी महाराज से राधा केली कुंज आश्रम में 27 मिनट तक बातचीत की। इस दौरान आध्यात्म और समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। प्रेमानंद महाराज ने उन्हें नाम जप को जीवन का मार्ग बताया।

## पर्ल्स ग्रुप की एक ही मामले में सर्वाधिक 22,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धनशोधन की जांच के दौरान जब्ती की नई कार्रवाई की है और इस मामले में कुल 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। यह आंकड़ा एजेंसी द्वारा एक ही मामले में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। पीएसीएल पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना में गड़बड़ी का आरोप है। ये 126 अचल संपत्तियां पंजाब और दिल्ली में स्थित हैं। ईडी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

# नव संवत्सर पर बदला राममंदिर का धर्म ध्वज



- 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हुआ था ध्वजारोहण वर्ष में दो बार बदला जाएगा ध्वज

**अयोध्या।** नव संवत्सर पर राममंदिर के 201 फिट ऊंचे स्थापित धर्म ध्वज को पहली बार बदलते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवीन ध्वज आरोहित किया गया। विवाह पंचमी के मुहूर्त पर 25 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राम मंदिर के शिखर पर रेशम के धागे से बने ध्वज का आरोहण किया गया था।

ध्वज को खासतौर पर अहमदाबाद में बनाया गया था। इस केसरिया रंग के ध्वज में कोविदार वृक्ष, सूर्य और ॐ अंकित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य व धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने शुक्रवार को बताया कि पहली बार जिस तरह 25 नवंबर को सेना के जवानों ने आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए ध्वज को चढ़ाने का कार्य किया था। उसे पूरी दुनिया देखा था। इसी तरह नव संवत्सर के शुभ मुहूर्त पर नए ध्वज को आरोहित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर के इस ध्वज की मर्यादा और व्यवस्था को देखते हुए वर्ष में दो बार बदले जाने का निर्णय लिया गया है।

# 43 पुलिस उपाधीक्षक बने अपर पुलिस अधीक्षक

- गृह विभाग ने जारी किया प्रोन्नति का आदेश और सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 43 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को पदोन्नत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर प्रोन्नति प्रदान कर दी है।

गृह विभाग (अनुभाग-1) की ओर से जारी शासनादेश के तहत यह निर्णय लिया गया। शासनादेश के अनुसार, वेतनमान 15,600-39,100 ग्रेड पे 6,600 से वेतनमान 67,700-2,08,700 (लेवल-11) में पदोन्नति दी गई है। यह प्रोन्नति चयन वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के सापेक्ष प्रदान की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वास्तविक प्रोन्नति का लाभ मिलेगा, जबकि वित्तीय लाभ नियमों के अनुसार देय होगा। सूची में राजेश कुमार तिवारी, अवनीश चंद्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कृष्ण, धर्मेंद्र कुमार यादव सहित कुल 43 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। सरकार ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण कर इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय और शासन को उपलब्ध करानी होगी।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई। इस मामले में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।



पुलिस ने बताया कि फोन करने वाले का पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में पता चला है। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को 18 मार्च को सुबह करीब 11 बजे एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया।

**संबोधन** संघ प्रमुख ने कहा– धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद

# स्वार्थ और वर्चस्व की चाह दुनिया में संघर्षों की जड़ : भागवत

- नागपुर में एक सभा में बोले- स्थायी शांति एकता, अनुशासन व धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है तथा स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती है।

भागवत ने नागपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया 2,000 वर्षों से संघर्षों के समाधान के लिए विभिन्न विचारों के साथ प्रयोग करती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद हैं।



### भारत का विश्वास मानवता में

भागवत ने कहा कि भारत मानवता में विश्वास करता है जबकि अन्य देश अस्तित्व के लिए संघर्ष और ताकतवर के टिके रहने के सिद्धांत को मानते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया को संघर्ष नहीं, बल्कि सौहार्द की जरूरत है। भागवत ने कहा कि जारी संघर्षों के बीच दुनिया भर से आवाजें उठ रही हैं कि केवल भारत ही युद्धों को समाप्त कर सकता है क्योंकि यह देश का स्वभाव है। उन्होंने कहा कि लड़खड़ाती दुनिया को धर्म की बुनियाद देकर उसमें संतुलन बहाल करना भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, भारत के लोग मानवता के नियम का पालन करते हैं, लेकिन बाकी दुनिया जंगल के नियम का पालन करती है। लड़खड़ाती दुनिया को धर्म की बुनियाद देकर उसमें संतुलन बहाल करना हमारा काम है।

आरएसएस प्रमुख ने शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विदर्भ प्रांत कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद इस सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि सभी जुड़े हुए हैं और एक हैं। उन्होंने संघर्ष से सौहार्द और सहयोग की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही हासिल की जा सकती है।

भागवत ने आचरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धर्म केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं रह सकता बल्कि यह लोगों के व्यवहार में भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के पालन के लिए निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है और इसमें अक्सर व्यक्तिगत कठिनाई भी झेलनी पड़ती हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

## गाजियाबाद के ओपी गोल्ड ब्रांड कुट्टू की बिक्री प्रतिबंधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के बिजनौर व बागपत में कुट्टू के सेवन से लोगों की तबीयत बिगड़ने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन सतर्क हो गया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि गाजियाबाद के राजनगर के विशाल ट्रेडर्स के ओपी गोल्ड ब्रांड साबुत साबूत कुट्टू की बिक्री मुरादाबाद में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। बताया कि इसके खाने से प्रदेश के बागपत और बिजनौर में लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। अपील की कि यदि कोई दुकानदार इस ब्रांड का कुट्टू बेच रहा हो तो उन्हें इसकी जानकारी दें, जिससे तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र के सिकरौडा, लाहककला मोहनपुर व खैरुल्लापुर आदि गांव में कुट्टू का आटा खाने से 30 से अधिक ग्रामीण उल्टी दस्त के चलते अचानक बीमार हो गए। सभी प्रभावितों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना 19 मार्च की रात की बताई जा रही है।

## दीवार पर बैठा दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले के भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र में आबादी क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया। बुधवार देर रात तेंदुए को गांव के पास सड़क किनारे बनी एक बाउंड्री पर लोगों ने बैठे देखा। जिसका वीडियो किसी ग्रामीण ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे लोग दहशत में हैं। ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ लगातार आबादी के आसपास मंडरा रहा है, जिससे बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालात यह हैं कि लोग जरूरी काम छोड़कर घरों में रहने को मजबूर हैं और शाम होते ही गांव में सन्नाटा पसर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने वन विभाग को सूचना दी और ग्रामीणों से बेवजह घरों से बाहर न निकलने की अपील की। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है और तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# मौसम ने बदली करवट बारिश- हवा से लौटी ठंड

## मंडल भर में दिन भर रुक- रुक कर होती रही बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बारिश में छाता लगा कर जाती युवती।



रेनकोट पहन कर जाता चालक।

**अमृत विचार:** मौसम ने शुक्रवार को अचानक करवट बदली। बेमौसम बारिश और तेज हवा के चलते मुरादाबाद, संभल, चंदौसी और अमरोहा में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं तेज हवा और बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिसके चलते लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। लोगों को स्वेटर पहनने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पिछले कुछ दिनों की तेज धूप के बाद बुधवार से तापमान में कमी आने लगी। ठंडी हवा के झोंके के बीच गुरुवार को कई बार रुक रुक कर बूंदाबांदी होती रही। लेकिन शुक्रवार की भोर से बारिश का क्रम दिन में भी जारी रहा। कई बार बारिश थमी लेकिन कुछ देर बाद फिर होने लगी। पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। बारिश व हवा से ठंड फिर से लौट आई। गर्मी का मौसम मानकर स्वेटर जैकेट रखने वालों को उसे फिर से निकालने की नौबत आई। शुक्रवार को लोग स्वेटर, जैकेट पहनकर निकले। बारिश के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में कमी आई। अधिकतम तापमान 23 तो न्यूनतम लुढ़क कर 17 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम की आंख मिचौली से बच्चों और बुजुर्गों को अधिक मुश्किल हो रही है। तापमान के असंतुलन से सर्दी, जुकाम, छींक और बुखार से लोग परेशान हैं। बारिश से बाजारों में चहल पहल कम रही। दुकानदारों ने पानी से सामान न भीगे इसके लिए बाहर पालीथीन लगाकर ढका। मौसम विभाग के अनुसार अभी शनिवार को भी बारिश का अनुमान है। रविवार को मौसम सामान्य हो सकता है।

### जिले में 73.5 मिलीमीटर गिरा पानी

24 घंटे में जिले में कुल 73 .5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड किया गया। जिसमें सर्वाधिक मुरादाबाद तहसील क्षेत्र में बारिश हुई। कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पिछ्ले 24 घंटे में जिले में 73 .5 मिलीमीटर बारिश हुई। इसमें मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र में सर्वाधिक 37 मिलीमीटर, कांठ तहसील क्षेत्र में 8 .5 मिमी . और बिलारी में शून्य और ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में 28 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड किया गया। कुल औसत वर्षा 18 .37 मिलीमीटर रही।

- **ठिठुरन से निकले गर्म कपड़े दिनभर होती रही बारिश**



अमरोहा में बारिश से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार



संभल में बरसात के बीच संभल गजरौला मार्ग पर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



ठाकुरद्वारा के गांव चमरा में गिरी फसल को निहारता किसान। ● अमृत विचार

# मंडल में तेज हवा से खेतों में बिछी गेहूं की फसल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गुरुवार देर रात अचानक तेज हवाएं चलनी शुरू हुईं, जिसके बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। शुक्रवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। कई इलाकों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई है।

मौसम के इस बदलाव व हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को सर्दी का एहसास होने लगा। बारिश और तेज हवा का सबसे ज्यादा असर खेतों में खड़ी फसलों पर पड़ा। कई स्थानों पर गेहूं की फसल गिर गई, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। सड़कों पर भी सामान्य दिनों की अपेक्षा कम आवाजाही देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

### किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि से हो रही बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने आंधी बारिश से तबाह हुई फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। बारिश से शुक्रवार को 10 डिग्री पार लुढ़क कर 21 डिग्री तक पहुंच गया। बारिश से रबी की फसलों को खासा नुकसान पहुंचा है। दो-चार दिन में गेहूं, सरसों, मसूर, अरहर की कटाई शुरू हो जाती लेकिन, तेज आंधी बारिश ने फसलों को तबाह कर दिया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि इस समय गेहूं का दाना दूध पर था उसके भीग जाने से उसकी मोटाई नहीं बढ़ेगी जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। सैदनगर में तेज आंधी और बारिश में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। ग्राम रतनपुरा, खौद, हकीम गंज, मुरसैना, खिजरपुर, मिश्री नगर, सींगनखेड़ा आदि गांव में बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं। किसानों का कहना है कि इससे पहले अधिक बारिश के चलते धान की फसल भी बर्बाद हो चुकी थी, जिससे वे पहले ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। अब गेहूं की फसल को हुए नुकसान ने चिंता को और बढ़ा दिया है। किसान पहलवान मुराद अली, अजहर सलामत आदि किसानों ने बताया कि इस बार की फसल से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

### गरज-चमक के साथ हुई बारिश

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार सुबह होते ही आसमान में काले बादल छा गए और बिजली की चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इसके साथ ही चली तेज हवाओं ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। जिससे पैदावार काफी कम होने की संभावना है। वहीं सरसों, आलू, की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है। इस मौसम का असर बागवानी पर भी पड़ा है। आम के पेड़ों पर आए बौर पर बारिश और तेज हवा का प्रभाव पड़ा है, जिससे फल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।



बिलारी में गेहूं के खेत में फसल का निरीक्षण करते जिला कृषि अधिकारी डॉ .राजेंद्र कुमार।

# जिले में 10 से 15 प्रतिशत गेहूं पर असर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में बारिश से 10 से 15 प्रतिशत गेहूं की फसल गिर गई है। कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के प्रभारी के अनुसार अभी बारिश रुक जाती है तो नुकसान नहीं होगा लेकिन किसानों को खेत में भरा पानी तुरंत निकालना होगा लेकिन रात भर बारिश नहीं रुकी तो गेहूं और आलू की तैयार फसल को नुकसान हो सकता है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने बिलारी क्षेत्र भ्रमण करने के दौरान खेत में गेहूं हल्का से झुका मिलने की बात बताई है। कृषि वैज्ञानिक के मुताबिक निरंतर बारिश से आलू और आम पर असर पड़ेगा। जिला कृषि अधिकारी ने बारिश को देखते क्षेत्र में तैनात कृषि कर्मचारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में गेहूं की फसल का क्षेत्र एक लाख हेक्टेयर है जिसमें दोपहर तक किए गए निरीक्षण में खेत जो हल्का झुका गेहूं देखा गया था वो 10 से 15 प्रतिशत गेहूं शाम के बाद होने वाली बारिश के गिर गया। किसी फसल को व्यापक नुकसान की सूचना अभी नहीं है। हालांकि मौसम विभाग और कृषि विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि बारिश लगातार जारी रहती है और इसके साथ तेज हवाएं चलती हैं, तो खड़ी फसलों को गंभीर नुकसान हो सकता है। इस समय खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल सबसे अधिक संवेदनशील स्थिति में है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान मौसम की स्थिति को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं और फसलों की सुरक्षा के प्रयास कर रहे हैं।

### 1460 हेक्टेयर में लगाई जाती है आलू की फसल

जिला उद्यान अधिकारी रमेश सिंह राणा ने बताया कि जिले में आलू की फसल 1460 हेक्टेयर में लगाई जाती है। जिसमें सभी आलू की फसल तैयार है।इस पर भी मौसम का असर पड़ सकता है। खेतों में पानी भरने की स्थिति बनने पर आलू की खुदाई प्रभावित हो सकती है और भंडारण के दौरान सड़न की समस्या बढ़ सकती है। वहीं जिले में आम की फसल का क्षेत्रफल 3190 हेक्टेयर है। आम के बागों में इस समय बौर (फूल) आए हुए हैं, जो तेज हवा और बारिश के कारण झड़ सकते हैं, जिससे आम की पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा।

### सरसों की फसल को नुकसान

**कांठ, अमृत विचार :** शुक्रवार को पूरा दिन हुई हल्की बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया हैं। किसानों की गेहूं-सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा हैं। बारिश के साथ तेज हवा चलने से गेहूं एवं सरसों की फसल जमीन पर गिर गई। किसानों की सरसों की फसल खेत में कटी पड़ी होने से सरसों को भारी नुकसान हुआ हैं। क्षेत्र में गुरुवार से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। गुरुवार शाम को हल्की बूंदाबांदी के बाद शुक्रवार सुबह से तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट आई और ठंड बढ़ गई। इसका असर जनजीवन पर दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को दिनभर रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। बारिश का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है।

### किसानों को सावधानी बरतने की सलाह

यदि लगातार बारिश होती रही या तेज हवा चली, तो गेहूं की बालियां झुक कर जमीन पर गिर सकती हैं, जिससे दानों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों प्रभावित होंगे। इसे लॉजिंग की स्थिति कहा जाता है, जो किसानों के लिए आर्थिक नुकसान का कारण बनती है। स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और किसानों से संवाद कर उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी।

### समय रहते खेत से निकाल लें पानी


कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा प्रभारी डॉ . रवींद्र कुमार ने बताया कि आलू के किसान खेत में बारिश के भरे पानी को जल्द निकालने व्यवस्था करें। सह फसली में उर्द एवं मूंग की बुआई की है या जिन्होंने गन्ने के सह फसली के रूप में उर्द एवं मूंग की बुआई कर दी गई और जमाव हो चुका वह भी खेत में भरे पानी को जल्द निकाल दें। जिन्होंने हाल फिलहाल में सह फसली के रूप में मूंग उड़द की बोआई की है उसके जमाव में दिक्कत आएगी। अधिक मात्रा में यूरिया प्रयोग की और जहां बढ़वार ज्यादा है वह गेहूं गिर चुका है तब भी नुकसान जैसी बात नहीं है। यदि खेत में से पानी समय रहते निकाल देंगे तो नुकसान होने की संभावना नहीं है।

### तापमान में गिरावट, चिंता में किसान

**चंदौसी, अमृत विचार :** शुक्रवार को सुबह से ही मौसम ने अचानक रुख बदल लिया। आसमान में छाए घने बादलों के बीच गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश ने ठंडक बढ़ा दी, जिससे लोगों को एक बार फिर सर्दी का एहसास होने लगा। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इसका असर जनजीवन पर भी पड़ा और सुबह के समय बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ देखने को मिली। लोग घरों से निकलते समय गर्म कपड़े पहनने को मजबूर नजर आए। किसान चिंता में डूबे नजर आए।

### बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर

**गजरौला, अमृत विचार :** आसमान में गरज और तेज हवा के साथ दो दिन से हो रही बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इससे सरसों और गेहूं की फसल में नुकसान है। कई जगह पर दोनों फसल जमीन पर गिर गई। कुछ स्थानों पर सरसों की फसल कटी भी पड़ी है। आम के बौर पर भी असर पड़ा है। हालांकि कृषि अधिकारियों का कहना है कि फसलों में कोई खास नुकसान नहीं है। शुक्रवार को तड़के से ही एकाएक मौसम बदल गया था। दिन निकलते ही आसमान में बिजली की चमक के साथ बूंदाबांदी होने लगी और हवा भी चलने लगी। इससे जहां मौसम में ठंडक हो गई तो वहीं फसलों को भी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल पूरी जमीन पर गिर गई। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी ऐक मिश्र ने बताया कि सरसों की फसल काफी कट चुकी है। खेत में पानी भरा होता तो ज्यादा नुकसान की संभावना रहती, लेकिन सरसों के खेत में पानी नहीं था।




## लाइन में फॉल्ट से 20 हजार उपभोक्ताओं की बिजली गुल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान शहर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई। 133 केवी लाइन में जिगर कॉलोनी क्षेत्र में फॉल्ट और दौलतबाग विद्युत केंद्र के ज्वाइंट फीडर में खराबी के चलते करीब 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह आठ बजे ठप हो गई। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लालबाग के अनिल प्रजापति ने बताया कि सुबह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे पानी, सफाई और अन्य कार्य प्रभावित हुए। पीटीसी पीलीकोठी, टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से जुड़े लगभग 20 से अधिक मोहल्लों में संभावित फॉल्ट की आशंका के चलते एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। फॉल्ट ठीक करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे। अधीक्षण अभियंता प्रशांत कुमार ने बताया कि आपूर्ति बहाल करने के लिए फॉल्ट खोजने में टीमें पेट्रोलिंग कर रही थी, लेकिन बारिश से परेशानी बढ़ी।

# गैस की कालाबाजारी: कोयला ढाबा पर छापेमारी, 13 सिलेंडर किए जब्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कोयला ढाबा पर जब्त सिलेंडरों के साथ पूर्ति विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर शुक्रवार को पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बिलासपुर रोड स्थित कोयला ढाबा में निरीक्षण किया। यहां 13 कमर्शियल सिलेंडर जब्त करने की कार्रवाई की।

जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अजीत कुमार, विनोद कुमार विश्वकर्मा, पूर्ति निरीक्षक चुन्नीलाल एवं फरीन जहां द्वारा निरीक्षण किया गया। होटल के किचन क्षेत्र में कुल 13 कमर्शियल गैस सिलेंडर पाए गए, जिनमें 9 बड़े और 4 छोटे (5 किग्रा.) सिलेंडर हैं। जांच में पाया कि कुछ सिलेंडर भरे हुए एवं सीलबंद के थे, जबकि कई खाली थे। कुछ सिलेंडर चूल्हे से संलग्न अवस्था में उपयोग में थे तथा अतिरिक्त छोटे सिलेंडर भी सीलबंद थे। मौके पर उपस्थित ढाबा के सुपरवाइजर लईक हसन ने बताया कि सिलेंडरों के संबंध में वैध कनेक्शन अथवा अभिलेख उपलब्ध नहीं है। गैस विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त की जाती है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। उन्हें शमीम इंडेन ग्रामीण वितरक, आंगा, रामपुर को सुरक्षित अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ कि ढाबा संचालक द्वारा अवैध रूप से गैस का भंडारण एवं दुरुपयोग किया जा रहा था। मामले में कोयला ढाबा के संचालक (कोयला बाबा) के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के मुकदमा दर्ज कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया है कि गैस की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

- **संचालक पर अवैध भंडारण के मामले में मुकदमा दर्ज**

### तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा- आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा की पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र...

**माँ चन्द्रघंटा: ऐं श्रीं शक्तयै नम:**

## विधि- विधान से पूजा कर श्रद्धालुओं ने की परिवार व समाज के कल्याण की कामना

# चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन पूजी गईं मां ब्रह्मचारिणी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन भी घरों व मंदिरों में विधि विधान व आस्था के साथ पूजा अर्चना की गई। दूसरे दिन मां के ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा की गई। मां ब्रह्मचारिणी तपस्या का आचरण करने वाली देवी हैं। इनकी पूजा से सभी मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही तपस्या का भाव प्रबल होता है।

बारिश के बीच भी भक्तों की आस्था नहीं डिगी। लालबाग स्थित मां काली के मंदिर में सुबह से दोपहर तक भक्तों की लाइन लगी रही। तेज

**● बारिश के चलते मंदिरों में कम रही भक्तों की संख्या**

बारिश में कभी लोग इधर उधर रुक जाते लेकिन जैसे ही बारिश कम होती सभी फिर लाइन में लग कर मंदिर में मातारानी के दर्शन पूजन के लिए आगे बढ़ते रहे। इसके अलावा कोर्ट रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर, हरथला, आशियाना फेज एक सहित मंदिरों में भी भक्तों ने पूजा अर्चना कर परिवार के सुख समृद्धि व कल्याण की प्रार्थना की। वहीं अन्य देवालयों में भी पूजा अर्चना का क्रम चलता रहा।

शाम को मंदिर में महिला भक्तों ने देवी गीत गाए। भजन मंडली ने



प्राचीन काली माता मंदिर पर दर्शन के लिए लाइन में लगे भक्त। ● अमृत विचार

ढोल बजाकर मां की आराधना की। शाम को आरती के बाद मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं घरों में भी लोगों ने देवी मां और अन्य देवताओं की भक्ति भाव से पूजा की। मंदिरों के बाहर प्रसाद व चुनरी, नारियल बिक्री के लिए स्टॉल लगे थे। जहां सुरक्षा व व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### आज होगी मां चंद्रघंटा की पूजा

नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की विधि विधान से पूजा की जाती है। मां का यह स्वरुप चंद्रमा के समान चमकता हुआ होता है। इनके दर्शन पूजन से सभी के कष्ट दूर होते हैं। सिद्धपीठ नौ देवी काली मंदिर के महंत रामगिरि महाराज ने बताया कि नवरात्रि में मां के सभी नौ रुप शक्ति, साहस, ज्ञान, और भक्ति के प्रतीक हैं।

# 169 करोड़ से नए राज्य विवि का होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**● 1250 करोड़ के लॉजिस्टिक्स समझौते और 962 करोड़ के निवेश से लाखों युवाओं को रोजगार**

**अमृत विचार :** अब केवल पीतलनगरी नहीं बल्कि मुरादाबाद प्रदेश सरकार के नौ साल के कार्यकाल में हजारों करोड़ के निवेश का नया हब बन गया है। जिले में लॉजिस्टिक्स सुविधाएं विकसित करने के लिए शराफ ग्रुप द्वारा 1250 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा 962 करोड़ के निवेश से 3.49 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है।

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने भी 50 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर 1.98 लाख नौकरियों का अवसर दिया। स्मार्ट सिटी, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के मद में भी सैकड़ों करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं, जिन्होंने शहर की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिली है। औद्योगिक विकास के साथ-साथ मुरादाबाद को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने के लिए भी सरकार ने खजाना खोला। मंडल में उच्च शिक्षा के लिए 169.58 करोड़ रुपये से गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हिंद टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 150 करोड़ रुपये के निवेश से नया इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### खेल छात्रावास में प्रवेश के लिए ट्रायल 23 मार्च से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से आवासीय खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए जनपद व मंडल स्तर पर चयन ट्रायल 23 मार्च से होंगे। यह ट्रायल वर्ष 2025-26 के लिए 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए कराए जाएंगे। जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो एवं हैंडबॉल सहित विभिन्न खेलों में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। ट्रायल की तिथियां खेलवार निर्धारित की गई हैं, जो 2 से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेंगी। जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जिम्नास्टिक एवं तैराकी के लिए आयु सीमा 12 वर्ष, जबकि अन्य खेलों के लिए अधिकतम आयु 15 वर्ष निर्धारित की गई है।

### बारिश: कबड्डी प्रतियोगिता स्थगित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली जूनियर बालिका कबड्डी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 20 मार्च को प्रस्तावित थी, लेकिन वर्षा के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह प्रतियोगिता 23 मार्च को आयोजित की जाएगी।

### शिवसेना के जिला प्रभारी हटाए गए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवसेना ने अनुशासनहीनता के चलते जिला प्रभारी मनोज कुमार को पद से हटा दिया है। यह कार्रवाई पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा के निर्देश पर की गई। शिवसेना के प्रदेश सचिव रामप्रसाद ने बताया कि पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा समेत सभी पदाधिकारियों से गाली गलौज और पार्टी विरोधी कार्य की शिकायतों की पुष्टि होने पर संगठन ने जिला प्रभारी मनोज कुमार को हटा दिया गया है। कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है औ अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 27 मार्च को घोषित हो नवमी का अवकाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिद्धपीठ नौ देवी काली मंदिर लालबाग के महंत ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्रदेश के स्कूलों में नवमी तिथि का अवकाश 26 मार्च की जगह 27 मार्च घोषित करने की मांग की। बताया कि तालिका में नवमी का अवकाश 26 मार्च है। जबकि नवमी का पूजन 27 को होगा। ऐसे में नवमी पूजन तिथि को देखते हुए 27 मार्च को नवमी का अवकाश घोषित करना उचित रहेगा।

# बारिश के बीच रोजेदारों ने अदा की अलविदा की नमाज

## शांति से अदा हुई नमाज, डीएम, एसएसपी ने की जामा मस्जिद क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान के अंतिम जुमा पर अलविदा की नमाज शुक्रवार को बारिश के बीच हजारों रोजेदारों ने अदा की। शहर की जामा मस्जिद में नमाजियों की भारी भीड़ रही। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी सुरक्षा व अन्य प्रबंधों की निगरानी करते रहे। जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भी भ्रमण कर व्यवस्था देखी।

सुबह से ही जामा मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। बारिश से बचने के लिए छाता और अन्य साधनों का सहारा लेकर मस्जिद पहुंचे व नमाज अदा की। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने नमाज पढ़वाई। इस दौरान अनुशासन और शांति का माहौल दिखा। रोजेदारों ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगीं। रमजान के इस आखिरी जुमे पर इबादत



नमाज़ के बाद दुआ कराते नायब शहर इमाम मुफ़्ती फहद अली। ● अमृत विचार



नमाज के बाद बारिश में घर लौटते नमाजी। ● अमृत विचार

**● छाता और अन्य साधनों का सहारा लेकर मस्जिद पहुंचे लोग**

का विशेष महत्व होता है, जिसे लेकर लोगों में खास उत्साह नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। जामा मस्जिद समेत प्रमुख स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और लगातार हालात की मानीटरिंग करते रहे। जिससे पूरे आयोजन के दौरान शांति और व्यवस्था बनी रही।



जामा मस्जिद चौराहे पर नमाजियों से मिलतीं सांसद रुचि वीरा। ● अमृत विचार



नमाज के दौरान जमा मस्जिद चौराहे पर तैनात पुलिस अधिकारी व जवान।

### ईद की नमाज के लिए सुरक्षा कड़ी, ईदगाह मैदान पर रहेगा पुलिस का पहरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईद-उल-फितर शनिवार को मनाया जाएगा। ईद की नमाज के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। ईदगाह मैदान की सुरक्षा के लिए शुक्रवार रात से ही पुलिस बल तैनात रहेंगे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि किसी भी असामाजिक तत्व को उपद्रव करने का मौका नहीं दिया जाएगा। ईद की नमाज शुरू होने से लेकर उसके संपन्न होने तक लगभग एक हजार पुलिसकर्मी और दो कंपनी पीएसी के जवान मौके पर तैनात रहेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ईदगाह की ओर आने वाले मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है। संभली गेट, भूड़े का चौराहा, बुध बाजार, हनुमान मूर्ति तिराहा और डबल फाटक से आने वाले रास्तों पर केवल पैदल आवागमन की अनुमति रहेगी। प्रमुख चौराहों और यातायात रोकने वाले प्वाइंट्स पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा ईदगाह मैदान के चारों ओर जिला स्तरीय अधिकारियों की पैनी नजर रहेगी। छह सेक्टर मजिस्ट्रेट और 11 जोनल मजिस्ट्रेट भी क्षेत्र में तैनात रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर ईदगाह मैदान की ओर आने वाले सभी रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरों के जरिए भी कड़ी नजर रखी जा रही है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे।

# दुरुस्त रहे सफाई, जलनिकासी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार की भोर से हो रही बारिश के बीच सुबह नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ लालबाग स्थित काली माता मंदिर व अन्य मंदिरों के अलावा ईदगाह में ईद की नमाज के लिए व्यवस्था देखी। जल निकासी व नालों की राउंड द क्लॉक सफाई करने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने नवरात्रि के दूसरे दिन हो रही बारिश के दौरान लोगों को असुविधा न हो इसके लिए लालबाग स्थित काली मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई सुपरवाइजर को जलभराव न होने देने और नालियों की सफाई कराने के साथ ही सड़क पर कूड़ा करकट न पड़ा होना सुनिश्चित करने का निर्देश



लालबाग स्थित काली मंदिर परिसर का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

**● बारिश के बीच मंदिरों व ईदगाह का निरीक्षण कर नगर आयुक्त ने दिए निर्देश**

दिया। कहा कि कूड़ा निकालने के बाद उसे निगम की गाड़ियों में भरकर तुरंत हटाएं। जिससे बारिश के पानी में वह सड़क पर न बहे। इसी क्रम में उन्होंने ईदगाह, जामा मस्जिद आदि का भी भ्रमण किया। ईदगाह में शनिवार को ईद की नमाज के लिए ग्राउंड में कई जगह थोड़ा पानी भरा था जिस पर बालू आदि डालकर उसे सही करने व पानी को निकालने के लिए कहा। उन्होंने सफाई और जलनिकासी में कोई लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बड़े बकाएदारों पर निगम की कार्रवाई, प्रतिष्ठान सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम के गृहकर-जलकर विभाग द्वारा टैक्स के बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंची। टैक्स जमा न करने पर उनके प्रतिष्ठान सील कर दिए। टीम में कई अन्य जगहों पर संपर्क कर बकाएदारों से एक करोड़ 47 लाख, 50 हजार 143 रुपये की धनराशि वसूली।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने बकाया वसूली का अभियान चलाया। मोहम्मद अजीम पर 8,52,30 रुपये का टैक्स बकाया था जिसके चलते प्रतिष्ठान सील किया गया। मोहम्मद मुसाउद्दीन पर 3,62,913 रुपये का टैक्स बकाया था और नाजिम पर 1,68,543.44 रुपये का टैक्स बकाया था। जिसे जमा न करने



टैक्स बकाएदार का प्रतिष्ठान सील करते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

पर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। मोहम्मद शकील पर 1,48,059 रुपये की बकाएदारी और मुख्तयार पर 4,36,888 रुपये की बकाएदारी थी। जिसमें मुख्तयार की ओर से 50,000 रुपये मौके पर जमा भी किए गए, फिर भी दोनों के प्रतिष्ठान सील हुए। बन्ने खान पर 1,09,197 रुपये, दौलतबाग में सानिया मुस्तफा पर 88,003.73 रुपये और कलीम इलाही पर 4,21,690.72 रुपये की बकाएदारी पर प्रतिष्ठान सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही काशिफ निवासी

**● एक करोड़ 47 लाख, 50 हजार 143 रुपये टैक्स की वसूली की गई**

असालतपुरा पर 82,022.75 रुपये और मालवीय नगर के विनय वत्रा पर 2,24,160.08 और बालदेई पर 1,48,328.49 रुपये और असालतपुरा के अकील अहमद पर 37,86,479.90 रुपये की टैक्स की बकाएदारी होने पर प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। इसके अलावा पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली, कांठ और रामपुर रोड पर 16 भवनों की सीलिंग की कार्रवाई टीमों ने की। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। टीमों ने सिंलिग और व्यक्तिगत सम्पर्क के दौरान 1,47,50,143 रुपये की धनराशि वसूल भी की।

# स्वयं सहायता समूहों की प्रगति की समीक्षा, लंबित मानदेय पर सख्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक हुई। इसमें स्वयं सहायता समूहों की प्रगति और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

सीडीओ ने स्वयं सहायता समूहों के सभी कैडर के मानदेय भुगतान से संबंधित पत्रावलियां अनिवार्य रूप से आगामी सोमवार तक जिला मिशन प्रबंधक कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि यदि किसी भी कैडर का मानदेय लंबित पाया जाता है, तो संबंधित खंड विकास अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। हाउसहोल्ड सेचुरेशन की प्रगति को असंतोषजनक बताते हुए निर्देश दिया कि एक सप्ताह में प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक हजार पात्र राशन कार्ड धारकों की पहचान कर, उन्हें



विकास भवन में समीक्षा करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। ● अमृत विचार

**● हाउसहोल्ड सैचुरेशन की प्रगति असंतोषजनक मिलने पर सीडीओ ने जताई नाराजगी**

स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए।

बताया गया कि जिले में 121 स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते एनपीए श्रेणी में पहुंच गए हैं। इस पर सीडीओ ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी समूहों का शीघ्र सत्यापन कर उनकी रुकी हुई किस्तों का भुगतान दोबारा शुरू कराया जाए। इसके अलावा सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूहों के 14,600 सदस्यों की फैमिली आईडी बनाने के लक्ष्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराएं। साथ ही ग्राम स्तर पर पात्र परिवारों का चिन्हांकन कर, जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड तत्काल बनवाए। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला मिशन प्रबंधक, उपायुक्त (स्वरोजगार), सभी विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) तथा ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

# रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे श्रीकृष्ण-बलराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन द्वारा भगवान श्रीकृष्ण- बलराम की शोभायात्रा भव्य तरीके से 22 मार्च को निकाली जाएगी। जिसमें श्रीकृष्ण-बलराम रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

इसकी जानकारी शुक्रवार को इस्कॉन केंद्र आशियाना पर पत्रकारों को पदाधिकारियों ने जानकारी दी। बताया कि शोभायात्रा में चार अलग-अलग रॉक बैंड, आठ सुंदर झांकियां ऊंट घोड़े आदि रहेंगे। इसमें दिल्ली, गाजियाबाद, पिलखुआ, हापुड़, काशीपुर, रामनगर, बरेली, अफजलगढ़, बिजनौर रामपुर, संभल आदि के अलावा विदेशी भक्तों की टीम भी शामिल रहेगी। रॉक बैंड के साथ शोभा यात्रा की शुरुआत 22 मार्च रविवार को दोपहर 11:00 बजे गवर्नमेंट इंटर कॉलेज थाना मुगलपुरा से होगी और भ्रमण के बाद आरएसडी डिग्री कॉलेज पर समाप्त होगी। दोनों जगह स्वादिष्ट भोजन प्रसाद की व्यवस्था होगी। पत्रकार वार्ता में केंद्र प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास, यूथ प्रभारी अरुण उदय दास, कृष्ण दास, मोहन श्याम प्रभु, सचिनंदन दास, महामुनि दास, राधिका माधव दास, साक्षी गौरंग दास, राधा कांत गिरधारी दास (मीडिया प्रभारी), अचिंत्य कृष्ण दास आदि शामिल रहे।



रथ यात्रा के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### महिला परिचालक भर्ती मेला 1 अप्रैल को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक अप्रैल को महिला संविदा परिचालक भर्ती मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से सीधे आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

शुक्रवार को क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को बस परिचालक (कंडक्टर) के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए महिला अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से सीसीसी कंप्यूटर प्रमाण पत्र होना भी जरूरी होगा।

चयन प्रक्रिया इंटरमीडिएट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनाकर की जाएगी। रोजगार मेले का आयोजन एक अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय, लाजपत नगर (कटघर बस स्टैंड के पीछे) में किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# जुलाई 2024 से अब तक नहीं हो पाई 3,14,000 लोगों की फार्मर रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जुलाई 2024 से अब तक कृषि विभाग जिले के तीन लाख 14 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाया। जिसे देखते हुए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व डीएम अनुज सिंह ने प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर विकास खंडों के लिए रवाना किया।

अभी तक कृषि विभाग मात्र एक लाख हजार 80 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करा पाया है। जिसमें से 66 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में जमीन के विवाद और किसानों के नाम खसरा खतौनी में दर्ज न होने से अड़चन आ गई है। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पिछड़ने के बाद जिलाधिकारी ने सभी ऐसे किसानों की जमीन से जुड़े दस्तावेज मंगवाए है। इसके अलावा किसानों

**● जिला मुख्यालय से विकास खंडों में भेजे गए योजना में प्रचार-प्रसार के लिए वाहन**

को जागरूक करने के लिए जिले के चार विकास खंडों में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एक वाहन दो ब्लॉक में प्रसार प्रचार करेंगे। ग्राम पंचायतों में लगने वाले शिविर में फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए किसानों को जागरूक कर प्रेरित करेंगे। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के फायदे और न कराने के नुकसान की जानकारी देंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संगीता गौतम, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हर्षित चौहान सहित कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

न्यूज ब्रीफ

### दिन भर हुई बूंदाबांदी निकाले गर्म कपड़े

**बिलारी, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह से शुरू हुई तेज बूंदाबांदी ने दोबारा जनवरी के महीने का एहसास कर दिया लोगों ने होली के बाद गर्म कपड़े पैक करके रख दिए जिन्हें बरसात में दोबारा निकलवा दिया। सुबह से ही तेज बूंदाबांदी शुरू हो गई जिसके चलते लोग घरों में दुबके के रहे। लोगों को दोबारा गर्म कपड़े निकलवाने पड़े।

### पुरानी पेंशन योजना के विकल्प पर खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना में विकल्प के चयन की अनुमति दी गई है। इस पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने प्रसन्नता जताई है। उन्होंने बताया कि महासंघ की यह वर्षों पुरानी मांग है। जिस पर शिक्षक हित में विचार करते हुए सरकार ने अनुमति दी है। इससे सभी आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को अब पुरानी पेंशन योजना का लाभ होने का रास्ता साफ हो गया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय का हम स्वागत करते हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

## मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस, अधिकारी शहर में करते रहे गश्त, प्रत्येक गतिविधि पर रही प्रशासन की नजर



नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने ईद उल फितर पर सामूहिक नमाज को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलविदा जुमे की नमाज क्षेत्र में सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। नगर की माहीग्रान मस्जिद, लाल मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, छप्पर वाली मस्जिद, छजलैट, सराय खजूर, रसूलपुर चौराहा, गढ़ी, ऊमरी कलां, सलेमपुर व छजलैट क्षेत्र के ग्रामों में मस्जिदों पर नमाज पढ़ी गई। वहीं, अलविदा जुमा और ईद को लेकर बाजारों में अपेक्षित रौनक नहीं दिखी।

**चांद का दीदार होने पर जताई खुशी :** चांद का दीदार होते ही मुस्लिम समाज में ईद-उल-फितर की खुशियां मनाई जा रही हैं। लोग एक दूसरे मुबारकबाद दे रहे हैं। ईद की पूर्व संध्या पर क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा की गई और दुआ के लिए हजारों हाथ उठे। शुक्रवार शाम चांद दिखाई देने के बाद से मुस्लिम समाज के घरों में ईद की तैयारी शुरू हो गई। बारिश के चलते देर शाम तक बाजारों में रौनक रही। लोगों ने मुख्यतः महिलाओं ने मीना बाजार से श्रृंगार सामग्री तथा शनिवार को ईद के त्यौहार के लिए शुक्रवार शाम फल, दूध, मावा, पनीर, मिठाइयां, आदि जरूरी सामान की खरीदारी की। फैनी व खजले की जमकर बिक्री हुई। ऊमरी कलां में अध्यक्ष उस्मान अली, सैय्यद मुअज्जम अली, मास्टर शमीम अहमद कुरैशी, नगर कांठ में डा. सिराजुद्दीन अंसारी, डॉ मौहम्मद यूसुफ सिद्दीकि, शरीफ अहमद आजाद, फिरोज अनवर, शाकिर सैफी, नईम सैफी, सहसपुर में कर्मठ समाज सेवी वकील अहमद आदि नमाजी मौजूद रहे।

**कांठ में ईदगाह नमाज के लिए तैयार :** शनिवार को ईद-उल-फितर के त्यौहार पर ईदगाह कांठ में शहर इमाम शोएब सुबह 8:00 बजे ईद की नमाज अदा कराएंगे। इसके अलावा ईदगाह गढ़ी सलेमपुर, अकबरपुर चैदरी, महदूद कलमी, रसूलपुर चौहरा, कस्बा उमरी कलां, सराय खजूर, बीबीपुर, खुशहालपुर, और पचोकरा की ईदगाह में भी नमाज अदा होगी। इससे पहले शुक्रवार को सभी ईदगाहों और मस्जिदों की साफ सफाई कराकर उन्हें नमाज के लिए तैयार किया गया। एसडीएम संत दास पवार, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उप निरीक्षक संजीव कुमार ने पुलिस बल के साथ ईदगाहों पर दौरा कर साफ सफाई और व्यवस्थाओं को देखा।

### ईद की नमाज से पहले अदा करें फितरा ,जकात

**चौधरपुर अमृत विचार :** कस्बे की सभी मस्जिदों में इमामों ने नमाज से पहले खुतबा पढ़कर माहे रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा किया। जामा मस्जिद के पेश इमाम कारी हाफिज राहिल ने नमाजियों को ख़िताब फरमाते हुए कहा कि रमजान उल मुबारक का महीना पाक और बबरकत वाला महीना है। इस माह में अल्लाह इबादत और खर्च के बदले 70 का शव आता फरमाता है उन्होंने कहा कि सदका ,जकात , फिरता साहिबे निशाब पर फर्ज है। नमाज के बाद मस्जिदों में आपसी भाईचारे और देश दुनिया में अमन चेन के लिए दुआ कराई गई।

### इस बार दो बार पढ़ी गई अलविदा की नमाज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार को रमजान उल मुबारक के आखिरी जुम्मा अलविदा की नमाज जोशो खरोश के साथ अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में जगह कम पड़ने के चलते मस्जिद की छतों व अपने घरों में भी नमाज अदा की। जुमा अलविदा को लेकर नौजवानों से लेकर बुजुर्ग बच्चों तक में खासा उत्साह देखने को मिला। मस्जिदों में जुमा की नमाज पढ़ने को नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। नमाज के लिए रोजेदारों ने शुक्रवार की सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। मस्जिदों को सजाया भी गया था साफ सफाई और धुलाई भी की गई थी। ऐसा माना जाता है कि रमजान के आखिरी जुमे की नमाज को अदा करने से दुआएं कबूल होती हैं। खुदा रोजेदारों पर रहमतों की बारिश करता है, लोगों में प्यार और भाईचारा बढ़ता है। इस बार 29 रमजान को चांद न दिखने से शुक्रवार को दोबारा जुम्मा अलविदा अदा किया गया। इस बार तीस रमजान पूरे होने पर ही मनाई जायेगी ईदुल फितर।

### अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



नमाज के दौरान तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान थाना प्रभारी किरनपाल सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज के बाद लोगों ने मुल्क की खुशहाली, तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। इसके लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। हर एक गांव तक की सभी मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# आंधी और बारिश ने ठप कर दी बिजली आपूर्ति

संवाददाता, कांठ

● फॉल्ट के चलते 10 घंटे तक नहीं मिली सप्लाई

**अमृत विचार:** शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे अगवानपुर से कांठ आ रही बड़ी लाइन (33 केवी) में बारिश के चलते अचानक फाल्ट होने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लगभग 10 घंटे तक ठप्प रही। बिजली कर्मचारियों की मशक्कत के बाद फाल्ट ठीक होने पर शाम को आपूर्ति सुचारू की जा सकी। इस दौरान उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नगर क्षेत्र को बिजली उप केंद्र से आपूर्ति की जाती है। इसके लिए दो फीडर संचालित है। इसमें एक फीडर तहसील और दूसरा फीडर टाउन के नाम से है। शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे बारिश एवं तेज हवा चलने से अगवानपुर से कांठ को आने वाली बड़ी लाइन में फाल्ट हो गया। इससे कांठ क्षेत्र की बिजली आपूर्ति लगभग 10 घंटे तक ठप रही। जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली कर्मचारियों की बड़ी मशक्कत के बाद फाल्ट को ठीक किया गया। शाम लगभग 4:00 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। एसडीओ सचिन रस्तोगी ने बताया कि सुबह तेज बारिश एवं हवा चलने से अचानक बड़ी लाइन पर अगवानपुर में विशालकाय पेड़ गिर जाने के कारण फाल्ट हो गया था। फाल्ट को तलाश करने में काफी समय लग गया। जिसके चलते बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से मिलेगी सुविधा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक हुई। इसमें परिवहन विभाग के अधिकारी, बस ऑपरेटरों के यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

शुक्रवार को आरटीओ राजेश सिंह ने बैठक में योजना के उद्देश्य और स्वरूप पर पर चर्चा की। बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इस योजना के तहत प्रत्येक गांव तक परिवहन सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कहा कि इस योजना से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, वहीं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों और परिवहन संचालकों के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

# जुमातुल विदा की नमाज़ को मस्जिदों में रही भीड़



निरीक्षण करते एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एसडीएम विनय सिंह।



निरीक्षण करते नगर पालिका अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**बिलारी, अमृत विचार :** माहे रमज़ान का आखिरी जुमा इस्लाम में बेहद मुकद्दस माना जाता है। इसी वजह से अकीदतमंद दूर-दूर से मस्जिदों में पहुंचकर इबादत करते हैं। अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगते हैं। नमाज़ के बाद लोगों ने मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे की कामना करते हुए विशेष दुआ की।

जुमातुल विदा के अवसर पर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। मस्जिदों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, एडीएम प्रशासन , एसडीम विनय सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, पुलिस बल के साथ पूरे दन सक्रिय रहे। उन्होंने ईदगाहों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शनिवार को ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर शुक्रवार को बाजार में काफी भीड़ नजर आई।

### ईद से पहले ईदगाहों का किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ईद की नमाज को लेकर नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। संभावित बारिश के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि बारिश होती है तो ईदगाह परिसर में पानी जमा न हो, इसके लिए समुचित इंतजाम पहले से सुनिश्चित किए जाएं। इरफान सैफी ने बताया कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और खुशी का प्रतीक है, ऐसे में नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# टॉस्क फोर्स की बैठक में एसडीएम ने दिए निर्देश



संचारी रोग अभियान की बैठक लेते एसडीएम विनय सिंह। अमृत विचार

**बिलारी, अमृत विचार ।** तहसील में एसडीएम कार्यालय में तहसील टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें संचारी रोग अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और अपनी जिम्मेदारी निभाने को निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को बैठक के दौरान बोलते हुए कहा कि नालियों की साफ सफाई की जाए, झाड़ियां की कटाई की जाए, जल भराव की समस्या को दूर किया जाए। कुपोषित बच्चों में खांसी, बुखार, लेप्रोसी आदि प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए उनकी जांच की जाए। घरों में मच्छरों को ना पनपने न दिया जाए। इसके अलावा कूलर, फ्रिज की ट्रे, पुराने टायरों में जमा पानी आदि साफ़ रखा जाए ताकि मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके। इस मौके पर बाल विकास विभाग, नगर पंचायत कुंदरकी, नगर पालिका विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर राजपाल सिंह, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, विकेश कुमार,शालू कुमार, अमित कुमार के अलावा यूनिसेफ व डब्लयूएचओ के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### अभियान को सफल बनाने के लिए एसडीएम ने ली बैठक

**कांठ, अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील सभागार में एसडीएम अध्यक्षता में संबंधित विभागों की बैठक हुई जिसमें अभियान की सफलता के निर्देश दिए गए। एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा और 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। इसमें सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान की सफलता के लिए आशा वर्कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समस्त सुपरवाइजर, नोडल अधिकारी आदि को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीपीओ अनीता देवी, बीएमसी रेखा पटेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जबर सिंह, प्रमोद कुमार नगर पंचायत ऊमरी कलां से सुरेंद्र सिंह सभी विभागों के अधिकारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा




बारिश के दौरान छत लगाकर लाइन में खड़े गैस उपभोक्ता। ● अमृत विचार

● बारिश के बीच घंटों करते गैस का इंतजार, नहीं मिली

**अमृत विचार :** नवरात्र और ईद जैसे बड़े त्योहारों के बीच जहां घरों में पकवान बनने चाहिए थे, वहां चूल्हे ठंडे पड़े हैं। उपभोक्ता गैस के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हालात इतने खराब हैं कि बारिश में भीगते हुए लोग घंटों लाइन में खड़े हैं, लेकिन सिस्टम बड़े आराम से बता रहा है कि सिलेंडर डिलीवर हो चुका है।

ठाकुरद्वारा स्थित भावना भारत गैस एजेंसी पर शुक्रवार को सुबह से ही अफरातफरी का माहौल रहा। बारिश के बीच लंबी कतारों में खड़े उपभोक्ता अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। लोगों का कहना है कि कई दिनों से चक्कर लगाने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए बताया कि मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज जरूर आ जाता है, लेकिन असलियत में सिलेंडर का कोई अता-पता नहीं। शिकायत करने पर संबंधित विभाग के अधिकारी भी लीपा पोती करने से बात नहीं आ रहे हैं । हाल ही में धांधली के आरोपों के चलते जिला आपूर्ति विभाग ने एजेंसी के गोदाम को सील किया था। कार्रवाई के बाद उम्मीद थी कि व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन हालात और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। जनता लाइन में खड़ी है और सिस्टम कागजों में सब कुछ 'ठीक' दिखा रहा है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल भी इस समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी से मिल चुका है लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला। नगर निवासी अफसर अली, फैजान अहमद, सूरजसिंह , मलकीत सिंह का कहना है कि इस तरह की अव्यवस्था बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बारिश के बीच उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

● जगह जगह हुआ स्वागत, माता के जयकारों से गूंज उठा कस्बा

संवाददाता, कांठ



कलश यात्रा निकालती महिलाएं ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि पर महिलाओं ने बड़ी आस्था श्रद्धा और भक्ति के साथ भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने माता के जयकारा लगाते हुए पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कलश शोभायात्रा निकाली।

चैत्र नवरात्रि पर ब्रह्मचारिणी माता की पूजा अर्चना के उपरांत प्रतिवर्ष निकलने वाली कलश शोभायात्रा का शुभारंभ सचिन चौहान उर्फ बंटी चेयरमैन सहकारी समिति कांठ ने श्रद्धालुओं की मौजूदगी में फीता काटकर किया। रामलीला स्थित माता काली के मंदिर परिसर से किया गया। कलश शोभायात्रा से पूर्व विधि विधान मंत्र उपचार के साथ महाकाली, दुर्गा माता, महालक्ष्मी, माँ सरस्वती का पूजन किया। कलश शोभायात्रा में वर्षा के बावजूद सैकड़ों महिलाएं शामिल रहीं। शोभायात्रा में रथ पर सवार मां दुर्गा के रूप में बालिका की मनोहर झांकी के साथ डीजे पर मां भगवती के भजनों से भक्ति भावना की लहर और आकर्षित कर रही थी। मां दुर्गा की कलश शोभायात्रा का श्रद्धालुओं में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजक ब्रजवाला देवी, भाजपा नेत्री मधु चौहान, जितेंद्र कुमार, पंकज भदौरिया, गणेश कुमार, डॉ देवराज सिंह, अरविंद कुमार, सीटू चौहान, नरेंद्र चौहान, नवनीत, बाला देवी, जसवंती देवी, अंजू देवी, कविता रानी आदि श्रद्धालुओं के अलावा थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उप निरीक्षक संजीव कुमार सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे।

# विश्व शांति के लिए आध्यात्मिक शक्ति पर दिया गया जोर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● श्री राम गायत्री ज्ञान मंदिर में जुटे विद्वान

● पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों का लिया संकल्प

**अमृत विचार :** नगर स्थित श्री राम गायत्री ज्ञान मंदिर में शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बीच विश्व शांति में भारत की अहम भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे।गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में अशांति, संघर्ष और युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं, जिनका प्रभाव न केवल मानव जीवन बल्कि पर्यावरण पर भी पड़ रहा है। ऐसे समय में भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा, वैदिक ज्ञान और आध्यात्मिक साधना ही पूरी दुनिया को शांति, संतुलन और सौहार्द का मार्ग दिखा सकती है। सभी से वृक्षारोपण और प्रकृति संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन गौ सेवा, वृक्षारोपण, यज्ञ और सत्साहित्य वितरण जैसे सेवा कार्यों को नियमित रूप से करने का संकल्प भी लिया।

### थ्रीडी शो व झांकियों ने श्रद्धालुओं को किया आकर्षित

**कांठ, अमृत विचार :** रामलीला मन्दिर कांठ में आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन मेले का दूसरा दिन शुक्रवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शाम 4 बजे से 6 बजे तक ज्ञानयुक्त थ्रीडी शो का आयोजन किया गया। नवदुर्गा झांकी एवं ज्ञान योग प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मेले में 30 फीट ऊंचा शिवलिंग एवं 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राजयोगी बीके शरद भाई, तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, प्रदीप कुमार, सचिव दीपक बिश्नोई, अभिषेक बिश्नोई, सचिन बिश्नोई, दीप सिंह, शहजाद रफी, सुगम पवार, प्रभा दीदी, बीके रीना, बीके सोना, बीके कीर्ति, बीके सर्वेश, बीके आकांक्षा, दीपमाला बिश्नोई, ममता बिश्नोई, शशि, जगराज, विनीत आदि शामिल रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग एवं 30 फिट का शिवलिंग। ● अमृत विचार


# अल्लाह की रजा से माहे रमजान में सभी ने की इबादत

## जामा मस्जिद में शहरकाजी ने अदा कराई नमाज, जिले भर की मस्जिदों में हुई अलविदा जुमे की नमाज


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले भर में अलविदा जुमे की नमाज हुई मस्जिदें नमाजियों से भर गईं। शहर की जामा मस्जिद में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां ने नमाज पढ़ाई। नमाज से पहले शहरकाजी ने तकरीर में कहा कि अल्लाह की रजा से सभी ने माहे रमजान में इबादत की।

जामा मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे अलविदा जुमा की नमाज काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने अदा कराई। इससे पहले काजी ए शहर ने कहा कि जब रोजा इफ्तार करते हो तो उस वक्त अल्लाह रब्बुल इज्जत से अर्ज करते हो ऐ अल्लाह मैंने तेरी रजा हासिल करने के लिए रोजा रखा। मैंने तेरे कमालात की तजदीक की और तेरी ही जात पर मैंने भरोसा करता हूं। तूने जो रिज्क अता फरमाया मैंने उससे रोजा इफ्तार किया। कहा कि अल्लाह कुरान में कहता है मुझसे मांगों। कहा कि अपने लिए भी और तमाम मुसलमानों और आलमे इस्लाम के लिए अल्लाह के दरबार में दुआ मांगों। जामा मस्जिद के अलावा शहर की मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, पटरों वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, राजद्वारा मस्जिद, मस्जिद नवाब गेट, एक मीनार वाली मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मीना बाजार, रेलवे स्टेशन, ज्वालानगर, सिविल लाइंस, शीशम वाली मस्जिद, अजीतपुर आदि मस्जिदें अलविदा जुमे को नमाजियों से भर गईं। नमाज के बाद मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई।



नमाज से पहले खुतबा देते काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां।



नमाज के बाद मुल्को-कौम की तरक्की के लिए दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार

### ईद की नमाज से पहले फितरा जरूर अदा करें: मौलाना नकवी

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने नमाज से पहले हुए खुतबे में गरीबों मिस्कीनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करने को कहा। कहा कि ईद की नमाज से पहले फितरा गरीब मुस्तहिक तक जरूर पहुंचा दें ताकि, वह भी अपने बच्चों के साथ ईद की खुशियों में शरीक हो सके। कहा कि सैयद का फितरा सैयद नहीं ले सकता। सैयद का फितरा गैरे सैयद ले सकता है। कहा कि अपने माल की जकात अदा करें अल्लाह माल में बरकत पैदा करेगा।

### 29 रमजान को चांद नजर नहीं आने से हुए दो अलविदा जुमे

29 रमजान को ईद का चांद नजर नहीं आने से रमजानुल मुबारक में दो अलविदा जुमे हुए। एक अलविदा जुमा 13 मार्च को हुआ था लेकिन, गुरुवार को चांद नजर नहीं आने के कारण 20 मार्च को दूसरा अलविदा जुमा हुआ। लोगों ने मस्जिदों में पहुंचकर अलविदा जुमे की नमाज अदा की।

### ईद आज, चांद रात से मुबारकबाद का सिलसिला शुरू

शुक्रवार की शाम बारिश और बादलों के बीच चांद के दीदार तो नहीं हुए, लेकिन उलमाओं ने इस्लामिक इदारों की तस्दीक के बाद चांद दिखने का ऐलान कर दिया। जिसके बाद मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हो गया। चांद नजर आते ही सायरन घनघनाने लगे। इसके बाद मोबाइल पर मैसेज भेजकर खुशियां बांटते रहे। शहर की जामा मस्जिद से चांद देखकर काजी-शहर सैयद खुशनूद मियां ने सोमवार को ईद मनाए जाने का ऐलान किया। शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 7:30 बजे जबकि शहर की जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8 बजे होगी। गुइया तालाब स्थित शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने बताया कि ईद की नमाज सुबह 9 बजे होगी। शुक्रवार की शाम आसमान में ईद का चांद नजर आते ही लोग चहक उठे। गले लगकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देना शुरू हो गई। शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में नमाजियों के लिए चूने से सफें बनाई गईं। भाजपा के नगर पूर्व प्रत्याशी भारत भूषण गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ जामा मस्जिद पहुंचे। भाईचारे की मिसाल को कायम रखने के उद्देश्य से गले मिलकर और पुष्प वर्षा कर ईद की अग्रिम मुबारकबाद दी। स्वागत करने वालों में राकेश फुलेरिया, गौरव अग्रवाल, मंगल यादव, जसवीर सिंह, डिंपल, रणजीत सिंह, शंकर सिंह, कन्हैया, देवल आदि शामिल रहे।

> ईद का चांद बिल्कुल साफ दिखाई दिया है। अल्लाह ईद मुबारक करे और अमनो-अमान के साथ ईद कराए, सबको ईद की खुशियां नसीब करे। लोग अपने मोहल्लों की मस्जिदों में नमाज पढ़ें। ईदगाह में जितने लोग आएंगे बस उतने ही आएं। सड़कों पर नमाज नहीं होगी।
> **- सैयद खुशनूद मियां**, काजी-ए-शहर



जामा मस्जिद पर लोगों से गले मिलते भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता। ● अमृत विचार

## ईद पर करोड़ों का कारोबार



ईद पर बाजार सफदरगंज में खरीदारों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **देर रात तक लोग खरीदते रहे जरूरत का सामान**

**अमृत विचार :** चांद रात की शाम बाजारों की छटा देखते ही बनी बाजारों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। भारी भीड़ के चलते दुकानदार भी खासे खुश नजर आए। जाम कंट्रोल करने के लिए पुलिस प्रशासन ने किला पश्चिमी गेट, सर्राफा बाजार, मिस्टन गंज, बाजार नसरुल्लाह खां में बैरिकेडिंग लगा ट्रैफिक डायवर्ट किया इसके बावजूद जाम लगता रहा।

सफदरगंज में रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर खासी भीड़ रही। अबुल कलाम आजाद मार्केट, किला पश्चिमी गेट पर जूते-चप्पलों की खूब बिक्री हुई। जिला प्रशासन की ओर से लगातार सावधानी बरतने की हिदायत लोगों को दी जाती रही। मुस्लिम महिलाओं ने चूड़ी, मेहंदी, श्रंगार सामग्री की खरीदारी की। साथ ही साड़ी की दुकानों और छोटे बच्चों के रेडिमेड की दुकानों पर रौनक रही। बच्चों को कपड़े दिलाने आए मो. अहमद ने कहा कि चांद रात आ गई और इस भीड़ में बाजार आना पड़ा। लोगों ने सिवंईं, मावा और ड्राई फ्रूट्स खरीदे। अनुमान मुताबिक ईद पर करीब 30 करोड़ का कारोबार हुआ है।

## नमाजियों से खचाखच भरी रही मस्जिदें

**स्वार, अमृत विचार :** स्वार बाजपुर मार्ग स्थित अड्डे वाली मस्जिद मे इमाम मौलाना जिशान रजा, जामा मस्जिद मे इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी, मस्जिद डेरे वाली मस्जिद में इमाम कारी शब्बन खां, मस्जिद फेजाने मौला अली मे इमाम इमरान रजा अत्तारी ने रमजान के अलविदा जुमे की नमाज अदा कराई।नमाज के बाद मुल्क ओर कौम की तरक्की को दुआ कराई गई।

नगर पंचायत नरपत नगर समेत क्षेत्र के गांव मीरापुर, रायपुर, रजानगर, जालफनगला आदि मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा की। इस दौरान सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह समेत पुलिस बल के साथ लगातार मोबाइल गश्त करते रहे। उधर नमाज के बाद लोगों ने बाजार की ओर रुख किया। त्योहारी जरूरत के सामान की खरीदारी की।

## रोजेदारों ने मांगी मुल्क में खुशहाली की दुआ

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नगर में इबादत के पवित्र महीने रमजान के आखिरी जुमे को हजारों लोगों ने अलविदा की नमाज अदा की। रोजेदारों ने देश व दुनिया में खुशहाली की दुआ मांगी।

इस दौरान मस्जिद खचाखच भर गई। हजारों लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। जामा मस्जिद में कारी नजफ अली ने, नसीराबाद की मस्जिद में हाफिज अब्दुल वहीद में नमाज अदा कराई और मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ करें इसके अलावा नगर के रौरा कलां, खाता नगरिया और ग्रामीण क्षेत्र के भैसोड़ी शरीफ, धर्मपूरा, क्योंरार, निस्वी, वेहटा, सिर्रा, एज़नखेड़ा, कल्यान पुर, जालिफ नगला, लोहा, दुगनपुर मेहंदीपुर क्रमचा आदि में भी अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हुई। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात रहा। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह भी शांति व्यवस्था के लिए दौरा करते रहे।



बिलासपुर की अमलताश वाली मस्जिद में नमाज में मौजूद रोजेदार। ● अमृत विचार

### अकीदत व शांति से अदा की गई नमाज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को नगर की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद के इमाम कारी अफरोज आलम ने खुतबा पेश करते हुए कहा कि रमजान का महीना गुनाहों से तौबा करने का सबसे अफजल समय है। सीओ हर्षिता सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, खजुरिया थानाध्यक्ष पंकज पंत, कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार, ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार, उपनिरीक्षक केशू शर्मा समेत भारी पुलिस बल और खुफिया तंत्र तैनात रहा।

### अलविदा जुमे को उमड़ी भारी भीड़

**मसवासी, अमृत विचार :** मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही ने बताया कि इस रमजान उल मुकद्दस महीने में 5 जुमा अता फरमाए, इसके लिए खुदा का शुक्र करना चाहिए। जिसमें दो जुमा अलविदा पढ़े गए। मौलाना मोहम्मद कमर अंसारी ने कहा कि रमजान के खास महीने में खुदा की खास रहमत बरसती है। कारी यूसुफ कमाल ने कहा कि हर जुमा अपने आप में बहुत अहम होता है, लेकिन पांच जुमों का होना अल्लाह की खास नेमत माना जाता है। मसवासी कस्बे की सभी मस्जिदों और ईदगाहों शनिवार को ईद उल फितर की नमाज के लिए खास तैयारियां की गई हैं। यहां लोग बड़ी संख्या में नमाज अदा करने पहुंचेंगे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, नमाज के दौरान तैनात रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अलविदा जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा रही। शहर के मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग लगाई गई। थाना प्रभारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल व जामा मस्जिद के आसपास महिला पुलिस बल को तैनात किया गया।

नवाब गेट से निकलकर एसबीआई तिराहे पर बैरियर लगाकर ट्रैफिक को जिला अस्पताल की ओर डायवर्ट कर दिया गया। मिस्टन गंज चौराहे पर बैरियर लगाकर चूने वाले फाटक की ओर जाने वाले ट्रैफिक को रोक दिया गया था। किला पश्चिमी गेट पर बैरिकेडिंग लगाकर ट्रैफिक को मछली बाजार की ओर से पास कराया गया। जच्चा-बच्चा तिराहे पर बैरियर लगाकर जामा मस्जिद की ओर जाने वाले ट्रैफिक को रोक दिया गया। बर्तन बाजार वाले रास्ते पर, पान दरीबा, जामा मस्जिद तिराहा, शाहगाद गेट, बंगला आजाद खां और बाजार नसरुल्लाह खां में बेरियर लगाकर बाजार में जाने वाले ई रिक्शा और चौपहिया वाहनों को रोक दिया गया। शहर की जामा मस्जिद समेत बेरिकेडिंग पर पुलिस बल तैनात रहा।



पान दरीबा के निकट की गई बैरिकेडिंग और तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### ईद पर 6 जोन और 16 सेक्टर में बांटा जिला

**रामपुर, अमृत विचार :** ईद उल फितर पर प्रशासन ने जिले को 6 जोन और 16 सेक्टर में बांटा है। इसके अलावा जिले में 19 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही व्हाट्सएप और टोल फ्री नंबर भी प्रशासन ने लोगों की सुविधा के लिए जारी किया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अधिकारियों से क्षेत्र में भ्रमण करते रहने को कहा है। कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर 9068309528, 0595 2350404 हैं।

## 9 वाहनों पर 1.25 लाख का जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की व्यापक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कई वाहनों में निर्धारित मानकों के विपरीत नंबर प्लेट का उपयोग किया जाना तथा टैक्स बकाया मिला। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए 9 वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। इन वाहनों पर कुल 1,25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही वाहन स्वामियों को भविष्य में यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने एवं समय से समस्त देय करों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने पर निरंतर अभियान जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में छात्र धीरज का चयन



**रामपुर, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर के कक्षा-5 के छात्र धीरज ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 उत्तीर्ण कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। धीरज की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। छात्र धीरज को नवोदय विद्यालय, किरा में कक्षा 6 में प्रवेश मिलेगा। इस सफलता पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुसुमरानी ने छात्र को मिठाई खिलाकर बधाई दी। छात्र की सफलता पर उसकी माता रुमा सागर एवं पिता रवि सागर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार का आभार जताया।

### तंबाकू के 9 कारोबारियों से वसूला जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण अभियान के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने कोटपा अधिनियम के अनुपालन के लिए महा अभियान चलाया गया। 9 तंबाकू विक्रेताओं को कोटपा अधिनियम के तहत जुर्माना वसूला गया। छापामारी से तंबाकू विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत थाना एएचटीयू की टीम के साथ तंबाकू विक्रेताओं सिविल लाइंस थाना क्षेत्र पर चेक किया गया। ऐसे विक्रेता जो कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए या किसी प्रकार का प्रचार प्रसार करते पाए गए तथा ऐसी दुकान जो विद्यालयों के 100 गज के दायरे में थी चेक किया गया। इस अभियान में उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी तथा हेड कांस्टेबल नसीम अहमद आदि पुलिस बल मौजूद रहे।

### मंदिर में मांस फेंकने का आरोपी तांत्रिक गिरफ्तार


**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने देवी स्थल पर मांस फेंकने वाले तांत्रिक को गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग की आशंका में चालान किया। गुरुवार सुबह खजुरिया स्थित एक धार्मिक स्थल के बाहर मांस के टुकड़े मिलने से हड़कंप मच गया था। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया था। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर उन्हें शांत करवा दिया था। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए थानाध्यक्ष पंकज पंत ने तत्काल एक टीम गठित कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की थी। फुटेज खंगालने पर पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हुई। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि आरोपी बृजपाल मौर्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सपा ने तीन तहसीलों के अध्यक्ष नियुक्त किए

**रामपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने जिले की मिलक, बिलासपुर व शाहबाद तहसील के अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने बताया कि मिलक में प्रमोद गंगवार, बिलासपुर में आरिफ अरोमा और शाहबाद में जावेद खां को तहसील अध्यक्ष बनाया गया।









**ईद पर खास** | रामपुर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद और ईदगाह में दिखती थी ईद की रौनक

# शाही जुलूस के साथ ईदगाह जाते थे नवाब

वाहिद अली, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर रियासत में नवाबों के दौर से ईद शाही और भव्य तरीके से मनाई जाती रही है। जिसे 'शाही ईद' के रूप में जाना जाता है। ईद के दिन रामपुर के नवाब पारंपरिक शाही पोशाक में ईदगाह जाते थे और उनके साथ एक बड़ा शाही जुलूस होता था। तब रामपुर की जामा मस्जिद और ऐतिहासिक ईदगाह इस शाही उत्सव के केंद्र थे।

वहीं मीठे पकवान ईद को बेहद खास बनाते रहे हैं। 1816 से 1865 तक शासक रहे नवाब यूसुफ अली खां 'नाजिम' का यह शेर कि है ईद मय-कदे को चलो देखता है कौन, शहद ओ शकर पे टूट पड़े रोजादार आज रियासत में ईद के दिन की मीठे पकवानों की अहमियत बयान करता है। वह शायर मिर्जा गालिब के शागिर्द थे। नवाब खानदान के करीबी और नवाब काजिम अली उर्फ नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां बताते हैं कि 1774 से 1949 रामपुर मुस्लिम रियासत रही है, लिहाजा यहां ईद की शानदार तरीके से मनाई जाती रही है। ईद का त्योहार नवाबों की सरपरस्ती में बेहद खास और यादगार पल होते थे, जो इतिहास में आज भी ईद की भव्यता को दर्शाता है। ईद पर कोठी खास बाग व कइ्र जगह कई दिनों तक दावतें और भव्य उत्सव होते थे। काशिफ खां बताते हैं कि नवाबों के दस्तरख्वान के पकवान रहस्य रहे हैं। रियासत भले ही खत्म हो गई, लेकिन शाही पकवानों का जलवा कायम है। ईद के दिन नवाबों की पसंद रहीं किन्वामी सिंवइयां पहली पसंद हैं।



नवाब काजिम अली खां।



जहांआरा हबीबुल्लाह।



काशिफ खां, इतिहास के जानकार।



नवाब रजा अली खा।

### चार गुना चीनी की चाशनी में पकाई जाती थीं सिवइयां

रामपुर रियासत के मुख्यमंत्री रहे सर अब्दुस समद खां की बेटी जहांआरा हबीबुल्लाह की आत्मकथा ''रिमेंबरेंसेस ऑफ डेज़ पास्ट : रेमिनिसेंसेज़ ऑफ ए प्रिंसली स्टेट ड्यूरिंग द राज'' रामपुर के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को पारिवारिक जीवन के किस्सों के साथ खूबसूरती से पिरोती है। आत्मकथा में "द रॉयल टेबल्स एट द कोर्ट ऑफ रामपुर" नामक एक विस्तृत अध्याय है, जिसमें बताया गया है कि रामपुर के व्यंजन पूरे भारत में प्रसिद्ध थे। यहां के रसोइये उत्कृष्ट शिल्पकार थे और प्रत्येक की अपनी विशिष्ट कुशलता थी। रामपुर में ईद-उल-फितर के बारे में उनका वर्णन रमजान के महीने के अंत का प्रतीक ईद का चांद दिखने पर होने वाली खुशी और उत्सव के अद्भुत वर्णन से भरा है। आत्मकथा में वह बताती हैं कि उनके पिता हमेशा शीर खुरमा से अपना रोजा खोलते थे, जो दूध में पकी हुई सेवियां होती हैं। वह क़िन्वामी सिंवइयों के बारे में लिखती हैं कि जो चार गुना चीनी के साथ चाशनी में पकाई जाती हैं।

### तीन से चार दिन दरबार में सजती थी संगीत की महफिल: नवाब काज़िम अली खां

अंतिम शासक के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां बताते हैं कि रियासत में ईद का जश्न कई दिन तक चलता था। कई तरह की सिवइयां व कबाब बनते थे। हर पकवान के अलग बावर्ची होते थे। नवाब रजा अली खां ईद पर तीन चार दिनों तक दरबार में संगीत की महफ़िल सजाते थे, जिसमें नामवर संगीतकार और शायर शामिल होते थे। ईद पर नौबत का वादन होता था और किले में मुबारकबादी और राग दरबारी की धुनों के बीच मर्दाना और ज़नाना दरबार भी आयोजित होते थे, जिनमें बेगमें फरशी पायजामा और भव्य आभूषणों से सजी होती थीं। उन्होंने दादी की जबानी ईद से जुड़े बहुत से किस्से सुने हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** क्योरार जीरो पॉइंट के पास शुक्रवार तड़के एक हादसे में लगभग 55 वर्षीय अज्ञात बाबा की मौत हो गई। रात्रि करीब 3 बजे मिलक पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने 108 एंबुलेंस से घायल अवस्था में व्यक्ति को सीएचसी मिलक पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात वाहन की टक्कर का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहचान कराने के लिए पुलिस ने काफी प्रयास किए, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार मध्यरात्रि करीब एक बजे मोहल्ला नाला पार घेर कमरुद्दीन खान निवासी इरफान खान अपने दोस्त फरमान के साथ बाइक पर ईद की खरीदारी करके घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कटरा जलालुद्दीन से निकले एक तेज रफ्तार थार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक थार के नीचे फंस गई। हादसे में दोनों दोस्त घायल हो गए। घायल जिला अस्पताल पहुंचाए गए। इरफान की हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया है। फरमान का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# मंदिरों व घरों में नवरात्र के दूसरे दिन पूजी गईं मां ब्रह्मचारिणी

## सफेद और पीले रंग के वस्त्र धारण कराए, लगाया गोला मिश्री का भोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर दूसरे दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सफेद-पीले वस्त्र धारण कर गोला मिश्री का भोग लगा। मिस्टन गंज स्थित शक्ति पीठ मंदिर में पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने भोग लगाकर पूजा अर्चना कराई।

पूजा पाठ में शामिल भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना करते हुए पुरोहित ने मानव जीवन सफल बनाने के लिए सप्तशती कवच पाठ किया। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। शुक्रवार को सभी भक्तों ने गणेश वंदना की और दुर्गा चालीसा पाठ किया। मंदिर में भजन कीर्तन करते हुए महाआरती की गई। मंदिर में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी के साथ में पंडित सुखदेव मिश्रा पुजारी, अन्नू मिश्रा, मुकेश, राजेंद्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंडित सत्यम शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, नीरज, सुधा, राजू, राधा रानी आदि मौजूद रहे। आरती के बाद भक्तों की भीड़ जयकारे लगाती रही और इसके बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। शनिवार को तीसरी देवी चंद्रघंटा की पूजा होगी। देवी चंद्रघंटा भक्तों को ऊर्जा प्रदान करने वाली हैं और बाघ की सवारी करती हैं।



मंदिर में मां ब्रह्मचारिणी की आरती करते भक्त। • अमृत विचार

### मां का पूजन कर किया यज्ञ

**मिलक, अमृत विचार :** गुरुवार को मिलक तहसील परिसर में स्थित शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि के द्वितीय दिन दुर्गा मां की पूजा अर्चना के साथ यज्ञ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता तथा नगर के लोगों के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम रोजाना प्रात : 8 बजे से 9 तक रामनवमी तक चलेगा। इस अवसर पर पंडित उमेश चंद्र शर्मा, पंडित प्रशांत मिश्रा, पंडित आशीष मिश्रा, एडवोकेट योगेश कुमार बंसल, शिव कुमार, अमन कुमार, एडवोकेट शेखर, रोहिल्ला, रामचंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### पूजा-अर्चना कर परिवार की कुशलता की कामना की

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा ब्रह्मचारिणी माता की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की कुशलता के लिए कामना की। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला डाम कॉलोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री पीतांबरा देवी मंदिर, मोहल्ला कायस्थान स्थित मढ़ी वाला मंदिर, माता मनोरमा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामपुर रोड पर शिव मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। वहीं मोहल्ला डाम कालोनी में मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर में मंदिर के पुजारी सरोज मिश्रा द्वारा नवरात्र के चलते वह दुर्गा सप्तसती का पाठ किया गया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों माता के भजन छंद गाए और अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

### जानलेवा हमले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के सहरिया गांव में दबंगों द्वारा युवक पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। गांव निवासी हरमनप्रीत सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पीड़ित के अनुसार 22 जून 2025 को जब वह खेत पर काम कर रहा था, तभी गांव के ही ओंकार सिंह और जसवीर सिंह ने चाकू व तलवार से हमला कर दिया। शोर सुनकर आई मां रजमत कौर ने किसी तरह उसे बचाया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि जब वह लहूलुहान हालत में तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे, तो पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसे ही घायल हालत में हवालात में डाल दिया। अगले दिन शांतिभंग की आशंका में जिला कारागार भेज दिया गया।

पीड़ित का कहना है कि जेल के अस्पताल में डॉक्टरों ने उपचार किया था। जेल से रिहा होने के बाद 26 जून उसने पुनः पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट की शरण लेने पर पुलिस न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि आरोपी ओंकार सिंह और जसवीर सिंह गांव सहरिया के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# ध्वज यात्रा में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



ध्वज यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुराना गंज स्थित हरिहर मंदिर में शुक्रवार को हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में तमाम भक्त एकत्र हुए और मंदिर के अध्यक्ष पंडित संजय शर्मा ने वाचन किया।

हर-हर महादेव और जय माता की के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और ध्वज यात्रा शुरू हुई। पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने ध्वज यात्रा में शामिल होकर ध्वजों का पूजन किया। हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि उत्सव पर हरिहर मंदिर से शुक्रवार को ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा में हर-हर महादेव और जय माता की जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। इससे पहले मंदिर महामाया ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल

- **हरिहर मंदिर में हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया**

ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना का स्वागत किया। ध्वज यात्रा मंगल की पैंठ, पुराना गंज पुलिस चौकी, जिला सहकारी बैंक सराफा बाजार होती हुई मंदिर महामाया के परिसर में आकर संपन्न हुई। बाबा मोहन राम संस्था के माधव त्यागी, ताराचंद, संजय प्रजापति, राजीव कुमार, विनीत गुप्ता द्वारा ध्वज यात्रा का स्वागत किया गया। ध्वज यात्रा में सुनील अग्रवाल, उमेश कुमार सिंघल, पंडित प्रिंस कौशिक, सुनील सक्सेना, संदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता, राम शरण देवल, अश्वनी त्यागी, अतुल शर्मा, संजू अग्रवाल, सुरेश प्रजापति आदि शामिल रहे।

# भाजपा नवगठित जिला कार्यकारिणी ने भमरौआ मंदिर में किया जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा की नवगठित जिला कार्यकारिणी की घोषणा होने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भमरौआ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक किया।

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि सभी नव नियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नई ऊर्जा और उत्साह के साथ भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्हें पूरा भरोसा है कि आगामी सभी चुनावों में भाजपा की विराट विजय होगी। आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा सभी सीटें जीतेगी। यहां सभी ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन का पदाधिकारी बनना अपने आप में गर्व की बात है। पार्टी की नीतियां और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश में नए औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, रविंद्र सिंह रवि, जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रूहेला, विकास दीक्षित, पारूल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, करतार सिंह लोधी, संतोष सिंह खैरा, दीपक गुप्ता, पवन कुमार, श्वेता शर्मा, श्रेया मदन, शामिल मिर्जा, ओम वीर दिवाकर, ओम प्रकाश लोधी आदि मौजूद रहे।



भमरौआ मंदिर में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष व नवगठित जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी।

# बारिश से ब्रेकडाउन, मसवासी सहित 32 गांव की बिजली गुल

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** बारिश के चलते हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन से मसवासी नगर समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति गुल हो गई। जिससे रोजेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 32 गांव की आपूर्ति 15 घंटे से बाधित होने के कारण ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

गुरुवार की देर रात लगभग 1:30 बजे तेज हवा और बारिश के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत बिजारखाता, सीतारामपुर, अलीगंज, चाउपुरा, भूबरा, रहमतगंज, मंसूरपुर, सेमरा, लाडपुर, खुशहालपुर, करीमपुर, मिलक नौखरीद, पट्टी कला, घोसीपुरा, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बरपुरी, लोहार, इनायत गंज, खानपुर उत्तरी, मोतीपुरा, खोद, मानपुर उत्तरी, धर्मपुर उत्तरी सहित 32 गांव की बिजली आपूर्ति लगभग 15 घंटे से बाधित है। घड़ियाल मसवासी के बीच हाईटेंशन लाइन में हुए ब्रेकडाउन से बिजली कर्मी भी पेट्रोलिंग करने में जुटे हुए हैं। शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक मसवासी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं हो सकी। आए दिन एचटी लाइन में ब्रेकडाउन की समस्या से लघु उद्योग धंधे प्रभावित हो गए हैं। पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। जिससे नागरिकों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि लाइन पर बिजली कर्मी पेट्रोलिंग कर रहे हैं शीघ्र ही फॉल्ट दूर किया जाएगा।

# दुष्टों का संहार करती है मां जगदंबा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी श्री हरिहर मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में व्यास देवराज महाराज ने कहा कि संकट आने पर मां दुष्टों का संहार करती है, इसलिए देवी भागवत का विशेष महत्व है। मां शक्ति स्वरूप है, इसलिए ही भगवान से पहले मां का नाम आया है।

उन्होंने कहा कि मां की उपासना समर्पित करने से सब कुछ प्राप्त होता है। जिस प्रकार बेलपत्र पर लाल चंदन शहद लगाकर भगवान शिव को अर्पित करने से महादेव प्रसन्न होकर सब कुछ दे देते हैं। वैसे ही मां प्रसन्न होकर भक्तों को सब कुछ दे देती है। नवदुर्गा में मां की उपासना कई गुना फल दायक बन जाती है। व्यास जी ने कहा कि जब भक्ति घर में उतरती है तो घर मंदिर बन जाता है जल में उतरती है तो चरणामृत और जब भोजन में उतरती है तो वह प्रसाद बन जाता है। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में शलभ गुप्ता ने सपरिवार देवी पुराण व व्यास जी का मंच पर पूजन किया। सभी आचार्यों को पूजन कर दक्षिणा दी। कथा में प्रमोद पांडे, रवि प्रकाश , ज्ञान, सुनील कौशिक, सीताराम शर्मा जी, प्रवीण भांडा, दीपक गुप्ता, राम लखन शास्त्री, आकाश सक्सेना जी संजय गर्ग, सुमन परिहार, प्रतिभा शर्मा, उमा शर्मा ,मीना राय, स्मिता, बीना शर्मा, अतुल मिश्रा, अशोक शर्मा, रजनी शर्मा, रीना गुप्ता, ममता गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



आदर्श कॉलोनी श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद श्रद्धालु।

- **आदर्श कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा में बोले देवराज जी महाराज**

# सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों की समीक्षा, डीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं में शामिल कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंडियों से आय एवं आवक कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने मंडी सचिव रामपुर, शाहबाद, मिलक एवं बिलासपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडियों की कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए आय एवं आवक बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने धारा 24 के अंतर्गत पुराने वादों के लम्बित होने के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं एवं कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें व शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए।

- **विभिन्न विभागों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया**

# मुकदमा दर्ज करना अधिकार का हनन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला कारागार में बंद आजम खां के ईरान के समर्थन में ईद के दिन काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने का संदेश देने वाले सपा नेता यूसुफ मलिक पर थाना गंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर और सपा नगर अध्यक्ष आसिम राजा सहित सपाई जिलाधिकारी से मिले। सपाइयों ने कहा कि यह एक प्रजातांत्रिक एवं असंवैधानिक कृत्य है क्योंकि भारत के संविधान द्वारा नागरिकों को शांतिपूर्वक अपनी अभिव्यक्ति की आजादी एवं अधिकार किया गया है। ईरान में एक विद्यालय पर बमबारी करके 162 से अधिक छात्राओं की दुखद मौत पर दुख व्यक्त करने के लिए यह अपील की गई थी। मजलूमों के समर्थन ने तथा जालिमों के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कोई गैरकानूनी काम नहीं है। मात्र इस अपील पर मुकदमा दर्ज करना अत्यंत दुखद भी है और जनता के संवैधानिक अधिकार का हनन भी है। इस दौरान अमरजीत, प्रमोद गंगवार सहित अन्य सपाई मौजूद रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय से निकलते सपा जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष। • अमृत विचार

- **यूसुफ मलिक पर मुकदमे को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा**

## न्यूज डायरी

### हिंदू नववर्ष पर किया पथ संचलन

**स्वार, अमृत विचार :** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर समोदिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन डॉ. दीपचंद मौर्य सरस्वती शिशु मंदिर रुस्तम नगर से संघ के शताब्दी वर्ष एवं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संघ संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार, भारत माता एवं द्वितीय सरसंघचालक पूज्य माधव राव सदाशिव गोलवलकर के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण से हुई। इसके बाद भगवा ध्वज को प्रणाम को प्रणाम किया गया। अमृत वचन, गीत व एकल प्रस्तुति के बाद जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख नरेंद्र कुमार ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, राष्ट्रीय कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण और स्वबोध जैसे विषयों पर विचार रखे। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, भारतीय संस्कृति को पहचानने तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर रुस्तम नगर तिराहा, चामुंडा मंदिर धाम, प्राथमिक पाठशाला, जिला पंचायत अध्यक्ष आवास, वाल्मीकि मोहल्ला चौराहा, राधा स्वामी सत्संग ब्यास होते हुए पुन : विद्यालय पर समाप्त हुआ। महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रेम बाबू, गोपीचंद, दर्शन लाल सैनी, नरोत्तम सिंह मौर्य, ब्रजकिशोर मोर्य, सत्येंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, गजेंद्र कुमार, सुधीर कुमार दिवाकर, उमेश कुमार, गजेंद्र सिंह, मानव शर्मा, ओमपाल सैनी, लक्ष्मण प्रसाद सहित अनेक स्वयंसेवक शामिल रहे।



### शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया

**रामपुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान रामपुर के तत्वावधान में मॉडल मांटेसरी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के सभासदों एवं ग्राम प्रधानों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना रहे। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण एवं सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह को मिलक ब्लॉक के साथ-साथ नगर क्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपे जाने पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। उनके नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।



### वीरांगना की पुण्यतिथि मनाई

**रामपुर, अमृत विचार :** तहसील सदर के ग्राम चिकटी रामनगर में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में केदार लोधी और कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि1857 में हुए संग्राम के दौरान वीरांगना अवंतीबाई की अहम भूमिका थी। वह भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थीं। 1857 की क्रांति में रामगढ़ की रानी अवंती बाई रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थीं। सत्यपाल लोधी और इमरान खान ने कहा कि देश में सरकारों या प्रमुख सामाजिक संगठनों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए लोगों के जो कार्यक्रम आयोजित होते हैं वो सिर्फ कुछ प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के होते हैं। लेकिन बहुत से ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं जिनके अहम योगदान को सरकारें याद करती हैं न ही समाज याद करता है। इस दौरान मनीष लोधी, धर्मवीर लोधी, दर्शन लोधी, सत्यपाल लोधी, ज्ञान सिंह यादव, धर्मपाल यादव, तेजपाल लोधी, रज्जन श्रीवास्तव, भजनलाल, तोताराम श्रीवास्तव, पूरण सिंह लोधी, गंगाराम लोधी आदि मौजूद रहे।



### ग्रेजुएशन सेरेमनी में मेधावी छात्र छात्राएं सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। निदेशक पृथ्वीपाल सिंह भुल्लर ने अविजोत सिंह, इशनूर कौर, मनरूप कौर, तनरीत कौर, तवगुन कौर समेत अनेक विद्यार्थियों को शैक्षिक उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पहले विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य नरेश सिरोही एवं गुरमुख सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संचालन मनदीप कौर और कुलदीप सिंह ने किया। अंत में निदेशक ने आभार जताया।

## त्योहार

### दूध सिंवई और ड्राई फ्रूट्स से तैयार होता है शीर खुरमा

# अपनों की फरमाइश व मेहमानों की स्वागत की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ईद पर घरों में शीर खुरमा और शीर कोरमा के साथ ही कई तरह के व्यंजन बनाने की तैयारी है। इसके बिना ईद, ईद जैसी नहीं रहती है। शाजिया बताती हैं कि शीर खुरमा एक खास तरह की सिंवई है जो विशेष तौर पर ईद और रमजान के खास मौके पर बनाई जाती है। दूध और सिंवई से इसे तैयार किया जाता है। साथ ही इसमें बादाम, काजू, किशमिश, खजूर, केसर जैसे ड्राई फ्रूट्स डाले जाते हैं। इसमें अलग स्वाद लाने के लिए आप ऊपर से केवड़ा या गुलाब जल डालकर शीर खुरमा का जायका चटखारे लगाने को मजबूर कर देता है। ईद के दिन घरवालों की फरमाइश और मेहमानों की आव भगत के लिए ईद पर तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाने की तैयारी है। शीर खुरमा और शीर कोरमा के अलावा शाही टुकड़े, काबुली पुलाव, चिकन कबाब, मटन बिरयानी, दही बड़े, दही फुलकियां आमतौर पर तैयार होते हैं।

- **शीर खुरमा, शीर कोरमा समेत कई व्यंजनों का मिलेगा जायका**



ईद पर तैयार होगा शीर कोरमा।



काबुली पुलाव को चावल और चने के साथ बनाया जाता है इसका जायका कुछ अलग ही है। ईद के मौके पर कबाब न बनें यह कैसे हो सकता है खासकर की चिकन शामी कबाब। यह मुगलई डिश जायके में लाजवाब होती है इसे बनाने के लिए तैयारी कर ली है। – निशात बानो



ईद पर मटन शामी कबाब भी बड़े चाव से खाएं जाते हैं। वेज खाने वालों के लिए चने और मशरूम से बने कबाब बनाने की तैयारी है। नान वेज में चिकन पीस कर उसमें चना दाल और मसालों के मिश्रण के साथ मिक्स किया जाता है। इनकी टिक्कियां बनाकर कबाब तैयार हो जाते हैं। – रजिया परवीन



दही बड़े बनाने में कुछ समय लगता है जबकि, दही फुलकियां फटाफट तैयार हो जाती हैं। बेसन के घोल में प्याज हरी मिर्च, लाल मिर्च, गर्म मसाला, नमक को अच्छी तरह फेंटकर तेल में तल लिया जाता है। दही बड़े और फुलकियां बनाने की तैयारी है। – सबीहा परवीन



ईद पर शीर कोरमा जरूर बनता है। दूध में सिंवई और मावा डालकर खूब पकाया जाता है। इसके बाद इसमें ड्राई फ्रूट डाल दिए जाते हैं। शीर कोरमा ईद की शान है हालांकि, कुछ लोग ईद पर सिंवइयां भी बना लेते हैं। सिंवइयां भी कई तरह से बनाई जाती हैं। – समीना

### दिव्यांग अधिवक्ता से मारपीट व अभद्रता

**टांडा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में पीड़ित अधिवक्ता मोहम्मद जुनैद उर्फ अमान ने बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं और तहसील टांडा में वकालत का कार्य करते हैं। बीते 10 मार्च को मोहल्ला मस्जिद कोहना निवासी राशिदा उर्फ वाजिदा, इरफान, मोहम्मद फुजैल व नजाकत अली ने उनपर फर्जी होने का आरोप लगाते हुए लोक सेवक को गलत सूचना दी। जब उन्होंने कागजात दिखाए, तो आरोपियों ने गुस्से में आकर वह भी फाड़ दिए और उसे गालियां दीं। पीड़ित ने बताया कि जमीन पर गिराकर उसे लात-घूसों से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। एसपी के आदेश पर टांडा कोतवाली में राशदा समेत चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।


# बारिश के बीच मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

## नमाजियों से भरी रहीं शहर से लेकर देहात तक की मस्जिदें, बारिश में भी भीगते हुए पढ़ते रहे नमाज, पुलिस रही मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमा पर अमरोहा जिले में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर की जामा मस्जिद समेत जिले की अन्य मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। तेज बारिश के बावजूद इबादत के जज्बे में कोई कमी नहीं आई। मस्जिदों में जगह कम पड़ने पर नमाजियों ने भीगते हुए छतों और खुले आसमान के नीचे सफें बिछाकर नमाज अदा की।

शुक्रवार की सुबह से जारी बारिश के कारण शहर और कस्बों की सड़कों पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी रही। इसके बावजूद नमाजी तमाम मुश्किलों को पार करते हुए मस्जिदों तक पहुंचे। नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह में मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और कौम की तरक्की के लिए हाथ उठाकर दुआ मांगी गई। इस बार चांद के हिसाब से रमजान के पूरे 30 रोजे होने के कारण शुक्रवार को पड़ा जुमे को ही अलविदा जुमा माना गया। इसे लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। सहरी के समय से ही नमाज को लेकर लोगों में जोश और अकीदत देखने को मिली, हालांकि दिनभर होती रही बारिश ने कुछ परेशानी जरूर बढ़ाई। दोपहर करीब 12 बजे के आसपास बारिश कुछ देर के लिए थमी तो नमाजियों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों की ओर रुख किया। देखते ही देखते मस्जिदों के अंदरूनी और बाहरी परिसर भर गए। इसके बाद भीड़ बढ़ने पर लोगों ने छतों और खुले स्थानों पर नमाज अदा की। शहर की जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद सालिम ने नमाज पढ़ाई। शिया जामा मस्जिद में मौलाना डॉ. एहसन अख्तर सरोश की इमामत में नमाज अदा की गई। मस्जिद तख्त सुलेमान (मदरसा शाही चबूतरा) में मुफ्ती तौहीद अख्तर की कयादत में नमाज हुई। वहीं मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी की इमामत में अकीदतमंदों ने सजदा किया। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। दोपहर करीब ढाई बजे जिलेभर में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज संपन्न होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। वहीं अब पुलिस प्रशासन ईद को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी में जुट गया है।


शहर की जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। • अमृत विचार

### अलविदा जुमे की नमाज को उमड़ा नमाजियों का सैलाब, ईद आज

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली के सभी गांव की मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण अदा की गई। बुरावली की बिलाल मस्जिद के इमाम मौलाना कारी नजरे आलम ने खुदबा देते हुए कहा कि रमजान के बाद नमाजों को कजा ना करें। गरीबों की मदद करें। ईद की नमाज पढ़ने से पहले अपना फितरा निकाल दें और उसे अदा कर दें। इसके बाद कारी मौलाना नजरे आलम ने नमाज अदा कराई। जामा मस्जिद में हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई। मदीना मस्जिद में हाफिज कारी सरफराज ने नमाज अदा कराई। आयशा मस्जिद में हाफिज सारिम ने नमाज अदा कराई। अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के बाद सभी ने नबी पर सलाम पेश किया। पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।


नमाज के बाद दुआ मांगते रोजेदार। • अमृत विचार

### अलविदा पर उमड़ी नमाजियों की भीड़ बारिश के बीच अदा की नमाज

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बरकतों और रहमतों के पवित्र माह रमजान के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुमा को पूरे अकीदत और सादगी के साथ मनाया गया। शुक्रवार सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बावजूद नमाजियों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद सहित तमाम इबादतगाहों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा, जहां मुल्क की खुशहाली और अमन-चौन के लिए हजारों हाथ दुआ में उठे। बारिश के चलते जामा मस्जिद का मुख्य हॉल छोटा पड़ गया, जिसके कारण नमाजियों ने मस्जिद के सहन और छतों पर सफें बिछाकर नमाज अदा की। जामा मस्जिद के शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान ने खुतबे के दौरान इस्लाम की मानवीय शिक्षाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर इरफान भगत, निसार फारुकी, फिरोज मंसूरी, कलुआ सैफी ठेकेदार, ताज अहमद, डॉ. नवाब सैफी, डॉ. इस्माइल सैफी, डॉ. शौकत अली आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा भाजपा नेता वीर सिंह प्रजापति को शासन द्वारा नगर पालिका परिषद हसनपुर में सदस्य नामित किए जाने पर पूर्व तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने वीर सिंह को भाजपा का वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मनोनयन से नगर के विकास को बढ़ावा मिलेगा और समस्याओं का निराकरण होगा। वीर सिंह एडवोकेट ने उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, तलाश में पुलिस

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनंगली क्षेत्र के अंतर्गत नगर मोहल्ला जामा मस्जिद में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक किन्नर के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। पीड़ित किन्नर का कहना है कि वह अपनी टीम के साथ संभल स्थित सीमा के यहां गई थी वहां से वह 3 बजे लौटी तो देखा कि कमरों का ताला टूटा हुआ है। चोरों ने 5 तोला सोना और 1 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। गायब हुए जेवरात में सोने की झुमकी, अंगुठी, पेंडल और झाले समेत अन्य कीमती सामान शामिल है। पुलिस चोर की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है।

### पीएमओ में उपसचिव पद पर रवि की नियुक्ति

**चांदपुर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के शहर चांदपुर निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर केसी मित्तल के पुत्र आईएएस अधिकारी रवि मित्तल की प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव पद पर तैनाती मिलने के बाद नागरिकों ने खुशी जताई है। चांदपुर के मोहल्ला कटारमल निवासी रवि मित्तल का जन्म 1983 में हुआ उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर के फादरसन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में हुई इसके बाद उन्होंने दिल्ली स्थित एम्स से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की, 2016 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की। रवि मित्तल ने झारखंड में अपनी कार्यशैली ईमानदारी और दक्षता के साथ प्रशासनिक क्षेत्र में अलग पहचान बनाई, उसी का परिणाम है उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंप गई है।

## अलविदा की नमाज के लिए रोजेदारों से भरी रहीं मस्जिदें


नमाज अदा करते लोग। • अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** मुकद्दस माहे-रमजान के पांचवें अलविदा जुम्मा के मौके पर नगर और ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस साल रमजान के महीने में पांच जुम्मे पड़ने को लेकर मोमिनों में खास उत्साह और चर्चा बनी रही। जामा मस्जिद समेत तमाम छोटी-बड़ी मस्जिदों में सुबह से ही रोजेदारों की आमद शुरू हो गई थी।

नगर के मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, नवाबान, काला शहीद और रहरा रोड स्थित मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमेऊ का खुतबा दिया और नमाज मुकम्मल कराई। तहसील के ग्रामीण इलाकों जैसे सिहाली जागीर, बावनखेड़ी, कालाखेड़ा, आगापुर उर्फ याकूबपुर और पिपलोती कला,पिपलौती खुर्द में भी नमाज अदा की गई।

## रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**हसनपुर, अमृत विचार:** ईद-उल-फितर और चौत्र नवरात्र को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी और प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी की मौजूदगी में सुरक्षा बलों ने नगर के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।आरएएफ और स्थानीय पुलिस का मार्च कोतवाली से प्रारंभ होकर नगर के अंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, पंसारा बाजार, पुरानी घास मंडी, पुरानी जामा मस्जिद और रहरा अड्डा ,बाईपास से होता हुआ संभल अड्डा और पुराने डाकखाने के रास्ते वापिस कोतवाली पर आकर संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों और नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## आर्थिक तंगी के चलते इलाज नहीं करा सका रोजगार सेवक, गई जान

- नौ माह से वेतन न मिलने से नहीं हो पा रहा था इलाज
- हसनपुर के गांव शिकरौली का रहने वाला था महेंद्र

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र से एक गांव में हृदयविदारक घटना आई सामने, जहाँ बीमारी और आर्थिक बदहाली के चलते एक ग्राम रोजगार सेवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बीते नौ महीनों से वेतन न मिलने के कारण वह अपना उचित इलाज नहीं करा सका, जो उसकी मृत्यु का कारण बना।


महेंद्र फोटो।

मामला तहसील की ग्राम पंचायत शिकरौली का है गांव पिलखनवाली निवासी महेंद्र सिंह (38) रोजगार सेवक पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों के अनुसार, पिछले तीन महीने से उनकी हालत अधिक खराब थी। घर की माली हालत ठीक न होने और मानदेय के अभाव में शुरुआत में स्थानीय स्तर पर ही उपचार कराया गया। मंगलवार को जब हालत बिगड़ी, तो उन्हें नगर के निजी चिकित्सक के यहां से मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार दोपहर उपचार के दौरान रोजगार सेवक ने अंतिम सांस ली। मृतक रोजगार सेवक के बड़े भाई राजपाल सिंह ने कहा है कि भाई की बीमारी के चलते जो जमा पूंजी थी। वह सब कुछ बीमारी में लगा दी। नौ माह से वेतन भी नहीं मिला। आर्थिक तंगी के चलते भाई की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी चंद्रवती, एक बेटा और दो बेटियों को रोते-बिलखते छोड़ गया है। शुक्रवार को गमगीन माहौल में रोजगार सेवक का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों और साथी रोजगार सेवकों में प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष है। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन रुकने के कारण महेंद्र मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुका था। हसनपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सरकार मृतक महेंद्र रोजगार सेवक के पुत्र को नौकरी दे। जो भी पीएफ आदि है वह उनके बच्चों को उपलब्ध कराया जाए।

## बिजली गिरने से दो की मौत, दो झुलसे

**अमरोहा, अमृत विचार:** शुक्रवार को हो रही तेज बारिश के बीच बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

यह घटना देहात थाना क्षेत्र के गांव गजाना बागड़पुर की है। गांव निवासी धर्मेंद्र (45) अपने खेत में काम कर रहे थे। उनके साथ बागड़पुर निवासी जयवीर सिंह, बिहार निवासी मजदूर नरेश (30) और भूरे खां भी मौजूद थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अचानक तेज गरज के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में चारों आ गए। हादसे में धर्मेंद्र और नरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जयवीर सिंह और भूरे खां गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर एसडीएम शैलेश दुबे, तहसील प्रशासन ने जायजा लिया।

## चांद दिखा, आज मनाई जाएगी ईद

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा जिले में शुक्रवार शाम चांद का दीदार होते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। चांद दिखने की खबर मिलते ही लोग अपने-अपने घरों की छतों पर पहुंच गए और चांद देखने का सिलसिला शुरू हो गया। इसके साथ ही ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को मनाए जाने की पुष्टि हो गई।

चांद नजर आते ही लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और बाजारों में भी देर रात तक रौनक बनी रही। घरों में ईद की तैयारियां तेज हो गईं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। वहीं, त्योहार को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज अदा न करे और निर्धारित स्थानों पर ही नमाज पढ़ें। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे जिले को जोन और सेक्टर में बांटा गया है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रशासन की ओर से साफ-सफाई, यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि नमाजियों और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शुक्रवार शाम ईद को लेकर बाजारों में खरीदारी का दौर भी तेज हो गया है। जिले में चांद नजर आने के साथ ही लोग ईद की नमाज और त्योहार की तैयारियों में जुट गए हैं। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है।


चांद का दीदार करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

- चांद देखने के लिए छतों पर उमड़े लोग, प्रशासन अलर्ट

## श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान से किया पूजन

- श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि का लिया आशीर्वाद

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नवरात्रों के द्वितीय दिन देवी मंदिरों में प्रातः से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। वही भक्तों द्वारा मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस बल तैनात रहा, वहीं पालिका द्वारा भी मंदिरों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया था।

शुक्रवार को नगर की शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चौत्र नवरात्र के द्वितीय दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की भक्तों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। चामुंडा मंदिर पर प्रात से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था और माता रानी के दर्शन के लिए लंबी लाइन लग गई थी।ब्रह्मश् का अर्थ है तपस्या और श्चारिणीश् का अर्थ है आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली माता। माता ब्रह्मचारिणी अत्यंत शांत, सौम्य और तेजस्वी हैं। स्वरूप की बात की जाए, तो माता श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हैं।माता के एक हाथ में अक्षमाला और दूसरे में कमंडल है,जो उनके तपस्यापूर्ण जीवन और शुद्धता का प्रतीक है। पार्वती के रूप में उन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए हजारों वर्षों तक कठिन तपस्या की थी।मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमदत्त शर्मा का कहना है कि नवरात्र पर्व में साथी निष्ठा के साथ उपवास रखकर देवी मां की पूजा अर्चना करने वालों की मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है।


पूजा अर्चना करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

### मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। सुबह भोर से ही देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखने को मिली, जहां भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर ज्ञान, वैराग्य और तपस्या का आशीर्वाद मांगा। मंदिरों में महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जय माता दी के जयकारों से देवी दरबार देर रात तक गूंजता रहा। नवरात्र के चलते मंदिरों के बाहर माला-फूल, धूप-बत्ती और पूजा सामग्री की दुकानें भी सजी रहीं, जहां श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी रही। मंदिरों के अलावा घर-घर में भी कलश स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु दुर्गा सप्तशती, दुर्गा चालीसा और आरती पाठ में लीन नजर आए। नौ दिन चलने वाले इस पर्व से पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। नवदुर्गा प्राचीन मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी के अनुसार, मान्यता है कि नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी को केसर की खीर, हलवा या चीनी का भोग लगाने से देवी प्रसन्न होती हैं और साधक को सुख-समृद्धि एवं मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट से मचा हड़कंप

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां एक ही दिन में जारी की गई दो अलग-अलग रिपोर्टों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल हैं।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुरा निवासी सोमवीर ने जिला चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर पब्लिक अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी ज्योति का अल्ट्रासाउंड 18 मार्च को संभल-रहरा बाईपास स्थित उक्त केंद्र पर कराया था। पहली रिपोर्ट में बच्चे की धड़कन सामान्य बताई। महिला चिकित्सक को संदेह होने पर जब तीन घंटे बाद दोबारा उसी सेंटर पर टेस्ट कराया गया, तो दूसरी रिपोर्ट में भ्रूण को मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित सोमवीर का आरोप है कि सेंटर की तकनीकी गड़बड़ी या लापरवाही के कारण उनकी पत्नी के स्वास्थ्य पर असर पड़ा है।

## गैस एजेंसियों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी। • अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर में गैस की किल्लत की अफवाहों पर प्रशासन सक्रिय हो गया है। भ्रामक खबरों और लोगों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए शुक्रवार को उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय आपूर्ति निरीक्षक के साथ नगर स्थित हसनपुर गैस एजेंसी एवं सचिन इंडियन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कतर में खड़े लोगों से बात कर उन्हें आश्वस्त किया कि गैस की कोई कमी नहीं है, सबको गैस मिलेगी। एसडीएम ने दोनों एजेंसियों के रिकॉर्ड एवं गोदाम का भी निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि दोनों एजेंसी एवं उनके गोदाम का निरीक्षण किया गया है जनता से अपील है कि गैस की कोई कमी नहीं है सबको गैस मिलेगी।

## संकल्प से सिद्धी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक

**बिजनौर, अमृत विचार :** संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन एवं समृद्धि" के उद्देश्य को साकार करते हुए उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के नव वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को इंदिरा बाल भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि संकल्प से सिद्धि केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की कार्यशैली और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चौहान, एमएलसी अशोक कुमार, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह आदि रहे।

## कुट्टू का आटा खाने से कई गांव में तीस लोग बीमार

- रोगियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कुट्टू का आटा खाने से सिकरौडा ,लाहककला मोहनपुर तथा खैरुल्लापुर आदि गांवों के तीस से अधिक लोग बीमार हो गए। उल्टी दस्त शुरू होने पर परिजनों ने उन्हें अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़ितों में जयप्रकाश, उनके बेटे रोहित (15) और बेटी प्रीति शामिल हैं, जिन्होंने कुटू के आटे की पकौड़ी खाई थी। गांव सिकरौदा निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी चंद्रकाली, पुत्र अंश पुत्री अंशिका, रिया, आराध्य के अलावा राजेंद्र सिंह के भाई राजकुमार की पुत्री सलोनी और अमोली, काका की पुत्री मीनू भी उलटी दस्त और घबराहट होने लगी। वहीं इसी गांव के शिव उनकी माता कल्पना पत्नी राधिका की भी तबियत खराब हो गई। गांव खारुल्लापुर निवासी हनी उनकी मां मनोरमा देवी, पुत्र अक्षय कुणाल और तुषार भी कुट्टू का आटा खाने से बीमार हो गए। पीड़ितों ने बताया नजियाबाद के मोटा आम क्षेत्र के किराना कारोबारी से कुट्टू का आटा खरीदा था। हरेवली निवासी सपना भर्ती है। ग्राम सिकरोड़ा से अंश (17), चांदनी और राजेंद्र की चार बेटियां अमोली (13), श्रद्धा (10), अनामिका (14), सलोनी (14) तथा कल्पना (रामकुमार की पत्नी) सभी का इलाज निजी और सीएचसी अस्पताल में हो रहा है। थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में शिकायत प्राप्त होते ही आरोपी दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**बिजनौर , अमृत विचार:** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पति पर एक दिन पहले मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गुजरपूरा गांव निवासी मृतका की पहचान राधा (34) के रूप में हुई है। वह नजीबाबाद थाना क्षेत्र के पूरनपुर गढ़ी गांव निवासी कोमल सिंह की पुत्री थी। उसका विवाह करीब आठ साल पहले गुजरपूरा निवासी जितेंद्र के साथ हुआ था। दंपती के दो बच्चे हैं। गुरुवार को राधा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना से एक दिन पूर्व पति जितेंद्र ने राधा के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः 07
दिनांकः 19.03.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **क्रम सं0 1. निविदा सं0:** 40265096A, **खुलने की तिथि :** 20.04.2026, **सामग्री का विवरण :** ट्रैक्शन मोटर कम्पलीट विद पिनियन फॉर 1600 एचपी मेक मेघा टाइप-48-45-6, **मांगी गयी मात्रा :** 2 अदद, **बयाना राशि :** 123920, **1.** उपरोक्त निविदा आईआरइपीएस के साइट **www.ireps.gov.in** पर स्थित है जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत है, वे ई-टेण्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये है, वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत है उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्यूअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। **2.** उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी विज्ञापित निविदा एवं बुलेटिन निविदाये केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेट सिस्टम) के माध्यम से खोली जा रही है। उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार, उन्हे डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को किश/न्यू दिल्ली में पंजीकृत कराना होगा। **3.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की तिथि में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4.** एलोकेशन शीर्ष निविदा जमानती धनराशि का 00844519 है।

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक इज्जतनगर
मुजाधि/एस-93

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## न्यूज ब्रीफ

### नगर में विशेष सफाई अभियान के निर्देश

**चंदौसी, अमृत विचार :** ईद-उल-फितर और रामनवमी के मद्देनजर नगर पालिका परिषद ने शहर में साफ-सफाई और जरूरी सेवाओं को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। इसके लिए सभी सफाई निरीक्षकों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### छोटे भाई को जिंदा जलाने वाला गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** थाना असमोली क्षेत्र के गांव असगरीपुर में ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद में छोटे भाई को आग लगाकर जान से मारने के प्रयास करने के मामले में पुलिस ने बड़े भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरिफ और यूसुफ के बीच काफी समय से ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर विवाद चल रहा था। 16-17 मार्च की रात करीब 2:30 बजे आरिफ अपने घेर में सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उन पर तेल छिड़ककर चारपाई में आग लगा दी गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि आरोपी यूसुफ को सैदपुर इम्मा मार्ग पर मनौटा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई करे सरकार : बर्क

**संभल, अमृत विचार :** सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दिल्ली के उत्तम नगर की घटना को लेकर कहा कि कुछ लोगों द्वारा हथियार लहराकर प्रदर्शन किए जाने से वहां मुस्लिम समाज में भय का माहौल बना और कुछ लोग पलायन करने को मजबूर हुए। सांसद बर्क ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अन्य सांसदों के साथ मिलकर अमित शाह को पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चूंकि दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है और वहां की पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन आती है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि वहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

# नमाज पढ़कर अकीदमंदों ने की तरक्की और खुशहाली की दुआ

## सांसद बर्क व उनके पिता भी नमाज अदा करने पहुंचे जामा मस्जिद, तैनात रहा पुलिस बल, दौड़ते रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** रमजान माह के आखिरी शुक्रवार पर जुमा अलविदा की नमाज जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। जामा मस्जिद समेत शहर और देहात की विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों ने देश-दुनिया और खास तौर पर संभल में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद चांद दिखने की पुष्टि के साथ शनिवार को ईद मनाए जाने की घोषणा हुई, जिससे मुस्लिम समाज में खुशी का माहौल छा गया।

शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब रहा और रुक-रुक कर बारिश होती रही। इसके चलते नमाजियों को मस्जिदों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर के समय कुछ देर के लिए बारिश थमी तो नमाजी बड़ी संख्या में जामा मस्जिद की ओर बढ़ने लगे। फिर भी बारिश के कारण इस बार नमाजियों की संख्या पिछले शुक्रवार की तुलना में कम रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मस्जिद की ओर जाने वाले तीन प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर आवाजाही नियंत्रित की गई। बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति को मस्जिद परिसर की ओर जाने की इजाजत नहीं दी गई। केवल नमाज अदा करने वाले लोगों को ही प्रवेश दिया गया। निगरानी के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जामा मस्जिद क्षेत्र समेत शहर के संवेदनशील इलाकों पर लगातार नजर रखी गई। अपर पुलिस अधीक्षक स्वयं कैंप कर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करते रहे। नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए मस्जिद कमेटी ने भी व्यापक इंतजाम किए थे। वालंटियर तैनात कर नमाजियों को व्यवस्थित तरीके से अंदर प्रवेश और बाहर निकलने में सहयोग दिया गया।


अलविदा की नमाज अदा करते सांसद बर्क व अन्य नमाजी। ● अमृत विचार


संभल में जामा मस्जिद गेट पर मुस्तैद आरआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

### सांसद ने अदा की अलविदा की नमाज

जुमा अलविदा की नमाज अदा करने के लिए समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क अपने पिता ममलूकुर्रहमान बर्क के साथ जामा मस्जिद पहुंचे। नमाज के बाद उन्होंने कहा कि रोजेदारों को अलविदा जुमे की नमाज अदा करने का मौका मिला, यह खुशी की बात है। अब शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। उधर, नखासा थाना क्षेत्र सहित अन्य इलाकों की मस्जिदों में भी नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। यहां सीओ कुलदीप कुमार और कोतवाल संजीव बालियान पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग के चलते पूरे जनपद में जुमा अलविदा की नमाज सकुशल संपन्न हुई।

### ईद का ऐलान होते ही बाजारों में उमड़ी भीड़

**संभल, अमृत विचार :** शनिवार को ईद होने का ऐलान होते ही शहर के बाजारों में जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। त्योहार की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए लोग परिवार सहित खरीदारी करने बाजार पहुंचे, जिससे दिनभर बाजारों में रौनक बनी रही और देर रात तक चहल-पहल जारी रही। ईद के मद्देनजर सबसे अधिक भीड़ कपड़ा बाजार में देखने को मिली। पुरुष, महिलाएं और बच्चे नए कपड़ों की खरीदारी में जुटे रहे। दुकानों पर लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं और दुकानदारों के पास ग्राहकों की भीड़ लगातार बनी रही। इसके अलावा जूते-चप्पल, टोपी, इत्र और अन्य सामान की दुकानों पर भी खासी भीड़ रही। वहीं सेवईं, ड्राई फ्रूट, दूध, शक्कर और अन्य पकवान बनाने से संबंधित सामान की खरीदारी के लिए किराना दुकानों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ी। लोग ईद के पारंपरिक व्यंजन तैयार करने के लिए जमकर सामान खरीदते नजर आए। बाजारों में छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक ग्राहकों की अच्छी-खासी आमद रही। मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों पर जाम जैसे हालात बन गए। कई जगहों पर लोगों को पैदल निकलना मुश्किल हो गया। पुलिस ने यातायात को व्यवस्थित करते हुए मुख्य बाजारों में ई-रिक्शा और बाइकों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगा दी, जिससे जाम की स्थिति में सुधार हुआ। साथ ही पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते रहे और लोगों से सहयोग की अपील करते रहे। शुक्रवार रात बाजारों का नजारा देखते ही बन रहा था। आधी रात के बाद तक दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। लोग कपड़े, जूते, बच्चों के परिधान और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी में जुटे रहे। दुकानदारों ने भी ग्राहकों की सुविधा के लिए देर रात तक दुकानें खुली रखीं।


संभल के बाजार में खरीदारी को उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री ने जाना आचार्य प्रमोद कृष्णम् का हाल

संवाददाता,संभल

- आचार्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी जानकारी
- आचार्य ने कहा प्रधानमंत्री बनना आसान लेकिन मोदी बनना नहीं

**अमृत विचार:** आचार्य प्रमोद कृष्णम् के गाजियाबाद स्थित आवास पर पैर फिसलने से घायल होने के बाद नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को फोन कर उनका हालचाल जाना।

प्रधानमंत्री के फोन के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि फोन कर कुशलक्षेम जानने के लिए आत्मीय धन्यवाद, मोदी की आलोचना करना आसान है, लेकिन 'मोदी' बनना मुश्किल है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे आचार्य प्रमोद कृष्णम् अपने गाजियाबाद स्थित आवास से एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकल रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई और करीब ढाई इंच गहरा घाव हो गया था। चिकित्सकों ने 25 टांके लगाए और प्लास्टिक सर्जरी भी की। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस समय आचार्य प्रमोद कृष्णम अपने आवास पर विश्राम कर रहे हैं। स्वामी चक्रपाणि महाराज, नारायण गिरी और कंचन गिरी समेत कई संत उनसे मिलने पहुंचे। घायल होने के बाद से वह अस्पताल में थे। उनके अनुयायी जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआ कर रहे हैं।

# पांच मकानों से लाखों का सामान समेट ले गए चोर

संवाददाता,सौंधन

- पीड़ितों ने थाना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की
- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार रात सारंगपुर के माझरा गांव में अज्ञात चोरों ने सूने पड़े दो मकानों को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के जेवरात और घरेलू सामान चोरी कर लिया।

गांव निवासी राम लखन और उनके भाई नरेश दिल्ली में रहकर टेंपो चलाने व मजदूरी का काम करते हैं। दोनों परिवार सहित वहीं रहते हैं, जिससे गांव के उनके मकान अक्सर खाली रहते हैं। बुधवार रात चोरों ने इसी का फायदा उठाया और घरों में चोरी कर ली। बताया गया कि चोरों ने पहले राम लखन के घर का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर कमरों की तलाशी ली। इसके बाद संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, जिनमें सोने के कुंडल, ओम, कान की बाली, जंजीर तथा पीतल के बर्तन चोरी कर लिए। घटना की जानकारी पड़ोसी लल्लन को हुई, जिन्होंने गुरुवार को ग्राम प्रधान और मकान मालिकों को फोन कर सूचना दी।

इसके बाद दोनों भाई गुरुवार रात घर पहुंचे। चोरों ने नरेश के घर को भी निशाना बनाया और वहां से संदूक का ताला तोड़कर चांदी के पाजेब सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने गांव के अन्य सूने मकानों में भी हाथ आजमाया। राकेश के खाली पड़े घर के पीछे से घुसने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

वहीं सतीश के घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ने की कोशिश की गई, मगर अंदर से दरवाजा बंद होने के कारण चोर अंदर नहीं जा सके।

घटना के बाद पीड़ित राम लखन ने कैला देवी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

### एक ही रात तीन घरों में चोरी

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मिलक सैंधरी में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताबड़तोड़ तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। लगातार हुई वारदातों से गांव में दहशत फैल गई है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सतपाल सिंह रात में अपने मकान के बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान चोर पीछे की ओर से नकाब लगाकर घर में घुस गए और कमरे में रखे करीब 15 हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। आहट होने पर उनकी नींद खुली, लेकिन तब तक चोर फरार हो चुके थे। दूसरी घटना में अनीश पाल के घर को निशाना बनाया गया। चोर जीने के रास्ते दूसरी मंजिल पर पहुंचे और वहां से 56,535 रुपये नकद, करीब 35 किलोग्राम पीतल के बर्तन तथा नए-पुराने कपड़े चोरी कर ले गए। तीसरी वारदात सचिन कुमार के घर में हुई। वह भी बरामदे में सो रहे थे। चोर पीछे से दीवार फांदकर अंदर घुसे और 80 हजार रुपये नकद के साथ सोने-चांदी के जेवरात समेट ले गए। तीनों पीड़ितों ने थाना असमोली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### लगातार चोरी की वारदातों से दहशत

**सौंधन।** कैला देवी थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते दिनों ढाटी गांव में चोरों ने 22 किसानों के ट्यूबेल से स्टार्टर चोरी कर लिए थे, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा खिरनी गांव में एक हार्डवेयर की दुकान को भी निशाना बनाते हुए चोर सामान समेट ले गए थे। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बावजूद कैला देवी थाना पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। इससे स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त न के बराबर है, जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। वहीं थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा का कहना है कि पुलिस वारदातों का खुलासा करने के लिए जुटी है।

# खराब बीज से नुकसान, कंपनी पर 2.15 लाख रुपये का जुर्माना

संवाददाता,चंदौसी

- दो माह में भुगतान करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के रायसपुर गांव निवासी चेतन सिंह उर्फ चेतन चौधरी की फसल नुकसान के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने बीज कंपनी को दो लाख 15 हजार रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आयोग ने यह भुगतान परिवाद दायर करने की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह के भीतर करने को कहा है।

अधिवक्ता बलराम सिंह ने बताया कि चेतन सिंह ने 2 जून 2025 को कंपनी के अधिकृत विक्रेता से धान का बीज खरीदकर अपने पांच एकड़ खेत में बोया। आरोप है कि बीज खराब होने के कारण फसल सही तैयार नहीं हुई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस संबंध में कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधियों से शिकायत करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने कंपनी को 2 लाख रुपये फसल नुकसान, 10 हजार रुपये मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि तथा 5 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में कुल 2.15 लाख रुपये अदा करने के आदेश दिए। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में भुगतान न करने पर कंपनी को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ पूरी धनराशि का भुगतान करना होगा।

# नगर पंचायत भवन में संचालित होगा सिविल जज न्यायालय

संवाददाता, बबराला


भवन का निरीक्षण करतीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

- जनपद न्यायाधीश ने किया भवन का निरीक्षण

**अमृत विचार:** न्यायिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट का संचालन अब नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में किया जाएगा। इसके लिए सामुदायिक भवन को कोर्ट के अनुरूप तैयार करने हेतु मरम्मत और आवश्यक संशोधन कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं।

शुक्रवार को जिला जज डॉ. विदुषी सिंह ने प्रस्तावित अस्थाई कोर्ट रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरम्मत एवं व्यवस्थागत कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि न्यायिक कार्य बिना किसी बाधा के समय पर शुरू हो सकें। उन्होंने कहा कि कोर्ट के संचालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे वादकारियों और अधिवक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कोर्ट भवन का औपचारिक उद्घाटन 26 मार्च को होने की संभावना है। इस अवसर पर सीजेएम दीपक जायसवाल, तहसीलदार रविन्द्र विक्रम सिंह, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक के घोपा चाकू

**कांठ, अमृत विचार:** दिनदहाड़े रास्ते में रोक कर चार लोगों ने संयुक्त रूप से एक महिला से छेड़खानी का विरोध करने पर महिला के देवर को चारों लोगों ने चाकू घोंप कर घायल कर दिया। छजलैट पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपनी सास और देवर के साथ दवाई लेने जा रही थी। गांव के बाहर एक स्कूल के सामने आजम, सरफराज अजहरुद्दीन, शोइब ग्राम बैरमपुर, थाना छजलैट निवासी चारों लोगों ने संयुक्त रूप से रास्ते में कार से रोक लिया और महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगे। जब महिला के देवर ने विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे युवक को गंभीर चोटे आई हैं।

# शिक्षा और संस्कार दोनों ही आवश्यक

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 9 दिवसीय जन जागरण प्रदर्शनी एवं संवाद कार्यक्रम के तहत बहजोई स्थित डीआर रिसोर्ट में निपुण सम्मान समारोह में जनपद की शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले 494 परिषदीय विद्यालयों को निपुण विद्यालय के रूप में सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के साथ संभल जनपद प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंचा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने की। मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति ने कहा शिक्षा और संस्कार दोनों ही बच्चों के भविष्य के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी, पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव और भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने विचार व्यक्त किए।


बहजोई में सम्मानित की गई निपुण विद्यालयों की प्रधान अध्यापिकाएं व मौजूद अतिथि।

- निपुण भारत मिशन में संभल को मिली बड़ी उपलब्धि

# पेड़ से टकराई कार पांच की मौत

**आगरा,एजेंसी:** जिले में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे कार चालक व एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार रात चित्राहाट थाना क्षेत्र की है जब इटावा जिले के इकदिल थाना क्षेत्र निवासी परिवार के कई लोग कैला देवी के दर्शन कर बोलेरो से लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि रास्ते में कार पेड़ से टकरा गई जिससे पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कार चालक ऋषि (20), कामता प्रसाद (70), उनके बेटे देवेंद्र (35), पुत्रवधु सीमा (32) और तीन वर्षीय पौत्री आराध्य की मौत हो गई।

## न्यूज डायरी

### सामाजिक सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण का आह्वान



**चंदौसी,अमृत विचार :** सिंधी समाज के पूज्य भगवान झूलेलाल की जयंती के अवसर पर महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माधव मिश्र द्वारा भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन ज्योति शर्मा ने किया। कार्यक्रम में रामकिशोर अग्रवाल एडवोकेट, पंडित सुरेश चंद्र शर्मा, वेदराम मौर्य, प्रधानाचार्य वर्षा गर्ग, रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता, आरती वार्ष्णेय, खुशबू वार्ष्णेय, योगिता सागर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### मंत्री को ज्ञापन देकर चंदौसी में एम्स की मांग

**चंदौसी,अमृत विचार :** क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की युवा इकाई ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपकर चंदौसी में एम्स की स्थापना की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की परेशानी होती है। चंदौसी में एम्स बनने से आसपास के जनपदों को बड़ी सुविधा मिल सकेगी। मंत्री गुलाब देवी ने मांग पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**संभल, अमृत विचार :** बदायूं बबराला मार्ग पर होटल से खाना खाकर घर लौट रहे बाइक सवार ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा जनपद संभल की तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र में गांव फतेहपुर के पास गुरुवार रात करीब 10 बजे हुआ। गांव घोंसली निवासी श्रीपाल (45) कादराबाद में एक होटल से खाना खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जुनावई थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।


मृतक श्रीपाल।

### ब्राह्मण महिला सभा की रानी शर्मा अध्यक्ष बनीं



**चंदौसी,अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी के तत्वावधान में गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित एबीसी मोंटेसरी स्कूल में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रानी शर्मा को अध्यक्ष, नीलम राय को सचिव और अंशु नागर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर सुधा शर्मा और सुनीता शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवगठित कार्यकारिणी का पटका और फूलमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में उर्मिला शर्मा, आशा सारस्वत, सुमन मिश्रा, शालिनी शर्मा, साधना पाठक, सपना शर्मा, माधुरी शर्मा, शिप्रा शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना शर्मा ने की, जबकि संचालन संगीता भार्गव ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी ईद की शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। ईद पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि रमज़ान माह के उपरांत मनाया जाने वाला यह पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी को परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति और अधिक प्रेरित करे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से अपील की कि इस अवसर पर सभी सामाजिक समरसता और सद्भाव को और सुदृढ़ करने का संकल्प लें तथा एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ाएं।

### कानपुर मेट्रो परियोजना अगले वर्ष होगी पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कानपुर मेट्रो परियोजना तेजी से अपने विस्तार की ओर बढ़ रही है। कॉरिडोर-1 के शेष हिस्से में जल्द यात्री सेवाएं शुरू होने की तैयारी है, जबकि कॉरिडोर-2 का निर्माण कार्य भी तेज गति से जारी है, जिसे मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आईआईटी कानपुर से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो सेवा पहले से संचालित है। कॉरिडोर-1 के बारादेवी से नौबस्ता तक पांच एलिवेटेड स्टेशनों पर ट्रायल रन जारी है और जल्द ही यहां यात्री सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। कुल 23 किमी लंबे इस कॉरिडोर में 15.4 किमी सेक्शन चालू है, जबकि शेष हिस्से में अंडरग्राउंड व एलिवेटेड निर्माण अंतिम चरण में है। कॉरिडोर-2 के तहत सीएसए यूनिवर्सिटी से बर्रा तक 8.6 किमी लंबे रूट पर निर्माण तेजी से चल रहा है। रावतपुर से डबल पुलिया तक भूमिगत स्टेशन और टीबीएम सुरंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि एलिवेटेड सेक्शन पर भी तेजी से काम जारी है।

### मिशन शक्ति जागरूकता अभियान आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर योगी सरकार का 'मिशन शक्ति 5.0' दूसरे चरण में पहुंच गया है। इसके तहत शनिवार को प्रदेशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला कल्याण विभाग द्वारा नवरात्र के अवसर पर ग्राम, ब्लॉक और जनपद स्तर पर एक साथ मोबाइल वैन, कैंप और स्टॉल के जरिए महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यह अभियान 20 अप्रैल तक प्रतिदिन संचालित होगा। निदेशक डॉ. वंदना वर्मा के अनुसार, अभियान के तहत गांव-गांव तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

### कृषि क्षेत्रीय सम्मेलन 17 को लखनऊ में

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन लखनऊ में 17 अप्रैल को किया जाएगा। इस आयोजन में यूपी के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के साथ ही हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख राज्यों के कृषि मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। कृषि विभाग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि केन्द्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के साथ ही महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा भी होगी। सम्मेलन का स्थान जल्द ही तय किया जाएगा।



ईद-उल-फितर के अवसर पर सुरक्षा को लेकर पुराने लखनऊ के नक्खास क्षेत्र में मार्च करती पुलिस टीम। अमृत विचार

# ईद को लेकर प्रदेश में हाई अलर्ट

## सड़कों पर नहीं होगी नमाज, डीजीपी रखेंगे सीधे लखनऊ से नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ड्रोन से होगी निगरानी, पुलिस रस्सा लेकर निकाय कर्मियों के साथ रोकेगी जानवर

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर के पर्व को देखते हुए प्रदेश भर में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने धार्मिक स्थलों के आसपास शुक्रवार की देर रात से ही गश्त तेज कर दी गई, वहीं सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया गया। शनिवार को नमाज के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में ड्रोन से निगरानी की होगी। उधर, लखनऊ से डीजीपी और अन्य आला अफसर प्रदेश भर की कानून व्यवस्था पर सीधे नजर रखेंगे।

शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व है। इस दौरान सुबह ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए डीजीपी राजीव कृष्ण की ओर से पहले ही साफ कर दिया गया था कि जिलों के पुलिस अधिकारी धार्मिक नेताओं के साथ बात कर तय कर लें कि सड़कों पर नमाज नहीं होगी। धार्मिक स्थलों के पास रात को ही पुलिस तैनात कर दी जाएगी। नमाज के दौरान कोई भी जानवर व्यवधान पैदा नहीं कर पाए, इसके लिए पुलिस नगर निगम के कर्मियों के साथ रस्सा लेकर रहेगी। हालांकि सभी पालकों को पहले ही हिदायत दे दी गई है कि वह शनिवार को नमाज के दौरान जानवरों को बाड़ों में बंद रखें।

### मंदिरों पर भी होगी कड़ी सुरक्षा

ईद के साथ ही नवरात्र भी चल रहे हैं। ऐसे में साफ तौर पर निर्देश हैं कि मंदिरों पर भी कड़ी सुरक्षा रखी जाए। नवरात्र की पूजा अर्चना में कोई भी रुकावट नहीं आनी चाहिए। कोई भी असामाजिक तत्व गलत फायदा उठाने का प्रयास नहीं करे। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मिली मंजूरी

## 19 इकाइयों को 35 करोड़ सब्सिडी, जिलों में लगेंगी इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई रफ्तार, किसानों को सीधा लाभ



**अमृत विचार:** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को गति देने के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी (एसएलईसी) की शुक्रवार को हुई 17वीं बैठक में करीब 300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में 19 परियोजनाओं के लिए 35 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई, जिससे प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

बैठक में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक स्वीकृत 600 करोड़ रुपये में से 318.64 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कुल 353 निवेशकों को अनुदान हस्तांतरित किया गया है, जिनमें 100 इकाइयों को दूसरी और 253 इकाइयों को पहली किस्त जारी की गई है। चालू वित्तीय वर्ष में 300 करोड़ रुपये के बजट के सापेक्ष 19 जनवरी 2026 तक 168.66 करोड़ रुपये (56.22%) का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष भुगतान प्रक्रिया में है।

बैठक में अमरोहा, मेरठ, कानपुर नगर, गोरखपुर, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर, एटा, कौशांबी और रामपुर समेत कई जिलों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। रेडी-टू-ईट उत्पाद, हेल्दी स्नैक्स, पैकेज्ड फूड और कृषि आधारित इकाइयों की स्थापना से स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में थर्ड पार्टी निरीक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि एनएल साहू (वाइस प्रेसिडेंट), राजमिथिलेश कुमार (वरिष्ठ सलाहकार) और ई. श्याम कटारे (मैकेनिकल इंजीनियर) उपस्थित रहे। उत्कृष्ट सत्यापन कार्य के लिए इन्हें सम्मानित भी किया गया। झांसी में पीनट प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### इन जिलों को फायदा

अमरोहा, मेरठ, कानपुर नगर, गोरखपुर, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बुलंदशहर, एटा, कौशांबी, रामपुर

### ये होगा असर

* किसानों को उत्पाद का बेहतर दाम
* फूड प्रोसेसिंग से वैल्यू एडिशन
* रोजगार के अवसर
* प्रदेश बनेगा टेक्सटाइल/फूड हब की दिशा में मजबूत

# एसआईआर : 99.7 फीसदी सुनवाई पूरी

## 27 मार्च तक पूरी हो जाएगी आवेदनों पर लंबित दावों की सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी अंतिम मतदाता सूची



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा

**अमृत विचार:** प्रदेश भर में मतदाता सूची को लेकर एसआईआर के तहत 99.70 फीसदी दावों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। शेष जो भी दावे बचे हैं, उनके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा गया है कि वह 27 मार्च तक सुनवाई कर उनका निस्तारण कर दें। 10 अप्रैल को फाइनल मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मुताबिक, यदि किसी कारणवश नाम मतदाता सूची में छूट गया है, तो वह फॉर्म-6 भरकर स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकृत करा सकते हैं। 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद सभी लोग अपना नाम अवश्य जांच लें। मतदाता सूची अब डिजिटल माध्यमों पर आसानी से उपलब्ध है, जिसे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से देखा जा सकता है। यदि किसी मतदाता के नाम, आयु, फोटो या अन्य विवरण में त्रुटि हो, तो उसे फॉर्म-8 के माध्यम से ठीक कराया जा सकता है।

### पहचान पत्र मिलेगा 15 दिनों के अंदर

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, अब नए मतदाताओं का नाम सूची में शामिल होने के 15 दिनों के भीतर ही मतदाता पहचान पत्र डाक के माध्यम से उनके पते पर भेज दिए जाएंगे। नागरिकों से कहा गया है कि आवेदन करते समय अपना नाम हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में सही दर्ज करें तथा पूरा पता व पिन कोड स्पष्ट रूप से भरें, जिससे किसी प्रकार की त्रुटि या विलंब न हो।

### 6 मार्च के बाद मिले आवेदन भी जुड़ेंगे सूची में

मतदाता सूची को लेकर एसआईआर का कार्य 6 मार्च तक ही होना था। लेकिन मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जो लोग छह मार्च तक नाम बढ़ाने के लिए आवेदन नहीं दे पाए हैं, वह परेशान न हों। 6 मार्च के बाद जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उनके नामों को भी परीक्षण के बाद मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

## राज्य की प्रगति का पैमाना लोगों का बेहतर स्वास्थ्य : राज्यपाल



**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा से आंकी जाती है। स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। राज्यपाल ने शुक्रवार को वृंदावन धाम स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल के कैंसर ब्लाक के लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के आदर्श को रामकृष्ण मिशन ने 118 वर्षों से साकार किया है। एक छोटे से सेवा केंद्र से 400 बेड के बहु-विशेषता वाले अस्पताल तक की यात्रा सेवा एक विराट स्वरूप की झलक है।

# यूपी-टीईटी का कार्यक्रम घोषित, आवेदन 27 से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग ने यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन 25 मार्च से आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जबकि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू होगी।

आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह के अनुसार, इस बार अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थियों को पहले ओटीआर पूरा करना होगा, उसके बाद ही वे आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा प्राथमिक (कक्षा 1-5) और उच्च प्राथमिक (कक्षा 6-8) स्तर के लिए आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि आवेदन से पहले विस्तृत विज्ञापन व दिशा-निर्देश ध्यान से पढ़ लें।

### महत्वपूर्ण तिथियां

* आवेदन व शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू
* अंतिम तिथि : 26 अप्रैल 2026
* संशोधन की अंतिम तिथि : 1 मई 2026
* परीक्षा : 2, 3 और 4 जुलाई 2026

# 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को कल मिलेंगे नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए योगी सरकार 22 मार्च को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 492 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे, जबकि 736 अभ्यर्थियों को प्रदेश के 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और 2 संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा लाइव कार्यक्रम के दौरान पत्र सौंपे जाएंगे।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए यह भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित इन अभ्यर्थियों की तैनाती आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के मेडिकल कॉलेजों के साथ जेके कैंसर संस्थान व हृदय रोग संस्थान, कानपुर में की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव एवं महानिदेशक डॉ. सारिका मोहन ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में 1,097 महिलाएं और 131 पुरुष शामिल हैं।

# मालिनी बनीं प्रोफेसर सिखाएंगी सुरों का जादू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीसीएसयू में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' पद पर नियुक्ति



**अमृत विचार:** पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) मेरठ में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के पद पर नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसके तहत उन्हें एक वर्ष के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक लोककला और संगीत को अकादमिक पाठ्यक्रम से जोड़ना है, ताकि छात्र केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी हासिल कर सकें। विश्वविद्यालय ने इसी क्रम में शैलेंद्र जायसवाल को भी इसी पद पर नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, नई शिक्षा नीति (एनइपी) के तहत 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की अवधारणा को लागू किया जा रहा है, जिसमें अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ सीधे छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं। मालिनी अवस्थी अब छात्रों को लोकसंगीत, ठुमरी, कजरी और पूर्वांचल की गायकी की बारीकियां सिखाएंगी।

## एडेड विद्यालयों के शिक्षकों को ओपीएस का विकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का विकल्प देने का निर्णय लागू कर दिया गया है। यह फैसला वित्त विभाग के 28 जून 2024 के शासनादेश के तहत लिया गया है। विशेष सचिव उमेश चन्द्र ने निर्देश जारी कर कहा है कि शिक्षक अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के स्थान पर ओपीएस चुन सकेंगे। आगे की प्रक्रिया वित्त विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी। लंबे समय से मांग कर रहे शिक्षकों के लिए यह निर्णय राहत भरा है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित पेंशन लाभ मिल सकेगा।

# एकमुश्त समाधान योजना लागू बकायेदारों को मिलेगी राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आवासीय, व्यावसायिक और संस्थागत सभी संपत्तियों पर लागू
- एकमुश्त भुगतान पर तीन फीसदी छूट, किस्तों में भी आसान विकल्प

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों और विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों के बकायेदारों को राहत देते हुए 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस)-2026' लागू कर दी है। यह प्रस्ताव हाल ही में कैबिनेट से मंजूर हुआ था, जिसके बाद शुक्रवार को प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद की ओर से शासनादेश जारी होते ही योजना प्रभावी कर दी गई।

शासनादेश के अनुसार, यह योजना आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत संपत्तियों, सहकारी समितियों और मानचित्र स्वीकृति से जुड़े मामलों पर लागू होगी। लंबे समय से बकाया जमा न कर पाने वाले डिफॉल्टर आवंटियों को अब राहतपूर्ण अवसर दिया गया है। योजना की खास बात यह है कि डिफॉल्टरों से दंडात्मक ब्याज नहीं लिया जाएगा, बल्कि केवल साधारण ब्याज पर बकाया निपटान का विकल्प मिलेगा। इससे हजारों आवंटियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से होगी, जिसके लिए तीन माह की समय-सीमा तय की गई है। आवेदन के साथ निर्धारित प्रोसेसिंग फीस और प्रारंभिक धनराशि जमा करनी होगी। भुगतान व्यवस्था को भी सरल बनाया गया है। 50 लाख रुपये तक के बकाये पर एक-तिहाई राशि 30 दिन में जमा करनी होगी, जबकि शेष राशि तीन माह में किस्तों में देनी होगी। 50 लाख से अधिक बकाये पर सात माह तक का समय मिलेगा। वहीं, 30 दिन के भीतर पूरा भुगतान करने पर 3 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि समयसीमा के भीतर भुगतान न करने पर भू-राजस्व की तरह सख्त वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि व किसान कल्याण को वित्तीय मंजूरी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए कृषि विकास और किसानों की आय बढ़ाने हेतु विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी की हैं। प्राकृतिक खेती, खाद्य सुरक्षा, कृषि प्रसार और बीज उत्पादन पर धन खर्च होगा।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 48.89 करोड़, कृषि एक्सटेंशन हेतु 36.19 करोड़ और प्राकृतिक खेती के लिए 19.68 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा ऑयल सीड, फूड सिक्योरिटी, आलू केंद्र और प्रशासनिक कार्यों के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इसे किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम बताया।

**बदलती तस्वीर** | पिछली चार जीबीसी में 15 लाख करोड़ रुपये जमीन पर, अब नए निवेश की बारी

# 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने के लिए योगी सरकार 7.5 लाख करोड़ की परियोजनाओं के साथ पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की तैयारी में जुटी है। इससे पहले चार जीबीसी के जरिए करीब 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा चुकी हैं, जो प्रदेश की बदलती निवेश तस्वीर का संकेत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मॉडल ने प्रदेश को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया है। 2017 के बाद सरकार ने सबसे पहले सिस्टम में सुधार (रिफॉर्म) किया, फिर नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन (परफॉर्म) पर जोर दिया और अंततः प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव (ट्रांसफॉर्म) लाया। निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 13 अधिनियमों में 99% छोटे आपराधिक प्रावधान समाप्त किए गए। साथ ही एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के जरिए उद्योगों के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया।

प्रदेश को अब तक 50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। सेक्टर आधारित विकास के तहत फिल्म सिटी, टॉय पार्क, फार्मा पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, परफ्यूम पार्क और विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। सरकार का फोकस अब एआई, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसे हाईटेक क्षेत्रों पर है, जिससे रोजगार और निवेश दोनों को गति मिल रही है। योगी सरकार की रणनीति ने उत्तर प्रदेश को सबसे आकर्षक निवेश गंतव्यों में भी शामिल कर दिया है।

## नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से डेयरी सेक्टर को मिली रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार की 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूती दे रही है। तीन वर्षों में 204 डेयरी इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार, योजना के प्रभावी संचालन के लिए बैंक ऋण और अनुदान प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। वर्ष 2023-24 में 50 इकाइयों के लक्ष्य के सापेक्ष अधिकांश मामलों में स्वीकृति अंतिम चरण में है, जबकि 2024-25 में 40 इकाइयों पर काम तेजी से चल रहा है। वर्ष 2025-26 में 57 जनपदों में 114 नई इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# बढ़े मानदेय से वंचित हो सकते विद्युत विभाग के संविदा कर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोरेशन के एमडी ने मानदेय नहीं बढ़ाने के लिए सरकार को भेजा है पत्र

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार जहां विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय 8 से 10 हजार रुपये तक बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है, वहीं पावर कॉरपोरेशन के करीब 80 हजार संविदा कर्मियों को इस लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है। इसकी वजह कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार द्वारा सरकार को लिखा गया पत्र माना जा रहा है।

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिसंबर में आउटसोर्स कर्मियों के लिए सेवा निगम बनाने की घोषणा की थी, जिससे उन्हें बेहतर वेतन और सुविधाएं मिल सकें। लेकिन पावर कॉरपोरेशन के एमडी ने प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन को पत्र भेजकर कंपनी एक्ट के तहत गठित पब्लिक कंपनी होने का हवाला देते हुए कॉरपोरेशन को आउटसोर्स सेवा निगम की व्यवस्था से बाहर रखने की मांग की।

पत्र में कहा गया है कि विद्युत विभाग में तैनात आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति जेम पोर्टल के जरिए सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा की जाती है और प्रदेश के 149 वितरण मंडलों में स्थानीय स्तर पर इनका चयन होता है। ऐसे में निगम के प्रावधान लागू करना व्यावहारिक नहीं होगा।

उधर, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने इसे कर्मियों के साथ अन्याय करार दिया है। उनका कहना है कि यदि यह प्रस्ताव लागू हुआ तो हजारों संविदा कर्मचारी बढ़े मानदेय से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर सभी आउटसोर्स कर्मियों को निगम के दायरे में लाने और बढ़ा मानदेय सुनिश्चित करने की मांग की है।



कुछ मत मांगो, बदले में कुछ मत चाहो। जो कुछ तुम्हारे पास देने को है, वह दो, वह तुम्हें वापस मिल जाएगा, लेकिन अभी इसके बारे में मत सोचो। **–स्वामी विवेकानंद**, दार्शनिक

# ऊर्जा सुरक्षा पर संकट

पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता का केंद्र बनता दिख रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड साउथ पर्स पर इजराइली हमले के बाद ईरान द्वारा नौ देशों में तेल और गैस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना क्षेत्रीय तनाव के साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है। यह संकट जितना भू-राजनीतिक है, उतना ही मानवीय भी, क्योंकि इसकी सीधी चोट आम उपभोक्ता की जेब और जीवन पर पड़ेगी। साउथ पर्स, समरेफ रिफाइनरी और कतर का रास लफान जैसे संयंत्र विश्व ऊर्जा आपूर्ति की धुरी हैं। इन पर हमले से सप्लाई चेन बाधित होती है, बीमा लागत बढ़ती है और समुद्री परिवहन जोखिमपूर्ण हो जाता है। परिणामस्वरूप, बाजार में अनिश्चितता बढ़ती है और कीमतों में उछाल आता है। इंडियन बास्केट का ब्रेंट क्रूड 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, जहां कुल तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फ्रांस, कतर और मलेशिया जैसे देशों के साथ शांति की अपील सकारात्मक कूटनीतिक पहल है। भारत की "संतुलित और संवाद-प्रधान" विदेश नीति इस समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केवल कूटनीति से तत्काल युद्धविराम हो जाएगा। फिर भी, भारत की अपील है कि नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना न बनाया जाए। नैतिक दबाव जरूर बनाती है, विशेषकर तब जब वैश्विक समुदाय भी इसी चिंता को साझा करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह आश्वासन कि इजराइल साउथ पर्स पर दोबारा हमला नहीं करेगा, राजनीतिक बयान अधिक प्रतीत होता है। जमीनी हकीकत यह है कि जब तक क्षेत्रीय अविश्वास और प्रतिद्वंद्विता बनी रहेगी, ऐसे हमलों की आशंका बनी रहेगी। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर बहुआयामी होता है। भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार करों में कटौती या सब्सिडी के माध्यम से अस्थायी राहत दे सकती है, विशेषकर चुनावी राज्यों में, लेकिन यह राहत स्थायी नहीं होती। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे खाद्यान्न, दवाइयां और दैनिक उपभोक्ता वस्तुएं महंगी हो जाती हैं।

महंगाई का यह चक्र अंततः आम आदमी की क्रय शक्ति को कमजोर करता है। यह भी एक यथार्थ है कि चुनावों तक कीमतों को नियंत्रित रखने की कोशिश की जाएगी, परंतु वैश्विक बाजार की ताकतें घरेलू नीतियों पर भारी पड़ सकती हैं इसलिए यह मान लेना कि कीमतें नहीं बढ़ेंगी, व्यावहारिक नहीं है। इस संकट से उबरने के लिए भारत को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। पहला, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करना और वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों जैसे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की ओर रुख करना। दूसरा, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेजी से बढ़ावा देना, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो। तीसरा, ऊर्जा कूटनीति को और सक्रिय बनाना, ताकि संकट के समय विश्वसनीय साझेदार उपलब्ध रहें। यह केवल तेल और गैस का संकट नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता की परीक्षा है। भारत को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में अपने हितों की रक्षा के साथ शांति और सहयोग का मार्ग भी प्रशस्त करना होगा।

## प्रसंगवश

# रिश्तों की गरिमा और स्त्री सम्मान का प्रतीक गणगौर



श्वेता गोयल
शिक्षाविद

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल तिथियों का क्रम नहीं होते, वे जीवन के सूक्ष्मतम भावों, रिश्तों की गरिमा और प्रकृति के साथ मनुष्य के आत्मीय संबंध का जीवंत उत्सव होते हैं। इन्हीं उत्सवों की श्रृंखला में 'गणगौर' एक ऐसा लोकपर्व है, जिसमें आस्था के साथ-साथ प्रेम, समर्पण, सौंदर्य और सामाजिक संवेदनशीलता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पावन पर्व इस वर्ष 21 मार्च को मनाया जाएगा।

गणगौर का नाम ही अपने भीतर एक दिव्य अर्थ समेटे हुए है 'गण' अर्थात् भगवान शिव और 'गौर' अर्थात् माता पार्वती। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शिव-पार्वती के आदर्श दांपत्य, प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी और इसी तपस्या के दौरान उन्होंने गणगौर व्रत का पालन किया। उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया और उन्हें अखंड सौभाग्य का वरदान दिया। तभी से यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्य, सुख-समृद्धि और पारिवारिक मंगलकामना का प्रतीक बन गया। गणगौर का उत्सव विशेष रूप से स्त्रियों के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना से यह व्रत करती हैं, वहीं अविवाहित युवतियां एक योग्य, स्नेही और आदर्श जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता गौरी की पूजा करती हैं। इस दिन स्त्रियां पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर, हाथों में मेहंदी रचाकर और लोकगीतों की मधुर स्वर लहरियों के साथ गणगौर माता का स्वागत करती हैं। उनके गीतों में केवल भक्ति ही नहीं, जीवन की अनुभूतियों, आशाओं और संबंधों की मिठास भी झलकती है। राजस्थान में गणगौर का उत्सव मानो रंगों, परंपराओं और लोकजीवन की जीवंत झांकी बन जाता है। यहां यह पर्व होली के अगले दिन से आरंभ होकर लगभग सोलह दिनों तक चलता है। शहरों और गांवों की गलियों में स्त्रियां सिर पर कलश रखकर, ईसर-गणगौर की प्रतिमाएं लेकर निकलती हैं। ढोल, नगाड़ों और लोकगीतों के बीच जब शोभायात्राएं निकलती हैं, तो पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठता है। विशेष रूप से जयपुर, उदयपुर और बीकानेर में यह उत्सव एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन का रूप ले लेता है।

मध्य प्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में गणगौर का स्वरूप और भी अधिक भावनात्मक और पारिवारिक हो जाता है। यहां माता पार्वती को 'रणुबाई' और भगवान शिव को 'धनीयर राजा' के रूप में पूजा जाता है। यह परंपरा केवल देवी-देवताओं की पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि बेटी और दामाद के सम्मान की भी प्रतीक है। निमाड़ में गणगौर के अवसर पर भगवान शिव को दामाद और माता पार्वती को बेटी मानकर उनका स्वागत किया जाता है। यह परंपरा भारतीय समाज में बेटियों के प्रति आदर और सम्मान की उस गहरी भावना को प्रकट करती है, जो सदियों से हमारी संस्कृति की आधारशिला रही है। यहां गणगौर के नौ दिनों तक विशेष उत्सव का आयोजन होता है। माता की बाड़ी में ज्वारे बोए जाते हैं, जो उर्वरता, नवजीवन और समृद्धि के प्रतीक होते हैं। प्रतिदिन महिलाएं वहां एकत्रित होकर लोकगीत गाती हैं। इन गीतों में भक्ति के साथ-साथ जीवन की सहजता और सांस्कृतिक स्मृतियां भी जीवंत हो उठती हैं। आज के समय में जब समाज में रिश्तों की संवेदनशीलता और स्त्री सम्मान जैसे मूल्य चुनौती के दौर से गुजर रहे हैं, गणगौर का यह उत्सव और भी अधिक प्रासंगिक हो उठता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि परिवार केवल संबंधों का ढांचा नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और प्रेम की नींव पर टिका एक जीवंत संसार है। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# रोटी, बेटी और माटी बनाम मां, माटी और मानुष





अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक

2011 के विधान सभा चुनाव में मां, माटी और मानुष का नारा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के दिलों दिमाग पर छा गया था। उन्होंने राज्य की सत्ता पर काबिज वाम सरकार को उखाड़ फेंकते हुए इस नारे को गढ़ने वाली तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी को सत्ता सौंप दी थी। तब से लगातार तीन बार ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बन चुकी हैं और इस मर्तबा चौथी बार पश्चिम बंगाल के सीएम के रूप में शपथ लेने के लिए फिर से मैदान में उतर गई हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इस बार उन्हें भाजपा से सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मुकाबला कांटे का और बेहद नजदीकी होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता के मां माटी और मानुष के जवाब में रोटी, बेटी और माटी का नारा दिया है। रोटी का आशय रोजगार से है, तो माटी को वे बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों से जोड़ रहे हैं, जिन्होंने बंगाल की भूमि पर अवैध रूप से डेरा जमा लिया है, जबकि बेटी का आशय महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से है। ममता सरकार में आए दिन बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आते रहे हैं। बंगाल में बेरोजगारी चरमसीमा पर है। बड़े पैमाने पर वहां के लोग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों में रोजगार के लिए पलायन करने को विवश हैं। भाजपा राज्य के युवाओं से औद्योगिक विकास और अन्य माध्यमों से रोजगार देने का वादा कर रही है, लेकिन ममता बनर्जी फिर से मां, माटी और मानुष का ही तीर इस्तेमाल कर रही हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री मोदी के रोटी, बेटी और माटी के नारे के आगे उनका दांव कितना सटीक बैठता है।

2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 215 सीटें जीतीं थीं, तो गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (तमांग) को एक, भाजपा को 77 और भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा को एक सीट मिली थी। वामपंथियों और कांग्रेस का सफाया हो गया था। तब भाजपा को उम्मीद थी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और टीएमसी से अलग होकर साथ आए सुभेंदु अधिकारी के दम पर वह ममता बनर्जी को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी, लेकिन यह संभव नहीं हो सका, क्योंकि पार्टी के पुराने नेता टीएमसी, कांग्रेस से आए नेताओं के साथ तालमेल नहीं बैठा सके। सत्ता से दूर रह जाने की वजह पार्टी की आंतरिक कलह माना गया। यही वजह है कि इस बार दूसरे दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल कराने के बजाय अपने स्थापित नेताओं पर ही भाजपा दांव लगाने को आतुर है। भाजपा की निगाह असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पर भी टिकी है। बिहार विधान सभा में पांच सीटों पर जीत दर्ज करने वाले ओवैसी टीएमसी के बागी हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ गठबंधन करने जा रहे हैं। इससे टीएमसी के लिए थोड़ा मुश्किल खड़ी होगी, क्योंकि इस गठबंधन से भाजपा को फायदा होगा। इसके साथ ही भाजपा को एंटी इनकंबेंसी का लाभ मिलने की उम्मीद है। 15 सालों से सत्ता में रहकर टीएमसी अभी तमाम मूलभूत समस्याओं को हल नहीं कर पाई है।

हालांकि पार्टी इस चुनाव में ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत हमला करने से बच रही है, लेकिन उनके मुकाबले मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित नहीं कर रही है। पार्टी की रणनीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ने की है। चेहरा घोषित कर रणनीतिकार आतंरिक कलह को बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं, जो रूठे हैं, उन्हें मना लिया गया है। इस कारण टिकट की घोषणा के बाद नाराजगी की खबरें सामने नहीं आईं। भाजपा ने ममता को सत्ता से हटाने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों के जिला स्तर के पदाधिकारियों को भी काम सौंपा है। पार्टी के छोटे-छोटे पदाधिकारी भी बंगाल की गलियों में घूम रहे हैं और मतदाताओं को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा सरकार आने पर कैसे उनके हित में काम होंगे। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार की किन कल्याणकारी योजनाओं को अपने यहां लागू न करके उन्हें उनके लाभ से वंचित किया है। बांग्लादेश के घुसपैठियों को संरक्षण मिलने से कैसे वे उनके रोजगार को छीन रहे हैं और उनकी भूमि पर कब्जा करके उनका हक मार रहे हैं।

उधर, सत्ता में बने रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कर्मचारियों को उनके बकाया देयों का भुगतान करने की घोषणा के साथ ही महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं कर दी हैं। अभी तमाम लोक लुभावने वादे भाजपा, टीएमसी और कांग्रेस द्वारा किए जाएंगे। घोषणा पत्र तैयार हो रहे हैं। इन्हें तैयार करने में जनता की राय भी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने एंटी इनकंबेंसी से बचने के लिए तमाम विधायकों के टिकट काट दिए हैं। आपराधिक छवि वाले विधायकों को टिकट देने से भी परहेज किया गया है। हालांकि ममता की चिंता हुमायूं कबीर और ओवैसी बढ़ा रहे हैं। बाबरी मस्जिद बनाने की घोषणा के साथ ही उसकी नींव रखकर हुमायूं कबीर ने बड़ा दांव चल दिया है। मुस्लिमों का रहनुमा बनने के लिए वह लगातार मुस्लिम बहुल इलाकों में भ्रमण कर रहे हैं। यदि दो-चार प्रतिशत वोट भी हुमायूं और ओवैसी के खाते में गए तो इसका नुकसान ममता को होगा और फायदा भाजपा को मिलेगा।

अभी वामपंथी दलों ने यहां अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस एकला चलो नीति को लागू कर चुकी है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को आधा दर्जन सीटों का ऑफर दिया था, लेकिन पार्टी ने प्रस्ताव ठुकरा दिया था। भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी, इसके मुकाबले ममता बनर्जी भाजपा की रणनीति को कमजोर करने के साथ पहले की तरह आक्रामक चुनावी अभियान को दिशा देने में जुटी हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भाजपा को लग रहा है कि मोदी के चेहरे, ओवैसी-कबीर की जुगलबंदी, एंटी-इनकंबेंसी और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर रोटी, बेटी और माटी के नारे के साथ वह इस बार बंगाल का किला आसानी से फतह कर लेगी।

## आमने सामने



नाव पर इफ्तार मनाने में क्या दिक्कत है? उन लोगों ने पुलिस की हथेली पर ईदी नहीं रखी होगी। रख देते तो सब सही चलता। अखिलेश ने कहा कि प्रशासन को खुश करने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जाती है। त्योहार कहीं भी मनाया जा सकता है, चाहे वह घर की छत हो या नाव पर हो।
– **अखिलेश यादव,** पूर्व सीएम, उप्र

मां गंगा हमारी पवित्र नदी है। करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है और उस आस्था से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। हिंदू गंगा में स्नान कर पुण्य कमाते हैं, कोई अगर उसमें मांस के टुकड़े फेंकेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिलेश जी को कम से कम इस कृत्य की निंदा करनी चाहिए। वोट के लिए तुष्टिकरण नहीं करना चाहिए।
– **ब्रजेश पाठक**, डिप्टी सीएम, उप्र



# विधान सभाओं में वंदे मातरम् का नया अध्याय



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
पूर्व मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी, राजस्थान विधानसभा

लोकतंत्र के मंदिर जब राष्ट्रभक्ति के स्वरों से गुंजायमान होते हैं, तो वे केवल विधिक प्रक्रियाओं का निर्वाह नहीं करते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना को स्वर प्रदान करते हैं। वर्तमान में 'वंदे मातरम्' को लेकर देश की विभिन्न विधान सभाओं में जो नई परंपराएं शुरू हो रही हैं, वे केवल औपचारिक बदलाव नहीं, बल्कि हमारी विधायी संस्थाओं के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। यह उस संगीतमय संविधानवाद की पुनर्स्थापना है, जिसकी नींव 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के अंतिम दिन अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी। उन्होंने घोषणा की थी कि 'जन-गण-मन' के साथ-साथ 'वंदे मातरम्' को भी समान रूप से सम्मान और पद प्राप्त होगा, जिसने भारतीय गणराज्य की संप्रभुता को स्वाधीनता संग्राम की भावनात्मक विरासत से जोड़ दिया।

संसदीय परंपराओं के विकास में अगस्त 1992 को मील का पत्थर कहा जा सकता है, जब लोकसभा की सामान्य प्रयोजन संबंधी समिति ने राष्ट्रीय प्रतीकों के विधायी उपयोग की अनुशंसा की थी। 24 नवंबर, 1992 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि लोकसभा के सत्र का शुभारंभ राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' से और समापन राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' से किया जाएगा। राज्यसभा के 165 वें सत्र में 25 नवंबर, 1992 को इस प्रथा की शुरुआत हुई तथा सत्र के समापन पर 23 दिसंबर, 1992 को पहली बार सभा में वंदे मातरम् बजाया गया।

इस परंपरा के निर्वाह में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश विधानसभा की भूमिका ऐतिहासिक रूप से अग्रणी रही है। इन राज्यों ने संसदीय स्वायत्तता का परिचय देते हुए इस परंपरा को संसद द्वारा अपनाए जाने से पूर्व ही अंगीकार कर लिया था। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा की पहल पर 2 सितंबर, 1992 को, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के नेतृत्व में 16 सितंबर, 1992 को तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी द्वारा 28 अक्टूबर, 1992 को सत्र की शुरुआत 'वंदे मातरम्' से करने की अनूठी परिपाटी शुरू हुई।

इन विधान सभाओं ने सांस्कृतिक वंदना को विधायी कार्य का प्रेरक स्रोत मानते हुए राष्ट्रीय गीत से सत्र का शुभारंभ किया, जिसे संसद के 'रिवर्स प्रोटोकॉल' के रूप में देखा गया। इस परंपरा का अनुसरण करते हुए बाद में छत्तीसगढ़ (27 फरवरी, 2001) और कर्नाटक (25 नवंबर, 2013) विधानसभा ने भी इसे अपनाकर यह सिद्ध किया कि संघीय ढांचे में राज्य अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता के अनुसार राष्ट्रीय प्रतीकों को गौरवान्वित कर सकते हैं। राष्ट्रीय गीत के प्रस्तुतीकरण में एकरूपता और ऐतिहासिक शुद्धता के लिए 28 जनवरी, 2026 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों ने एक वैश्विक मानक स्थापित किया है। इन निर्देशों में 'वंदे मातरम्' के सभी छह छंदों के गायन हेतु 3 मिनट 10 सेकंड की अवधि निर्धारित की गई, जो इसे मात्र एक समूहगान से ऊपर उठाकर एक पूर्ण अनुष्ठान का दर्जा प्रदान करती है। इस दिशा में राजस्थान विधानसभा ने 10 मार्च, 2026 को एक नया इतिहास रचा जब पांचवें सत्र के समापन पर पहली बार 'वंदे मातरम्' के संपूर्ण छह छंदों और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान भी बजाया गया। यह परिवर्तन मात्र समय का विस्तार नहीं, बल्कि इस गीत के उस पूर्ण स्वरूप के प्रति सम्मान है, जिसे स्वाधीनता सेनानी अक्सर गुनगुनाया करते थे। इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसरण में मेघालय (16 फरवरी, 2026) और हरियाणा (20 फरवरी, 2026) विधानसभा ने भी अपने-अपने बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ कर एक नए विधायी युग का सूत्रपात किया है। विचारणीय है कि जिन राज्य विधानमंडलों में अभी तक राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के नियमित गायन अथवा वादन की परंपरा विकसित नहीं हुई है, वहां यह स्वस्थ संसदीय परंपरा कब और किस रूप में प्रारंभ होगी और यह भी कि क्या वह केवल औपचारिकता रहेगी या जीवंत परंपरा का रूप लेगी।

भारतीय संसदीय संस्थाओं में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के प्रयोग की कोई एक जैसी परंपरा प्रचलन में नहीं है। संसद में 1992 में शुरू हुई प्रथा के अनुसार सत्र का प्रारंभ राष्ट्रगान से और समापन राष्ट्रीय गीत से होना एक प्रकार की संतुलित संसदीय परंपरा है, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति समान रूप से सम्मान की भावना अभिव्यक्त होती है। इसके विपरीत, कुछ राज्य विधान सभाओं में यह क्रम उलट कर सत्र का आरंभ 'वंदे मातरम्' से तथा समापन 'जन-गण-मन' से करने की परंपरा प्रचलन में है।

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया। यदि हमारी संसदीय संस्थाएं और उनके प्रतिनिधि संसदीय शुचिता, कर्त्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित के प्रति निःस्वार्थ समर्पण को अपने आचरण से परिलक्षित करें, तो 'वंदे मातरम्' का आदर्श केवल एक उद्घोष न रहकर लोकतंत्र की जीवंत प्रेरणा बन सकता है। इसकी सार्थकता तभी है, जब राष्ट्रीय गीत के स्वर सदन की गरिमा और शुचिता में भी अनुगूंजित हों।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नैतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक आधार प्रदान किया।

## सोशल फोरम

# संकट के काले बादल



विजय सिंह
रुद्रपुर

इजरायल-अमेरिका व ईरान युद्ध की स्थिति इतनी जटिल हो गई है, कि आज कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। एक समय लगने लगा था कि अमेरिका अब युद्ध समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, परंतु उसकी मंशा को भांपते हुए, इजराइल कोई न कोई ऐसी हरकतें कर देता है, जिससे युद्ध और भी भड़कता जा रहा है। इसी क्रम में ही उसने ईरान के वरिष्ठ सुरक्षा चीफ अली लारीजानी की हत्या कर डाली, उसके बाद ईरान के गैस फील्ड पर मिसाइल दाग दिए। जवाबी कार्यवाही में ईरान ने भी इजराइल के गैस व पेट्रोल संयंत्रों पर मिसाइल दागे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, कतर और सऊदी अरब के भी गैस संयंत्रों को भारी क्षति पहुंचाई है। ऐसा लगता है अब यह युद्ध एक-दूसरे के गैस व कच्चे तेल को नष्ट करने की तरफ केंद्रित हो गया है। यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप इजरायल की इन हरकतों को समझ गए हैं और उन्होंने इसके लिए इजराइल से चेतावनी भरे लहजे में अपनी नाराजगी भी जाहिर की है, परंतु स्थिति की जटिलता और उनकी स्वयं की असमंजसता, उन्हें किंकर्तव्यविमूढ़ बनाए हुए हैं।

ईरान तो बर्बाद हो ही रहा है। ऐसे में अब उसके पास खोने को कुछ भी नही बचा है, अतः उसने भी ठान लिया है कि चाहे कुछ भी हो, दुश्मनों की मंशा पूरे नही होने देंगे। जीत का श्रेय लेने के लिए इसके अलावा और कोई चारा भी तो उसके पास नहीं बचा है। इस युद्ध की भयावहता की बात की जाए, तो जिस प्रकार से आज इसमें प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त देश एक-दूसरे की ऊर्जा संयंत्र और उसकी सप्लाई लाइन को ही नष्ट करने पर तुले हैं, पूरे विश्व में ही घोर ऊर्जा संकट के बादल छा गए हैं। खाड़ी देशों में गैस व कच्चा तेल का उत्पादन और उनकी सप्लाई निरंतर कम होती जा रही है, यही कारण है कि इनकी कीमतें आसमान छूने लगी हैं। यदि युद्ध लंबा खिंचता है, ऐसी स्थिति में विश्व के सभी मुल्कों में महंगाई और उनकी आर्थिक स्थिति बद से बदतर होने से कोई भी रोक नहीं सकता। इसकी थोड़ी बहुत झलकियां अभी से दिखनी शुरू हो गईं हैं। गनीमत यही है कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अधिकांशतः देश अभी काफी संयम दिखा रहे हैं, अन्यथा नेतन्याहू और ट्रंप ने उन्हें भी इस युद्ध में झोंकने के लिए, कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। इसके विपरीत भारत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। भले ही लोगों द्वारा इस युद्ध से लाख फायदे गिनाए जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यही है कि संकट की इस घड़ी में, जहां आम जनता को अकल्पनीय महंगाई की मार झेलनी होंगी, वहीं देश की डांवाडोल आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए सरकार को भी तैयार रहना होगा।

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# सुरक्षित कल की नींव रखती है हर नन्हीं सांस



कृति जैन
लेखिका

भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है और इस बार यह उपलब्धि किसी युद्ध, अर्थव्यवस्था या तकनीकी क्रांति की नहीं, बल्कि मानवता की सबसे कोमल धरोहर हमारे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी है। जिस देश में कभी हजार में सैकड़ों बच्चे पांच वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही जीवन की जंग हार जाते थे, आज वही भारत अपने बचपन को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और आश्वस्त बना चुका है। पिछले लगभग तीन दशकों में बाल मृत्यु दर में 79 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की आंखों में लौटी मुस्कान और अनगिनत सपनों के पुनर्जन्म की कहानी है।

बीते वर्षों में भारत ने जिस गति से प्रगति की है, वह सचमुच प्रेरणादायक है। 1990 में जहां 1000 में से 127 बच्चों की मृत्यु पांच वर्ष की आयु से पहले हो जाती थी, वहीं 2024 तक यह संख्या घटकर मात्र 27 रह गई है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर भी 57 से घटकर 17 प्रति 1000 हो गई है। ये आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं, बल्कि उन असंख्य जीवनों की गवाही हैं, जिन्हें समय रहते बचा लिया गया। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब नीतियां सही दिशा में हों और इरादे मजबूत हों, तो असंभव भी संभव बन सकता है। इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर भी सराहा गया है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट ने भारत के इस परिवर्तन को न केवल स्वीकार किया है, बल्कि इसे एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। 2025 की यूएन आईजीएमई रिपोर्ट के अनुसार, अंडर-5 मृत्यु दर में 79 प्रतिशत और नवजात मृत्यु दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दक्षिण एशिया में इस सुधार में भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इतनी विशाल और विविध आबादी वाले देश में इस स्तर का सुधार आसान नहीं होता। इस बदलाव के पीछे भारत सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य ढांचे की निर्णायक भूमिका रही है। जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया, जिससे प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों में कमी आई। यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को समय पर टीकाकरण मिला, जिसने कई घातक बीमारियों को नियंत्रित किया। स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स और टेली-एसएनसीयू जैसी पहलों ने दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं। साथ ही, आईएमएनसीआई जैसी रणनीतियों ने बच्चों के बीमार होने पर त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया।

यदि क्षेत्रीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो दक्षिण एशिया में भी भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2000 में जहां इस क्षेत्र की बाल मृत्यु दर 92 प्रति 1000 थी, वह 2024 तक घटकर 32 रह गई, जिसमें भारत का योगदान प्रमुख रहा है। वैश्विक स्तर पर भी भारत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय कमी आई है। यह दिखाता है कि एक विकासशील देश भी सुनियोजित प्रयासों से विश्व स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। जमीनी स्तर पर इन उपलब्धियों का असर साफ दिखाई देता है। हालांकि इस सफलता के बावजूद चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। वैश्विक स्तर पर अभी भी लाखों बच्चों की मृत्यु हो रही है और भारत के कुछ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयासों की गति बनाए रखने पर जोर दिया है। भारत की यह यात्रा केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। यह दुनिया को सिखाती है कि यदि नीतियां समावेशी हों और प्रयास निरंतर हों, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## जहांआरा के सपनों में आई थीं मां बाल सुंदरी

औरंगजेब की बहन जहांआरा का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा था। औरंगजेब ने बड़े-बड़े वैद्य और हकीमों को बुलाया, लेकिन उसकी बहन पर दवाओं का कोई असर नहीं हुआ। कुछ दिनों बाद औरंगजेब की बहन के सपने में मां बाल सुंदरी ने बाल रूप में दर्शन दिए। मां ने सपने में आकर कहा कि उसका भाई औरंगजेब मंदिर का जीर्णोद्धार कराए, तो वह पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएगी। अगले दिन यह बात जहांआरा ने औरंगजेब को बताई, जिसके बाद औरंगजेब ने तुरंत मंदिर के लिए अपने श्रमिक भेजकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर के ऊपर बनी मस्जिद नुमा आकृति एवं तीन गुंबद इस बात को प्रमाणित करते हैं।

# शक्तिपीठों में से एक मां बाल सुंदरी

ऊधम सिंह नगर के काशीपुर में कुंडेश्वरी मार्ग पर मां बाल सुंदरी मंदिर स्थित है। यह 52 शक्तिपीठों में से एक है। माता का यह नाम उनके द्वारा बाल रूप में की गई लीलाओं की वजह से पड़ा है। इसे पूर्व में उज्जैनी एवं उनकी शक्तिपीठ के नाम से भी जाना जाता था। यहां प्रतिवर्ष चैत्र मास की नवरात्र में चैती मेले का आयोजन किया जाता है। धार्मिक एवं पौराणिक काल में इसे गोविषाण नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल का इतिहास समेटे काशीपुर में मुगल शासक औरंगजेब जैसे मूर्तिभंजक शासक को नतमस्तक होना पड़ा था। यहां उज्जैनी शक्तिपीठ के नाम से प्रसिद्ध मां भगवती बाल सुंदरी का मंदिर शक्तिपीठ भी माना जाता है। किवदंतियां हैं कि औरंगजेब की बहन का स्वास्थ्य खराब हुआ, तो मां बाल सुंदरी ने उनकी बहन को सपने में दर्शन दिए। तब उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया।





### मंदिर में गिरी थी माता सती की बायीं भुजा

मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि चैती परिसर में भगवान विष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से माता सती के अंगों को काट दिए जाने के बाद माता की बायीं भुजा यहां गिरी थी। तब यहां माता की कोई मूर्ति नहीं, बल्कि एक शिला पर उनकी बायीं भुजा की आकृति गढ़ी हुई है, जिसकी श्रद्धालु पूजा करते हैं।

### अष्टमी से उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

मुख्य पंडा विकास बताते हैं कि शाक्य संप्रदाय से संबंधित अधिकांश मंदिरों में नवरात्रि में मेले लगते हैं। इसी तरह मां बाल सुंदरी मंदिर भी नवरात्र में अष्टमी, नवमी व दशमी के दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या मंद भीड़ उमड़ती है। माता पक्काकोट मंदिर से सप्तमी की अर्धरात्रि को पहुंचती हैं।

### मंदिर परिसर में स्थित है खोखला कदंब वृक्ष

लोक मान्यता अनुसार जो लोग इस मंदिर के वर्तमान पंडा है, उनके पूर्वज मुगलों के समय से यहां आए थे, तभी से मां बाल सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। इस मंदिर परिसर में एक कदंब वट, पीपल आदि के पेड़ स्थित हैं। कदंब का तना और पतली टहनी तक सब खोखला है। पंडा पेड़ के संबंध में मान्यता बताते हैं कि एक बार एक महात्मा आए उन्होंने मंदिर के पंडा को शक्ति दिखाने को कहा, तो पंडा ने कदंब के पेड़ पर सरसों मारी तो पेड़ तुरंत सूख गया। उन्होंने फिर उसे हरा करने को कहा, तो पंडा ने पानी छिड़का, इसके बाद पेड़ हरा हो गया, लेकिन पेड़ खोखला रह गया।



कुंदन बिष्ट
काशीपुर

### बुक्सा जनजाति की कुलदेवी

आदि शक्ति की बाल रूप में पूजा होने के कारण ही इसे बाल सुंदरी कहा जाता है। मां बाल सुंदरी बुक्सा समाज की कुलदेवी है। आज भी बुक्सा समाज के लोग वर्ष में एक बार माता की विधिवत पूजा करने आते हैं और जागरण व भंडारे का आयोजन करते हैं। बताया कि गदरपुर, बाजपुर और रामनगर में बुक्सा समाज के लोग रह रहे हैं। माघ से फाल्गुन तक इन गांव के प्रत्येक घर में चिरागी (पूजा) कर उठावनी होती है। बुक्सा समाज के लोग चैत्र नवरात्र में अष्टमी, नवमी, दशमी पर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## समय के साथ मंदिर का किया जा रहा जीर्णोद्धार

जैसे-जैसे समय गुजरता गया मंदिर का भी जीर्णोद्धार होता रहा। आज मंदिर का स्वरूप काफी हद तक बदल गया है। मुख्य पंडा विकास के मुताबिक इस बार श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए दो नए यात्री निवास बनाए गए हैं, जहां श्रद्धालु नि:शुल्क ठहर सकेंगे। इन यात्री निवासों में पंखों सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही मुंडन संस्कार के लिए एक बड़ा हॉल भी तैयार किया जा रहा है ताकि छोटे बच्चों और उनके परिवारों को भीड़भाड़ से अलग व्यवस्थित स्थान मिल सके। इसके साथ मंदिर के दक्षिण द्वार के पास श्रद्धालुओं के लिए एक नया प्याऊ बनाया जा रहा है। इसके लिए करीब 300 फुट गहरा बोर कराया गया है।

**बंटवारे के बाद बची कम भूमि :** भूमि बंटवारे के बाद चैती मंदिर में लगने वाले मेले के लिए अब पहले से कम भूमि बची है। खासतौर पर जिस स्थान पर नखासा बाजार लगता था। वहां लगभग कई निर्माण हो चुके हैं।

## मेले में बरेली और झारखंड की मशहूर है लाठी

चैती मेले में एक दशक पूर्व तक लाठी-डंडों का बाजार खासा प्रसिद्ध था। लोग सालभर इसका इंतजार करते थे। खासतौर पर बरेली और झारखंड की लाठियां मशहूर थीं। लाठी कारोबारी वहां से लाठी थोक में लेकर आते थे।

## वर्ष 2018 से मेले का आयोजन करा रहा प्रशासन

वर्ष 2018 से पूर्व मंदिर के पंडाओं द्वारा मेले का आयोजन किया जाता था, लेकिन वर्ष 2018 के बाद प्रशासन मेले का आयोजन कर रहा है। हालांकि मेले का आयोजन कौन करेगा इसका वाद हाईकोर्ट में अभी भी विचाराधीन चल रहा है, लेकिन प्रशासन के मेला आयोजन करने के बाद दुकानदारों को मेले में दुकाने लेने के लिए भारी कीमतें चुकानी पड़ रही है।

### 12 वां उप ज्योतिर्लिंग

चैती मैदान परिसर में ही महाभारत कालीन मोटेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग 12 वां उप ज्योतिर्लिंग है। शिवलिंग की मोटाई अधिक होने के कारण यह मोटेश्वर महादेव मंदिर के नाम से विख्यात है। स्कंद पुराण में भगवान शिव ने कहा कि जो भक्त कांवड़ कंधे पर रखकर हरिद्वार से गंगा जल लाकर यहां चढ़ाएगा उसे मोक्ष मिलेगा।



### हाईकोर्ट के बाद बलि प्रथा पर लगी रोक

चैती मेला में मां बाल सुंदरी से मन्नतें मांगने वाले लोग मन्नत पूरी होने पर बकरों की बलि देते थे, लेकिन वर्ष 2009 में उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा बलि प्रथा पर रोक लगाने के बाद मंदिर में बलि प्रथा पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। हालांकि लोग आज भी मन्नतें पूरी होने पर बकरे लाते हैं, लेकिन उन्हें छोड़ जाते हैं।

### डाकू सुल्ताना से लेकर फुलन देवी तक आते थे नखासा बाजार में घोड़े खरीदने



चैती मेले में लगे आ रहे नखासा बाजार का भी अपना इतिहास है। मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री के मुताबिक पंडा परिवार नौ पीढ़ियों से भी अधिक माता की सेवा करता आ रहा है। इस दौरान लगने वाले चैती मेले में नखासा बाजार भी लगता था। जहां राजस्थान, गुजरात समेत यूपी के अन्य जगहों से घोड़ों की कई तरह की नस्ल बेचने को लाई जाती थीं। पंडा अग्निहोत्री ने बताया कि नखासा बाजार में मशहूर डाकू सुल्ताना और फूलन देवी भी घोड़े खरीदने आया करते थे।

---

**जॉब का पहला दिन**

## सीखने के सफर की शुरुआत

मेरी नौकरी का पहला दिन मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार दिनों में से एक था। उस दिन मेरे भीतर उत्साह, जिज्ञासा और हल्की घबराहट तीनों का अनोखा मिश्रण था। जब मैं पहली बार ऑफिस पहुंची, तो सब कुछ नया और अलग-सा लगा। लोगों की तेज चाल, कंप्यूटर की लगातार चलती आवाजें और हर किसी का अपने काम में डूबा होना। यह सब मेरे लिए एक नया अनुभव था।



भावना
हल्द्वानी

पहली बार किसी न्यूज रूम में मौजूद होना अपने आप में रोमांचक था। वहां का माहौल बेहद तेज और व्यस्त था, जहां हर खबर को समय पर और सटीक तरीके से तैयार करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। मुझे शुरुआत में यह समझने में थोड़ी कठिनाई हुई कि किस तरह हर व्यक्ति बिना समय गंवाए अपने-अपने काम में जुटा रहता है, लेकिन धीरे-धीरे मैं उस वातावरण को महसूस करने लगी। पहले ही दिन मुझे खबरें लिखने, तथ्यों की पुष्टि करने और उन्हें सही ढंग से प्रस्तुत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। यह सब मेरे लिए बिल्कुल नया था। कभी जानकारी अधूरी मिलती, तो कभी समय की कमी के कारण उसे जल्दी से संकलित करना पड़ता। ऐसे में कई बार लगा कि यह काम मेरी अपेक्षा से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैंने इसे एक अवसर के रूप में लिया और हर कठिनाई को सीखने का जरिया बनाया। दिनभर के काम के दौरान कई बार ऐसा महसूस हुआ कि समय बहुत तेजी से भाग रहा है और मैं उसे पकड़ने की कोशिश कर रही हूं। फिर भी, मैंने खुद को संभाला और हर कार्य को समझने की पूरी कोशिश की। वरिष्ठों का मार्गदर्शन और सहयोग भी मुझे लगातार मिलता रहा, जिसने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया।

इस पहले दिन ने मुझे सिखाया कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का काम नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी, सतर्कता और धैर्य की परीक्षा भी है। सही निर्णय लेना और हर जानकारी को परखना इस क्षेत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

दिन के अंत में जब मैंने अपने काम को पूरा किया, तो एक अलग ही संतोष की अनुभूति हुई। थकान के बावजूद मन में खुशी थी कि मैंने एक नए सफर की शुरुआत कर ली है। यह पहला दिन मेरे लिए न केवल एक अनुभव था, बल्कि एक प्रेरणा भी, जो आगे बढ़ने की राह दिखाता रहेगा।





---

# 'परछाइयां': साहिर लुधियानवी की सृजन स्थली



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मुंबई कभी रुकती नहीं। यह शहर मानो समय की धड़कन पर दौड़ता रहता है- दिन-रात, बिना ठहरे, बिना थके। सड़कों पर भागती कारें, देर रात तक जगती रोशनियां और काम में डूबे लोग इस शहर की पहचान हैं, लेकिन जब आप जूहू की तरफ मुड़ते हैं और अरब सागर के किनारे पहुंचते हैं, तो अचानक सब कुछ बदल जाता है। शहर का शोर पीछे छूट जाता है। हवा में एक धीमी नमी है और लहरें एक अनवरत संगीत रचती रहती हैं। इसी शांत इलाके में छिपा है वह घर, जहां मशहूर शायर साहिर लुधियानवी ने अपने जीवन का लंबा और रचनात्मक समय बिताया। उस घर का नाम है- 'परछाइयां'।



**'परछाइयां' की तलाश में-** रास्ते में कई लोगों से पूछते हैं। कोई कंधे उचकाकर कहता है-'पता नहीं।' कोई मुस्कराकर आगे बढ़ जाता है, लेकिन जिद है उस घर को देखने की, जहां साहिर ने अनेक कालजयी गीत और गजलें लिखीं। दीवारों को छूने की, उन कमरों की हवा में सांस लेने की। चलते रहते हैं, गलियों से गुजरते हैं। अजीब संयोग जैसे ही पूछना छोड़ देते हैं, रास्ता खुद खुल जाता है। अचानक एक बड़े, सलेटी रंग के शांत बंगले की नेमप्लेट पर नजर ठहर जाती है। काले अक्षरों में रोमन लिपि में लिखा है- 'परछाइयां'।

'परछाइयां' अर्थात साये। यह नाम पढ़ते ही साहिर की कई पंक्तियां जेहन में उभर आती हैं। उनकी शायरी में गहरी उदासी थी, पर वह उदासी निराशा नहीं, बल्कि संवेदना की रोशनी थी। यह बंगला लगभग पांच सौ वर्ग गज में फैला है। मुंबई में रहने वाले वास्तु विशेषज्ञ डॉ. जेपी शर्मा लाल धागेवाले साहिर साहब के बंगले को गुजरे कई दशकों को देख रहे हैं। वे बताते हैं कि "इसकी बालकनियों से कभी अरब सागर साफ दिखता होगा। ऊपर की मंजिलों में साहिर अपनी मां के साथ रहते थे। शाम ढलती, समुद्र से ठंडी हवा आती और कमरों में किताबों, कागजों और स्याही की हल्की गंध फैल जाती। यही वह जगह थी, जहां रातें जागती थीं और शब्द धीरे-धीरे कविता का रूप ले लेते थे।"




**सृजन का माहौल और अमर गीत :** इस घर के दरवाजे दोस्तों के लिए हमेशा खुले रहते थे। फिल्मकार, संगीतकार, कवि और शायर यहां आया करते। कोई धुन गुनगुनाता, कोई राजनीति पर बहस छेड़ देता, तो कोई नई कविता सुनाता। साहिर चुपचाप सुनते, फिर अचानक एक पंक्ति कहते और कमरे में सन्नाटा छा जाता, क्योंकि वह पंक्ति सीधे दिल में उतरती थी। इसी माहौल में कई अमर फिल्मी गीत जन्मे। जैसे 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' (फिल्मः नौटंकी), जो प्रेम की मस्ती को बयां करता है, या 'तुमसा नहीं देखा' (फिल्मः तुमसा नहीं देखा), जिसमें साहिर की रोमांटिक संवेदना झलकती है। उनकी पंक्तियां आदर्शों की टूटन, समाज की विडंबना और प्रेम की कोमलता को एक साथ बोलती थीं। उनकी कलम विरोध भी करती थी और इंसानियत की लौ बचाए रखती थी। फिल्म प्यासा के 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है' जैसे गीत इसी घर की दीवारों में गूंजे होंगे, जहां सामाजिक अन्याय पर उनकी तीखी टिप्पणियां शब्दों में ढलती थीं। या 'अभी न जाओ छोड़कर' (फिल्मः हम दोनों), जो प्रेम की उदासी और बेचैनी को इतनी गहराई से व्यक्त करता है कि सुनकर दिल भर आता है।

**मां के प्रति समर्पण और व्यक्तिगत जीवन :** साहिर का निजी संसार भी इसी घर में बसता था। उन्होंने विवाह नहीं किया। उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी मां सरदार बेगम थीं। कहा जाता है कि किसी भी बड़ी चर्चा या निर्णय से पहले वे मां की राय अवश्य सुनते थे। मेहमान बैठे हों, बहस चल रही हो- वे उठकर मां के कमरे में जाते और पूछते, 'आप क्या सोचती हैं?' मां के प्रति यह सम्मान उनके व्यक्तित्व की कोमलता को उजागर करता है। जब 1976 में उनकी मां का निधन हुआ, तो साहिर भीतर से खाली हो गए। चार वर्ष बाद, 25 अक्टूबर 1980 को दिल का दौरा पड़ने से उनका जीवन थम गया।

### खामोशी और विरासत

साहिर के जाने के बाद 'परछाइयां' पर लंबी खामोशी छा गई। कभी जिन कमरों में संगीत और कविता की गूंज रहती थी, वहां सन्नाटा बस गया। विरासत को लेकर विवाद हुए, विशाल लाइब्रेरी बिखर गई। कुछ पांडुलिपियां संयोग से मिलीं, जिन्हें चाहने वालों ने सहेज लिया। आज यह बंगला थोड़ा थका हुआ खड़ा है, जैसे समय की धूल उस पर जम गई हो। फिर भी दीवारें उन शब्दों की आहट संभाले हुए हैं। नेमप्लेट पर लिखे 'परछाइयां' को छूते हुए लगता है कि सच्ची कविता दीवारों में नहीं, लोगों की स्मृतियों में रहती है। शायद इसलिए यह घर आज भी एक स्मारक की तरह खड़ा है, याद दिलाता हुआ कि एक शायर की सच्ची विरासत उसकी कविताएं और लोगों के दिल होते हैं। जब शब्द दिल से निकले हों, तो वे मुंबई की भीड़ में भी कभी खोते नहीं।

---

# नारी शक्ति की सशक्त मिसाल अंजू

नवरात्र का पावन पर्व शक्ति, साहस और समर्पण की आराधना का प्रतीक है। इसी भाव को साकार करती हुईं डॉ. अंजू चौहान आज के दौर में नारी शक्ति की जीवंत मिसाल बनकर उभरी हैं। अपने ज्ञान, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। डॉ. अंजू चौहान की सफलता की कहानी उनकी प्रारंभिक शिक्षा से ही शुरू हो जाती है। उनकी प्राथमिक व इंटरमीडिएट तक की शिक्षा पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाजपुर में हुई। बचपन से ही वह पढ़ाई में बेहद मेधावी रहीं और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती थीं। विद्यालय स्तर पर ही उनकी प्रतिभा और लगन ने यह संकेत दे दिया था कि वह भविष्य में कुछ बड़ा हासिल करेंगी। शैक्षिक वातावरण उन्हें विरासत में मिला। वह राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय, रेहटा के प्रधानाचार्य धूम बहादुर चौहान की पुत्री हैं, जिसके कारण शिक्षा और अनुशासन उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा। परिवार से मिले संस्कार और मार्गदर्शन ने उनके व्यक्तित्व को मजबूत आधार प्रदान किया। आगे चलकर उन्होंने डेटा साइंस में मानद डॉक्टरेट (केनेडी यूनिवर्सिटी ग्लोबल अवार्ड) प्राप्त कर एक नई पहचान बनाई। वह एक राष्ट्रीय बैंक में लाइफ फाइनेंशियल कंसल्टेंट, मनोवैज्ञानिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा परामर्शदाता के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनके कार्यों ने समाज के विभिन्न वर्गों को नई दिशा और प्रेरणा दी है।

### नवरात्र और नारी शक्ति का साकार रूप

नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है, जो शक्ति, ज्ञान और करुणा के प्रतीक हैं। डॉ. चौहान का जीवन भी इन्हीं गुणों का प्रतिबिंब है। उन्होंने अपने ज्ञान से समाज को सशक्त किया और अपने कार्यों से यह साबित किया कि नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

### सम्मानों से सजी उपलब्धियां

डॉ. अंजू चौहान को देश रत्न पुरस्कार 2025, अदम्य नारी रत्न पुरस्कार 2025, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रीय विशिष्ट पुरस्कार 2025, पीएम मोदी विजन ऑफ इंडिया 2025, राष्ट्रीय प्रतिभा पुरस्कार 2025 सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। यह सभी सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाते हैं।

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

डॉ. चौहान की यात्रा यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। वह आज के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं, जो अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

-जीवन सिंह सैनी, बाजपुर

### नवरात्र का संदेश

नवरात्र हमें यह सिखाता है कि हर नारी में अद्भुत शक्ति निहित होती है। डॉ. अंजू चौहान इस सत्य का सजीव उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने परिश्रम और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति असीमित है। इस नवरात्र, हमें भी डॉ. अंजू चौहान जैसी प्रेरणादायी शख्सियतों से प्रेरणा लेकर अपने भीतर की शक्ति को पहचानना और समाज व राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,532.96 | 23,114.50 |
| बढ़त | 325.72 | 112.35 |
| प्रतिशत में | 0.44 | 0.49 |

सोना 1,52,650 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,500 प्रति किलो

अमृत विचार

मुरादाबाद, शनिवार, 21 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रिजर्व बैंक करेगा एक लाख करोड़ रुपये की वीआरआर नीलामी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक 23 मार्च को एक लाख करोड़ रुपये की एक दिन के लिए परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी का आयोजन करेगा। केंद्रीय बैंक के अनुसार, यह नीलामी सुबह साढ़े नौ बजे से 10:00 बजे के बीच होगी और इन निधियों की वापसी 24 मार्च को होगी। आरबीआई ने वर्तमान और बदलती बैंकिंग प्रणाली की मजबूत स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह नीलामी आयोजित करने की घोषणा की है। वर्तमान में, बैंकिंग प्रणाली में अनुमानित तरलता लगभग 16,875.36 करोड़ रुपये के अधिशेष में है।

### टाटा स्टील ने पंजाब में शुरू की 3,200 करोड़ रुपये की परियोजना

**लुधियाना/नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को टाटा स्टील के अत्याधुनिक 'इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस' संयंत्र का उद्घाटन किया। करीब 3,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली यह इकाई पूरी तरह इस्पात कबाड़ पर आधारित है। टाटा स्टील के अनुसार, 7.5 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली इस इकाई में कार्बन उत्सर्जन प्रति टन इस्पात पर 0.3 टन से भी कम होगा। कंपनी ने इस संयंत्र को पर्यावरण के अनुकूल इस्पात निर्माण की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

### लघु वित्त संस्थानों के लिए 20,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी

**मुंबई।** सरकार ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों को सहायता देने के लिए सीमित अवधि के लिए 20,000 करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना को मंजूरी दी। ये संस्थान पिछले कुछ समय से धन जुटाने में आ रही कठिनाइयों की शिकायत कर रहे थे। सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी ने कहा कि सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए ऋण गारंटी योजना 2.0 के तहत सदस्य ऋणदाता संस्थानों ने जून के अंत तक दिए ऋण शामिल किए जाएंगे।

# तेल की आपूर्ति पर दबाव कम करने के लिए लागू करें वर्क फ्रॉम होम, हवाई यात्रा घटाएं

## ईरान युद्ध से पैदा हुए संकट को कम करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने सुझाए उपाय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में व्यवधान के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव के प्रभाव को कम करने के लिए दुनिया भर में घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) और हवाई यात्रा घटाने जैसे कदम उठाने का सुझाव दिया है।

अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से काफी ऊपर पहुंच गईं। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसके लिए वैश्विक कीमतों में यह उछाल बड़ा व्यापक आर्थिक जोखिम उत्पन्न करता है और चालू खाते के घाटे को बढ़ाता है। इसके साथ रुपये पर दबाव डालता है और घरों व व्यवसायों के लिए ईंधन लागत भी बढ़ाता है। पिछले दिनों देश में रसोई गैस एलपीजी के दाम 60 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ाए गए थे। अब प्रीमियम पेट्रोल और औद्योगिक डीजल के दामों में भी वृद्धि की गई है। इस



बीच आईईए ने अपनी नई रिपोर्ट में पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण आपूर्ति बाधा को वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा संकट करार दिया है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे, जो वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत का कच्चे तेल का आधा आयात, 40 प्रतिशत गैस आयात और 85-90 प्रतिशत एलपीजी की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। आईईए ने कहा, यह प्रवाह बहुत कम रह गया है। आपूर्ति में कमी का वैश्विक बाजारों पर बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, विमान ईंधन तथा एलपीजी जैसे कुछ परिष्कृत उत्पाद की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। आईईए ने कहा कि ऊंची कीमतों के घरों, व्यवसायों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों को ईंधन खपत घटाने और कीमतों के दबाव को कम करने के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है।

### ईंधन खपत घटाने को सुझाए 10 कदम

मुख्य उपायों में आवागमन के लिए ईंधन खपत कम करने, घर से काम (वर्क फ्रॉम होम/रिमोट वर्क) के लिए दूरस्थ कार्य को बढ़ावा देना, राजमार्गों पर गति सीमा कम से कम 10 किमी प्रति घंटा घटाना, सार्वजनिक परिवहन एवं साझा वाहन उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा बड़े शहरों में निजी वाहनों की आवाजाही सीमित करना शामिल है। अन्य उपायों में वाहन चलाने की दक्षता बढ़ाना, व्यावसायिक हवाई यात्राएं कम करना, गैरजरूरी उपयोग में एलपीजी के विकल्प अपनाना और औद्योगिक ईंधन दक्षता बढ़ाना शामिल है।

### इन कोशिशों से इन नतीजों की उम्मीद

- आईईए ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर जिन कामों में संभव हो, सप्ताह में तीन अतिरिक्त दिन घर से काम करने से कारों से तेल खपत में दो से छह प्रतिशत की कमी आ सकती है, जबकि व्यक्तिगत चालकों के लिए औसतन करीब 20 प्रतिशत तक कमी संभव है।
- राजमार्गों पर गति सीमा 10 किमी घंटा कम करने से व्यक्तिगत चालक की तेल खपत पांच से 10 प्रतिशत और निजी कारों की खपत एक से छह प्रतिशत तक घट सकती है। मालवाहक ट्रकों में भी कम गति के कारण पांच प्रतिशत बचत हो सकती है।
- निजी कारों से यात्रा कम कर सार्वजनिक अपनाने से कारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तेल खपत एक से तीन प्रतिशत तक घट सकती है। व्यावसायिक हवाई यात्राओं में 40 प्रतिशत कमी संभव है, इससे विमान ईंधन की मांग सात से 15 प्रतिशत तक घट सकती है।
- आईईए ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बहाल करना बाजार को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच, सदस्य देशों ने आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया है जो एजेंसी के इतिहास में सबसे अधिक है।

## भारत में सरकार का लॉजिस्टिक्स प्रणाली में सुधार और लागत कम करने पर जोर

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के मद्देनजर देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली एवं उसकी लागत में सुधार पर जोर दिया है।



अधिकारियों ने बताया कि भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली अब संरचनात्मक बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसे समन्वित नीतिगत सुधार, संस्थागत पुनर्संरचना, डिजिटल मंचों एवं बड़े पैमाने पर अवसंरचना योजना से गति मिली है। इन प्रयासों का उद्देश्य लंबे समय से जारी चुनौतियों जैसे विखंडित योजना, विभिन्न प्रणालियों की अक्षमताएं, आपूर्ति श्रृंखला में सीमित पारदर्शिता एवं उच्च लॉजिस्टिक्स लागत को दूर करना है। आधिकारिक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी का 7.97 प्रतिशत है, जो कुल मिलाकर लगभग 24.01 लाख करोड़ रुपये बैठती है।

अधिकारियों ने बताया कि भारत के लॉजिस्टिक्स सुधार आपस में जुड़े नीतिगत उपायों, डिजिटल मंचों एवं अवसंरचना पहलों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत घटाना तथा आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को मजबूत करना है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष से कीटनाशक की लागत में हो सकती है 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि: क्रॉपलाइफ

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारत के फसल सुरक्षा उद्योग के लिए लागत में 20 से 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि प्रमुख समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान जरूरी कीटनाशकों की कमी हो सकती है, जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। क्रॉपलाइफ इंडिया के चेयरमैन अंकुर अग्रवाल ने कहा, इन व्यवधानों के कारण एक महत्वपूर्ण कृषि सत्र के दौरान कुछ फसल सुरक्षा उत्पादों की कमी हो सकती है, जिससे उपज और उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित होगी। उद्योग पहले से ही संयंत्रों में कम क्षमता उपयोग के लिए तैयार है, जिसका कमाई और रोजगार पर व्यापक असर पड़ेगा। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इससे प्रभावित होंगे।

- **गुणवत्ता के साथ देश में उपज भी हो सकती है प्रभावित**

# देश में एलपीजी संकट बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी की आपूर्ति में कमी शुक्रवार को लगातार तीसरे सप्ताह भी जारी रही। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा बनी रहने से होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति प्रतिबंध जारी हैं। हालांकि सिलेंडर भरवाने को लेकर बुकिंग में कुछ कमी आई है।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इसके जरिए भारत अपने आयात का 60 प्रतिशत प्राप्त करता है। इतनी बड़ी मात्रा में आपूर्ति अचानक बंद होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति शुरू में पूरी तरह रोक दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा बहाल किया गया। इससे घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट में सिलेंडर बुक करवाना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें इसकी उपलब्धता सीमित होने का डर था।

**व्यवसायों को नहीं मिल पा रही गैस**



प्रयागराज में एलपीजी सिलेंडर के लिए बारिश में इंतजार करता युवक।

### आरबीआई ने आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को दुनिया के मौजूदा हालात और उनसे घरेलू बाजार पर पड़ने वाले असर की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान बदलते अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों और वित्तीय बाजारों पर उनके प्रभाव के साथ-साथ संबंधित चुनौतियों का आकलन किया गया। आरबीआई के बोर्ड की 622वीं बैठक शुक्रवार को पटना में गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई।

### मुनाफाखोरी के लिए सरकार ने बढ़ाए पेट्रोल के दाम, ये जनता के साथ अन्याय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है। तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता तो उसे मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है।

# आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में फरवरी में सालाना 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो तीन महीने का निचला स्तर है। पिछले साल फरवरी में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत और इस साल जनवरी में 4.7 प्रतिशत बढ़ा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में सीमेंट और इस्पात उत्पादन में बड़ी वृद्धि देखी गई है, जबकि कच्चे तेल और



- **फरवरी में हुई 2.3 प्रतिशत वृद्धि जनवरी में बढ़ी थी 4.7 प्रतिशत**

प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। एक साल पहले की तुलना में फरवरी में सीमेंट का उत्पादन 9.3 प्रतिशत और इस्पात का 7.2 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक उत्पादन में 3.4 फीसदी और कोयला उत्पादन में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि रही। बिजली उत्पादन 0.5 प्रतिशत बढ़ा। कच्चे तेल के उत्पादन में 5.2 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में पांच प्रतिशत की गिरावट रही।

रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अप्रैल से फरवरी के बीच औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में यह आंकड़ा 4.4 प्रतिशत रहा था। इस्पात उत्पादन 9.7 प्रतिशत और सीमेंट उत्पादन 9.2 प्रतिशत बढ़ा। पहले 11 महीने में उर्वरक उत्पादन में दो प्रतिशत और बिजली में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 3.5 प्रतिशत और कच्चे तेल में 2.5 प्रतिशत की गिरावट रही। रिफाइनरी उत्पादों में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। कोयला उत्पादन वित्त वर्ष में अब तक स्थिर रहा है।

## अवैध जुए, सट्टेबाजी पर कार्रवाई 300 वेबसाइट और एप ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने अवैध जुए और सट्टेबाजी की वेबसाइट के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है।

ब्लॉक की गई वेबसाइट और एप ऑनलाइन स्पोर्ट्स सट्टेबाजी मंच, ऑनलाइन कैसीनो और सट्टा बाजारों की तरह काम करने वाले बेटिंग एक्सचेंज से संबंधित हैं। सूत्रों ने बताया कि सट्टा/मटका जुआ नेटवर्क और रियल-मनी कार्ड एवं कैसीनो गेम एप पर भी कार्रवाई की गई है। सरकार ने अवैध जुआ और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसी 300 वेबसाइट और एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया है। अब तक ऐसी लगभग 8,400 वेबसाइट को ब्लॉक किया जा चुका है, जिनमें से अधिकांश (लगभग 4,900) ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद ब्लॉक की गई हैं।

# पेट्रोल की कीमत बढ़ते ही ठंडी हुई शेयर बाजार की गरमी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट थमी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था।

- **1,079 अंकों की ली थी उछाल 325 अंकों की बढ़त पर ठहरा**



### दिल्ली: चांदी 1,800 रुपये किलो मजबूत, सोना 650 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,700 रुपये थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 650 रुपये टूटकर सभी करों सहित 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले सत्र में सोना 1,53,300 रुपये पर बंद हुआ था।

# इत्र कारोबार पर ईरान युद्ध की मार, ज्यादातर निर्यात ऑर्डर हुए रद्द

**भोपाल, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनाव का सीधा असर मध्य प्रदेश के पारंपरिक इत्र कारोबार पर पड़ा है। क्षेत्र में बिगड़ते हालात के कारण न केवल बड़े पैमाने पर निर्यात ऑर्डर रद्द हो रहे हैं, बल्कि इत्र की बोतलों की आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

'हाउस ऑफ हेरत परफ्यूम्स' के सैयद मोहम्मद अल्तमश जलाल ने शुक्रवार को कहा, बाजार की स्थिति काफी खराब है। विदेशी ऑर्डर रद्द होने की वजह से हमारे पास स्टॉक जमा हो गया है। आमतौर पर रमजान के महीने में इत्र की मांग बहुत अधिक रहती है, लेकिन इस बार हमें भारी नुकसान की आशंका सता रही है। उन्होंने बताया कि कन्नौज के गुलाब और ऊद जैसे प्राकृतिक इत्र की इस मौसम में विदेशी बाजारों में जबरदस्त मांग रहती है। लेकिन, अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस पूरे कारोबार की कमर तोड़ दी है।

जलाल ने बताया कि वे जिन



- **रमजान के सीजन में रहती थी भारी मांग, इस बार निर्यात ठप**

इकाइयों से इत्र और परफ्यूम खरीदते हैं, उनमें से अधिकांश उत्तर प्रदेश के कन्नौज में स्थित हैं, जो इत्र का प्रमुख केंद्र है। कन्नौज से जुड़े और 'ओरिस्का' ब्रांड के संस्थापक अब्दुल मुगीस फारूकी ने कहा, अगर यह अनिश्चितता लंबे समय तक बनी रहती है, तो मेरे स्टार्टअप पर इसका बुरा असर पड़ेगा। हम अपने नए उत्पादों को बाजार में उतारने के आखिरी चरण में हैं, लेकिन मौजूदा हालात चिंताजनक हैं। इंदौर स्थित 'शिवम फॉर्मुलेशंस' के शैलेन्द्र पाठक ने भी आगाह किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो कच्चे माल की कमी की समस्या और ज्यादा गहरा सकती है।

### कांच की बोतलों की बढ़ी कीमत भी बनी मुसीबत

जलाल के अनुसार, कारोबारी इस समय कांच की बोतलों की बढ़ती कीमतों से भी परेशान हैं। ये बोतलें गुजरात के कारखानों में बनती हैं, जो ईंधन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं और मौजूदा संकट से इसकी आपूर्ति बुरी तरह बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि इत्र के व्यापार में कांच की बोतलें सबसे अहम कड़ी हैं। यदि पश्चिम एशिया में यह तनाव लंबा खिंचा, तो आने वाले दिनों में कारोबार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

## पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने को सड़क मरम्मत शुल्क माफ

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी ने पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के विस्तार के लिए पाइपलाइन बिछाने को लगने वाले सड़क मरम्मत शुल्क को तीन महीने के लिए माफ कर दिया है।

शुक्रवार को जारी एक परिपत्र में यह जानकारी दी गई। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनएमडीसी) के बयान के अनुसार, यह निर्णय तीन महीने तक प्रभावी रहेगा। उम्मीद है कि इस कदम से इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा पीएनजी कनेक्शन देने के काम में तेजी आएगी।

# एस्सार की मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब डॉलर तक मदद की घोषणा

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने मिनेसोटा में एक बड़े खनिज एवं विनिर्माण परियोजना के लिए एस्सार समूह की कंपनी मेसाबी मेटैलिक्स को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक के समर्थन की घोषणा की है। अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम) ने यह घोषणा पिछले सप्ताह टोक्यो में आयोजित हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा मंत्रिस्तरीय एवं व्यापार मंच के दौरान की। एक्जिम की यह घोषणा अमेरिका के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम है।

एक्जिम ने कहा कि उसके ऋण करीब 30 अरब डॉलर के रणनीतिक समझौतों को आगे बढ़ा रहे हैं जिनका उद्देश्य हिंद-प्रशांत सहयोगियों के साथ मिलकर अमेरिका की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को मजबूत करना है। टोक्यो में आयोजित इस मंच में एक्जिम के चेयरमैन जॉन जोवानोविच, वरिष्ठ अधिकारियों सहित आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन उपस्थित थे। एक्जिम ने कहा कि मेसाबी मेटैलिक्स एक एकीकृत लौह अयस्क खनन एवं प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण कर रही है। इसे हर साल 70 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष अपचयन लौह अयस्क पेलेट्स के उत्पादन के लिए तैयार किया गया है।

- **अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक का अपने देश के ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ाने की ओर कदम**

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी, अब सात अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। 13 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.68 अरब डॉलर घटकर 555.57 अरब डॉलर रह गईं।



**मुश्किल हुई हवाई यात्रा** | हवाई क्षेत्रों पर लागू की गई हैं कई पाबंदियां, विमान ईंधन की बढ़ी कीमतों ने भी बढ़ाई चुनौती

# पश्चिम एशिया : उड़ानों में जोखिम के साथ बढ़ी लागत भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हवाई क्षेत्रों पर अचानक लगी पाबंदियों, विमान ईंधन की ऊंची कीमतों और भारी बीमा राशि के कारण विमानन कंपनियां पश्चिम एशिया में उड़ानें संचालित करने में बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच विमान सेवाओं में पहले ही कटौती की गई है और अब परिचालन से जुड़ी उलझनें और बढ़ गई हैं।

विमान कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है और पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें भरने में कई तरह के जोखिम बने हुए हैं। विमानन नियामक



डीजीसीए ने सुरक्षा जांच के आधार पर विमान कंपनियों को क्षेत्र के नौ हवाई क्षेत्रों से बचने और आपात स्थिति के लिए पुख्ता वैकल्पिक योजना तैयार रखने को कहा है। उसने 28 मार्च तक बहरीन, ईरान, इराक, इजराइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और यूएई के हवाई रास्तों का उपयोग न करने को कहा गया है। नियामक ने कहा कि भारतीय विमान कंपनियां कुछ शर्तों के साथ ओमान और सऊदी अरब के हवाई रास्तों का उपयोग कर सकती हैं, लेकिन उन्हें 32,000 फीट से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की अनुमति नहीं होगी।

नौ हवाई क्षेत्रों के संबंध में डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि विमान कंपनियों को प्रभावित क्षेत्र में किसी भी ऊंचाई पर उड़ान भरने से परहेज करना चाहिए। यदि कोई कंपनी उड़ान जारी रखती है तो यह पूरी तरह उसकी जिम्मेदारी और सुरक्षा जोखिम के आकलन पर निर्भर होगा।

### एक फेरे की उड़ान पर 30 लाख से एक करोड़ तक का अतिरिक्त खर्च

अधिकारियों के मुताबिक, युद्ध के कारण बीमा की रकम में भारी उछाल आया है। विमान के आकार के हिसाब से यह अतिरिक्त खर्च 30 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अब 'युद्ध जोखिम शुल्क' के रूप में छोटे विमान की एक फेरे की उड़ान पर 30-40 लाख रुपये और बड़े विमान पर 90 लाख से एक करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया क्षेत्र में चलने वाले छोटे विमानों के उपयोग में भी काफी कमी आई है। एक अन्य बड़ी चुनौती कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण विमान ईंधन की बढ़ती लागत है।

### यात्रियों पर बढ़ा बोझ

- भारतीय विमान कंपनियों के कुल खर्च में ईंधन का हिस्सा लगभग 40% होता है। बढ़ते बोझ की भरपाई के लिए कंपनियों ने ईंधन शुल्क और अतिरिक्त अधिभार लागू किया है।
- एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू टिकट पर 399 रुपये का ईंधन शुल्क लगाया है, विदेशी उड़ानों के लिए भी दरें बढ़ा दी गई हैं। इससे यात्रा महंगी हो गई है।
- इंडिगो 425 से 2,300 और अकासा एयर 199 से 1,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही हैं। यह राशि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग तय की गई है।

## दुर्लभ खनिज के विनिर्माण बढ़ावा देने को बोलियां आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने 7,280 करोड़ रुपये की सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (आरईपीएम) की विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के तहत 6,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) क्षमता के दुर्लभ खनिज (चुंबक) विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय ने एकीकृत सिंटर्ड एनडीएफईबी (नियोडिमियम-आयरन-बोरोन) दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट) विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए लाभार्थियों के चयन के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) जारी किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### द. कोरिया में फैक्ट्री में आग, 53 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के मध्य शहर डेजॉन में एक कलपुर्जों की फैक्ट्री में शुक्रवार को लगी आग में कम से कम 53 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी है। शहर के डेडेओक जिले के अग्निशमन प्रमुख नाम ड्यूक-वू ने कहा कि उन लोगों में से 24 गंभीर रूप से घायल हो गए और अधिकारी कम से कम 14 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके बारे में माना जाता है कि आग लगने के समय वे सुविधा केंद्र के अंदर मौजूद थे। अधिकारियों ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की कि घायलों में से किसी की हालत गंभीर है या नहीं। घटनास्थल से मिले वीडियो में परिसर से घना धुआं दिखाई दे रहा था।

### बेटी के साथ किम ने देखा सैन्य प्रशिक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की।

### वानुआतू द्वीप समूह में 6.1 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु द्वीप समूह में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह 02:30 बजे 6.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह जानकारी जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र जीएफजेड ने दी। भूकंप का केंद्र गहराई में 10.0 किलोमीटर थी और शुरुआत में 19.47 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 168.19 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

### ट्रंप प्रशासन ने हॉर्वर्ड विवि पर किया मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने शुक्रवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के खिलाफ एक नया मुकदमा दायर किया। विभाग का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन यहूदी-विरोधी घटनाओं (एंटीसेमिटिज्म) को रोकने में विफल रहा, जिसके आधार पर सरकार मौजूदा अनुदान को रोक सकती है और पहले दिए गए अनुदान को भी वापस मांग सकती है।

# श्रीलंका ने अमेरिकी विमानों को नहीं दी लैंडिंग की मंजूरी

**कोलंबो, एजेंसी**

● राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने संसद को दी जानकारी

श्रीलंका ने इस महीने की शुरुआत में अपने मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी युद्धक विमानों को उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में जानकारी दी।

दिसानायके के अनुसार, जिबूती से आ रहे विमानों ने चार मार्च और आठ मार्च को उतरने का अनुरोध किया था, लेकिन दोनों अनुरोधों को खारिज कर दिया गया। एक स्थानीय अखबार ने संसद में उनके हवाले से कहा, हम कई दबावों के बावजूद अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहते हैं। हम झुकेंगे नहीं। पश्चिम एशिया में हो रहे युद्ध से कई चुनौतियां है, लेकिन हम तटस्थ रहने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वे आठ जहाज-रोधी मिसाइलों से लैस दो युद्धक विमान लाना चाहते थे, और हमने मना कर दिया। यह बयान दिसानायके द्वारा दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ मुलाकात के एक दिन बाद आया है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, नेताओं ने महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बंदरगाहों को सुरक्षित करने, व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने, मुक्त और समृद्ध हिंद-प्रशांत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

## प्रलय की दहलीज पर बैठी दुनिया

मानवता के इतिहास में परमाणु हथियारों का आविष्कार एक ऐसा मोड़ था, जिसने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए हमलों ने दुनिया को इसकी विनाशकारी शक्ति से परिचित कराया था। आज, दशकों बाद, हम एक ऐसे दौर में खड़े हैं जहां परमाणु हथियारों का खतरा कम होने के बजाय और अधिक जटिल और व्यापक हो गया है। आज यह खतरा बहुध्रुवीय हो चुका है। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद परमाणु धमकियों का दौर फिर से शुरू हो गया है। वहीं, मध्य-पूर्व में ईरान के बढ़ते कदम और उत्तर कोरिया के लगातार परीक्षणों ने वैश्विक सुरक्षा तंत्र को हिला कर रख दिया है। अब खतरा केवल घोषित परमाणु शक्तियों से ही नहीं, बल्कि उन देशों से भी है जो गुप्त रूप से परमाणु हथियारों को विकसित करने की होड़ में हैं।

## बढ़ता परमाणु खतरा



### यदि 'बटन' दब गया तो?

● एंड गेम : परमाणु युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेंगे; यह पूरी सभ्यता के लिए 'एंडगेम' साबित हो सकता है।

● परमाणु शीत : धमाके से निकलने वाली धूल और धुआं वायुमंडल की ऊपरी सतह को ढंक लेगा, जिससे सूरज की रोशनी सालों तक धरती पर नहीं पहुँच पाएगी। इससे वैश्विक तापमान गिर जाएगा और खेती पूरी तरह नष्ट हो जाएगी।

● रेडियोधर्मी प्रभाव : आने वाली कई पीढ़ियां अपंग और गंभीर बीमारियों के साथ पैदा होंगी। हवा, पानी और मिट्टी सदियों के लिए जहरीली हो जाएगी। ● आर्थिक और सामाजिक पतन : : वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बिजली-संचार व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।

### साये में पलती तबाही

● परमाणु संपन्न नौ देश : दुनिया में नौ देश (अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, भारत, पाकिस्तान, इजरायल और उत्तर कोरिया) घोषित या स्वीकृत रूप से परमाणु संपन्न हैं। लेकिन कई ऐसे देश हैं जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों की परवाह किए बिना गुप्त रास्तों से परमाणु क्षमता हासिल करने में जुटे हैं।

● ईरान : ईरान का परमाणु कार्यक्रम सबसे अधिक चर्चा और विवाद में है। हालांकि ईरान इसे शांतिपूर्ण ऊर्जा कार्यों के लिए बताता है, लेकिन पश्चिमी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि वह यूरेनियम संवर्धन के उस स्तर के करीब है जहाँ हथियार बनाना संभव है।

● सऊदी अरब : मध्य-पूर्व के बदलते समीकरणों के बीच सऊदी अरब ने संकेत दिए हैं कि यदि ईरान परमाणु हथियार बनाता है, तो वह भी पीछे नहीं रहेगा। रिपोर्टों के अनुसार, सऊदी अरब ने चीन की मदद से यूरेनियम प्रोसेसिंग की तकनीक पर काम शुरू किया है। ● म्यांमार और सीरिया : समय-समय पर इन देशों में भी गुप्त परमाणु गतिविधियों की खबरें आती रही हैं।

### भारत के लिए पाकिस्तान सिरदर्द

● टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन्स : पाकिस्तान ने छोटे आकार के परमाणु हथियार विकसित किए हैं, जिन्हें वह युद्ध के मैदान में कम दूरी के लिए इस्तेमाल करने की धमकी देता है।

● अस्थिर शासन और सुरक्षा : पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी संगठनों का प्रभाव यह डर पैदा करता है कि कहीं ये हथियार आतंकियों के हाथ न लग जाएं।

● चीन-पाक गठजोड़ : चीन द्वारा पाकिस्तान को मिसाइल तकनीक और प्लूटोनियम रिएक्टरों में मदद करना भारत के लिए चुनौती है।

### भारत का सिद्धांत

● भारत किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। ● उतने ही हथियार रखेगा जो हमला रोकने के लिए पर्याप्त हों। ● यदि भारत पर परमाणु हमला होता है, तो भारत का जवाब इतना विनाशकारी होगा कि दुश्मन उसे सह नहीं पाएगा।

# भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अथवा कार्रवाई अब कनाडा में नहीं

## रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के आयुक्त ने एक सवाल के जवाब में की टिप्पणी

● दोनों देशों के कई महीने तक तल्ख संबंधों के बाद सकारात्मक रुख

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि उनके देश में अब भारत सरकार से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि या सीमा पार दमनकारी कार्रवाई नहीं हो रही है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के आयुक्त माइक डुहेम ने सीटीवी न्यूज से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया गया कि क्या भारत के एजेंटों द्वारा सीमा पार दमन अब भी चिंता का विषय है। डुहेम ने इसके जवाब में कहा कि वर्तमान में हमारे पास मौजूद आपराधिक जानकारी और जांच के आधार पर, हमें किसी भी विदेशी संस्था से कोई संबंध नजर नहीं आता।

डुहेम ने कहा कि मैं यह हमारे पास विदेशी हस्तक्षेप या सीमापार दमन से संबंधित सभी मामलों के समग्र आकलन के आधार पर कह रहा हूं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो लोगों को डरा रहे हैं, उन्हें परेशान कर रहे हैं लेकिन किसी विदेशी इकाई से, चाहे वह कोई भी देश हो, उनका संबंध जोड़ने के लिए हमारे पास कुछ नहीं है। उनकी यह टिप्पणी कनाडा और भारत के बीच कई महीनों तक बने रहे राजनयिक तनाव के बाद आई है।

भारत और कनाडा ने अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए पिछले कुछ महीनों में कई कदम उठाए हैं। कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 2023 में आरोप लगाया था कि खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संभवतः भारत की संलिप्तता है। ट्रूडो द्वारा ये आरोप लगाए जाने के बाद भारत एवं कनाडा के संबंध बेहद निचले स्तर पर चले गए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोप को बेतुका करार दिया था।

ओटावा द्वारा अक्टूबर 2024 में निज्जर मामले से भारतीय उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को जोड़ने की कोशिश किए जाने के बाद भारत ने उन्हें वापस बुला लिया था। भारत ने इतनी ही संख्या में कनाडा के राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया था। हालांकि, पिछले साल अप्रैल में संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत से संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू करने में मदद मिली। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की राजधानियों में अपने-अपने उच्चायुक्त तैनात कर दिए हैं। कार्नी इस महीने की शुरुआत में भारत आए थे।



### ट्रूडो के कार्यकाल में बिगड़े थे दोनों देशों के संबंध

जस्टिन ट्रूडो के कनाडाई प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान भारत-कनाडा संबंधों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों के प्रति नरम रुख, 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बेबुनियाद आरोप, और 2018 की विवादित भारत यात्रा जैसे मुद्दों के कारण भीषण तल्खी आई। इसने राजनयिक निष्कासन, व्यापार वार्ता रुकने और राजनयिक संकट को जन्म दिया, जिससे रिश्ते अब तक के निचले स्तर पर पहुंच गए। संबंधों में तल्खी के कई कारण रहे। भारत ने लगातार कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी समूहों की सक्रियता पर चिंता जताई, लेकिन ट्रूडो सरकार ने नजरअंदाज किया।

### मार्क कार्नी के आने से संबंधों में हुआ सुधार

मार्च 2025 में मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद, भारत-कनाडा संबंधों में तनाव कम हुआ है और सुधार की दिशा में बढ़े हैं। उन्होंने पूर्व पीएम ट्रूडो के विपरीत, कूटनीतिक तरीकों को अपनाकर और बंद दरवाजों के पीछे बात करके, खालिस्तान मुद्दे के कारण उपजे मतभेदों को कम किया है। कार्नी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और आर्थिक साझेदारी पर जोर दिया है। ट्रूडो की सार्वजनिक बयानबाजी के विपरीत, कार्नी ने कूटनीतिक रुख अपनाया है, जिससे दोनों देशों के संबंधों में काफी नरमी आई है।

## चीन ने जापान से कहा-गलत रास्ते पर जाने से बचें

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने जापान से अपने गलतियों पर विचार करने और उन्हें सुधारने, अपना रुख बदलने और गलत रास्ते पर आगे बढ़ने से बचने का आह्वान करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जारी एक रिपोर्ट के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान पर जापान के पहले के रुख में काफी बदलाव आया है। हालांकि, जापानी सरकार ने कहा कि अस्तित्व खतरा को निर्धारित करने के उसके तरीके में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। लिन ने कहा कि जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के ताइवान पर गलत बयान ने चीन के अंतरिक मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप किया है।

# पश्चिम एशिया से एलपीजी आपूर्ति स्थिति चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सरकार ने कहा-देश में घरेलू खपत के लिए पर्याप्त भंडार

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण क्षेत्र से एलपीजी आपूर्ति की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू उत्पादन 40 प्रतिशत पहुंच गया है और घरेलू खपत के लिए देश में अभी इसका पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

रसोई गैस के लिए एलपीजी छोड़कर पीएनजी लेने की सरकार की अपील के बाद देश के 15 बड़े क्षेत्रों में 13 हजार 700 से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिये गये हैं और 7500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़कर पीएनजी कनेक्शन लिया है। पिछले एक सप्ताह में राज्यों को उनकी जरूरत के आधार पर लगभग 11,300 टन वाणिज्यिक एलपीजी भी दी गई है। जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ अभियान के तहत देश भर में अलग अलग जगहों पर 4500 से अधिक छापे मारे गये हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक लगभग तीन लाख भारतीय वहां से स्वदेश लौट चुके हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर शुक्रवार को अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि देश में सभी रिफाइनरियां अपनी उच्चतम क्षमता पर काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत पहुंच गया है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 13,700 से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं और लगभग 7,500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी छोड़ पीएनजी कनेक्शन लिया है।

## चीन ने भारत के नए राजदूत की नियुक्ति का किया स्वागत

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को नए भारतीय राजदूत के रूप में वरिष्ठ राजनयिक विक्रम दुरईस्वामी की नियुक्ति का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि वह भारत-चीन संबंधों में निरंतर सुधार के लिए सकारात्मक योगदान देंगे। भारतीय विदेश सेवा के 1992 बैच के अधिकारी दुरईस्वामी वर्तमान में ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत हैं। चीन में उनके जल्द ही नया कार्यभार संभालने की उम्मीद है। 56 वर्षीय दुरईस्वामी चीन में प्रदीप कुमार रावत से यह जिम्मा लेंगे। दुरईस्वामी की नियुक्ति पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि राजनयिक राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण और सहकारी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सेतु होते हैं। लिन ने कहा कि चीन भारत के नए राजदूत का स्वागत करता है और यहां उनके पदभार ग्रहण करने के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी तथा भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने में उनकी सकारात्मक भूमिका की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैंने देखा कि राजदूत दुरईस्वामी ने अपना चीनी नाम चुना है: वेई जियामेंग।

# ऊर्जा संकट कम करने को आईईए ने दिए 10 सुझाव

**पेरिस, एजेंसी**

● वैश्वकि तेल आपूर्ति की बाधा को दूर करने में मिलेगी मदद

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने शुक्रवार को कुछ ऐसे सुझाव पेश किये हैं, जिन्हें अपनाकर सरकारें, व्यवसाय और परिवार पश्चिमी एशिया में युद्ध से उत्पन्न तेल संकट के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इस युद्ध ने वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न कर दी है, क्योंकि हॉर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बेहद कम हो गई है।

आवाजाही का कम होना इसलिए तेल संकट का कारण बन गया है, क्योंकि आमतौर पर प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल कच्चा तेल और तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से होकर गुजरते हैं। इस प्रवाह के रुकने से पेट्रोलियम बाजार इस कदर प्रभावित हुआ है कि कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं और डीजल, जेट ईंधन तथा तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) जैसे रिफाइंड उत्पादों की कीमतों में और भी भारी वृद्धि हुई है। इसलिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से परिवहन को बहाल करना आवश्यक बना हुआ है। इस बीच, प्रभावित देश आपूर्ति और मांग दोनों पर कार्रवाई कर रहे हैं। 11 मार्च को आईईए के सदस्य देश आपातकालीन भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने पर सहमत हुए हैं जो एजेंसी के इतिहास में स्टॉक से की गई सबसे बड़ी निकासी है। केवल आपूर्ति-पक्ष के उपाय से इस बड़े व्यवधान की पूरी तरह भरपाई नहीं की जा सकती है। मांग को भी नियंत्रित करना जरूरी है ताकि उपभोक्ताओं पर पड़ने वाला दबाव कम किया जा सके।

## 10वीं कक्षा की रद्द परीक्षाओं के लिए नई योजना घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में कक्षा 10वीं की परीक्षाओं के लिए एक विस्तृत मूल्यांकन योजना की घोषणा की है, जिन्हें बढ़ते संघर्ष के बीच रद्द कर दिया गया था। बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मौजूदा स्थिति की गहन समीक्षा के बाद परीक्षाएं रद्द कर दी गईं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के अनुसार, 17 से 28 फरवरी तक निर्धारित परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। इस दौरान गणित, अंग्रेजी और विज्ञान सहित छह शैक्षणिक विषयों की परीक्षाएं हुईं। इसके अतिरिक्त, 16 भाषा विषय और 22 कौशल विषय की परीक्षाएं भी आयोजित की गईं। भारद्वाज ने कहा कि सभी परीक्षाओं में शामिल हुए छात्रों के परिणाम परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर घोषित किए जाएंगे।

# संरा प्रमुख बोले-अमेरिका और इजराइल खत्म करें युद्ध

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

● गुटेरेस ने वैश्विक परिणामों के प्रति भी किया आगाह

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को अमेरिका और इज़राइल से ईरान युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया और सैन्य कार्रवाई के स्थान पर कूटनीति अपनाने पर बल दिया।

यूरोपीय परिषद की बैठक के दौरान यहां गुटेरेस ने कहा कि इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इज़राइल द्वारा शुरू किए गए इस संघर्ष का पूरी तरह से बेकाबू होने का खतरा है, साथ ही नागरिकों को भारी पीड़ा पहुंच रही है। गुटेरेस ने यह भी कहा कि युद्ध का प्रभाव युद्धक्षेत्र से कहीं अधिक दूर तक फैल रहा है। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में हो रहे दुष्प्रभाव की चेतावनी दी, जिसके संभावित रूप से दुखद परिणाम हो सकते हैं, विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों के लिए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि युद्ध पर कूटनीति विजय प्राप्त करे। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने गुरुवार को ब्रुसेल्स में बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, विशेष रूप से यूरोपीय ऊर्जा कीमतों, ऊर्जा सुरक्षा एवं क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चर्चा की गई। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिससे वैश्विक नौवहन बाधित हुई, तेल की कीमतें आसमान छू गईं।



## प्रवासियों को लेकर ब्रिटेन- नाइजीरिया ने किया समझौता

**मॉस्को/लंदन।** ब्रिटेन और नाइजीरिया ने अवैध प्रवासियों की वापसी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि यह समझौता नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनूबू की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुआ, जो 37 वर्षों में किसी नाइजीरियाई नेता की लंदन की राजकीय यात्रा है। नए समझौते के तहत वीजा अवधि से अधिक रुकने वाले, विदेशी अपराधियों और विफल शरण चाहने वालों को ब्रिटेन से निकालना कहीं अधिक आसान हो जाएगा। समझौते के अनुसार, नाइजीरिया अब उन ब्रिटिश लेटर्स को मान्यता देगा, जो ब्रिटिश गृह मंत्रालय द्वारा उन व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं जिनके पास वैध पासपोर्ट नहीं है। दोनों देश उन आपराधिक समूहों से निपटने के लिए एक मानकीकृत दस्तावेज सत्यापन प्रणाली लागू करेंगे जो वीजा का दुरुपयोग करते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**तुला** – आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी मित्र के विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष** – आज धैर्य के साथ अपना दिन बिताएं। धन को लेकर परेशानी हो सकती है। नकारात्मक खबर आपको मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज आपका मन वर्जित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। अधिक धन कमाने के चक्कर में न रहें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**मिथुन** – आज आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा अनुबंध होने की संभावना है। घर में मेहमानों का आगमन होता रहेगा।

**धनु** – आज आपकी आर्थिक स्थिति शानदार रहने वाली है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। बच्चों को पुरस्कार मिल सकता है।

**कर्क** – आज विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। परिवार में आनंद का वातावरण होगा। नई संपत्ति खरीद सकते हैं।

**मकर** – आज नया काम शुरू करने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। व्यर्थ के झगड़े मोल न लें। नजदीकी लोगों से विश्वासघात हो सकता है।

**सिंह** – आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। आशा के विपरीत काम होने से आप थोड़े परेशान रहेंगे। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें।


**कुंभ** – आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। प्रेमीजन से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं।

**कन्या** – आज अपनी दिनचर्या को संयमित रखें। मन में नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध खराब न करें।

**मीन** – आज संपत्ति को लेकर समस्या होने की संभावना है। आपके व्यवहार से लोग नाराज होंगे। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 21 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 23.56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 22 मार्च 00.37 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 94 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 |

### सुडोकू -95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 2 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 4 | | 1 |
| | 6 | | | | 5 | | 9 | |
| 6 | | | 4 | | | | | 5 |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| 8 | | | 6 | | | | 7 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| 4 | | | 9 | | | | 8 | |

## नाटो ने इराक से अपना सलाहकार मिशन हटाया

**दुबई।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने इराक से अपना सुरक्षा सलाहकार मिशन हटाकर सैकड़ों कर्मचारियों को यूरोप में स्थानांतरित कर दिया है। उत्तरी इराक में ब्रिटेन, फ्रांस और इटली के ठिकानों पर ईरान के सिलसिलेवार हमलों के बाद यह कदम उठाया गया है। नाटो के शीर्ष कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकविच ने पुष्टि की कि बचे हुए सैनिक शुक्रवार को वहां से रवाना हो गए। उन्होंने मिशन को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने में मदद करने के लिए इराक सरकार का आभार जताया।

**महिलाओं को तरजीह** | पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी ने जारी किया घोषणा पत्र

# तृणमूल के वोटरों से 10 वादे, दुआरे चिकित्सा की शुरुआत

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं के दायरे को व्यापक बनाने, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित 10 वादे किए गए हैं।

पार्टी ने इस घोषणापत्र के माध्यम से अपने मजबूत महिला समर्थक आधार को अपने पाले में बनाए रखने का प्रयास भी किया है। पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए जिन 10 प्रतिज्ञाओं की घोषणा की उनमें महिलाओं के लिए लक्ष्मीर भंडार योजना में 500 रुपये की वृद्धि और राज्य के हर प्रखंड में स्वास्थ्य शिविरों का आरंभ शामिल है। राज्य के मतदाताओं में लगभग आधी महिलाएं हैं और पिछले एक दशक से उन्हें तृणमूल कांग्रेस की चुनावी सफलता की रीढ़ माना जाता है। इस घोषणापत्र में सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, युवाओं को सहयोग और कृषि पर भी विशेष जोर दिया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सत्ता बरकरार रहने पर ये प्रतिबद्धताएं अगले पांच वर्षों के लिए शासन के खाका के रूप में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र में किए गए वादों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास का पहिया बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ता रहे और खुशियों की रोशनी मेरे प्यारे बंगाल के हर घर तक पहुंचे। पार्टी द्वारा किए गए वादे के तहत मासिक वित्तीय सहायता में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी। सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये मिलेंगे, जबकि एससी, एसटी से संबंधित महिलाओं को प्रति माह 1,700 रुपये प्राप्त होंगे।



### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित

ममता बनर्जी ने कहा कि मैं बंगाल की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने महिला मतदाताओं के बीच तृणमूल कांग्रेस के समर्थन आधार को मजबूत बनाने का श्रेय अक्सर लक्ष्मीर भंडार जैसी कल्याणकारी योजनाओं को दिया है। घोषणापत्र में दुआरे चिकित्सा के तहत हर घर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की शुरुआत का भी वादा किया गया है।



"हमारे कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं लेकिन हमारे पास अच्छे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। पिच शुरू में थोड़ी मुश्किल लग रही थी। यह अच्छी बात थी कि दोनों खिलाड़ियों (कॉनवे और लैथम) ने इसे बखूबी संभाला।
– मिशेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान


स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 21 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# आईपीएल के जरिये वनडे विश्व कप संभावितों को तलाशेंगे चयनकर्ता

## चयन समिति के सदस्य अपने-अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे, बाकी टीवी पर देखेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है, लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है। पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एस एस दास, आर पी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढाने की मांग की है।

बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।

अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है। अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आर पी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरू और हैदराबाद में देखेंगे। बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं। टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर मिचेल स्टार्क शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड समेत चार तेज गेंदबाज इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र के शुरुआती मैच नहीं खेल सकेंगे, जिससे उनकी टीमों को करारा झटका लगा है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड आईपीएल की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे, जबकि नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए काफी संभलकर अपने तेज गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया को अगले एक साल में 21 टेस्ट खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड का दौरा करेगी जबकि 2027 में वनडे विश्व कप होना है। रिपोर्ट में कहा गया ये तीनों तेज गेंदबाज अगले कुछ सप्ताह में लौटेंगे। टेस्ट कप्तान कमिंस ने कमर की चोट के कारण पिछले सत्र में एक ही टेस्ट खेला है जबकि हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए थे। दोनों ने टी20 विश्व कप भी नहीं खेला। स्टार्क ने पांचों एशेज टेस्ट खेले और बिग बैश लीग में भी हिस्सा नहीं। टी20 क्रिकेट से संन्यास के कारण वह विश्व कप का हिस्सा नहीं थे। आस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि कमिंस और हेजलवुड की उपलब्धता 'टाइमिंग' का मसला है।

### हमारी गेंदबाजी को काफी निखार रहे भरत सर : ऋषभ पंत

**लखनऊ।** आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी लखनऊ सुपर किंग्स की कमजोर कड़ी थी, लेकिन कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सहयोगी स्टाफ में भरत अरुण के आने से इस विभाग में टीम को मजबूत करने में काफी मदद मिल रही है। पंत ने जियोस्टार से बातचीत में लखनऊ टीम के चेन्नई में लगाये गए शिविर और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच अरूण के जुड़ने से टीम के युवा तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद के बारे में बताया। पंत ने कहा तेज गेंदबाजों के साथ शिविर बेहतरीन रहा। भरत अरुण सर के आने से काफी मदद मिल रही है। हमने इस पर काफी बात की है कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कोचों में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाये हैं। गेंदबाजों को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं। आपको एक गेंदबाजी कोच से यही चाहिए होता है। पंत ने कहा पिछले सत्र का प्रदर्शन देखें तो हमें गेंदबाजी में सुधार की जरूरत थी। इसमें अरुण सर हमारी मदद कर सकते हैं और मुझे खुशी है कि वह टीम के साथ हैं। ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है।



कोलकाता नाइट राइडर्स के असिस्टेंट कोच शेन वॉटसन, हेड कोच अभिषेक नायर मेंटर ड्वेन ब्रावो और कप्तान अजिंक्य रहाणे (बाएं से क्रमश:)। एजेंसी

# हर्षित राणा आईपीएल के पूरे सत्र से बाहर

**कोलकाता, एजेंसी**



तेज गेंदबाज हर्षित राणा टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच के दौरान लगी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए बड़ा झटका है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान इस तेज गेंदबाज के दाहिने घुटने के लिगामेंट में खिंचाव आ गया था। इसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई और उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ा।

केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा यह बड़ा झटका है क्योंकि हर्षित राणा पिछले कुछ सत्र से टीम के अभिन्न अंग रहे हैं। इनमें वह सत्र भी शामिल है जिसमें टीम चैंपियन बनी थी। पिछले एक साल में उन्होंने एक क्रिकेटर के रूप में काफी तरक्की की है। उन्होंने कहा हमें हर्षित राणा की कमी खलेगी। उनकी जगह भरना आसान नहीं है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमने कई गेंदबाजों को परखा है कि कौन इस भूमिका में फिट बैठता है और कौन अपनी पूरी क्षमता से यह काम कर सकता है। उम्मीद है कि हम कुछ दिनों में फैसला ले लेंगे।

### कप्तानी की चुनौती के लिए तैयार रहाणे

**कोलकाता।** पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन और टीम में कई बदलाव करने के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे पर अपना भरोसा बरकरार रखा है, जिन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि वह शांति और सकारात्मकता के साथ जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। रहाणे ने पिछले सत्र में 390 रन बनाए लेकिन उनकी टीम केवल पांच मैच ही जीत पाई और आखिर में आठवें स्थान पर रही। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है और वह सही मानसिकता के साथ चुनौतियों का सामना करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## हाईलाइट

### आईएमएल के दूसरे सत्र में भाग लेंगे दिग्गज क्रिकेटर

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह, शेन वाटसन, क्रिस गेल और कुमार संगकारा जैसे धुरंधर पूर्व क्रिकेटर 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। ये मैच मुंबई, वडोदरा और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। लीग के कमिश्नर सुनील गावस्कर ने कहा आईएमएल के पहले सत्र ने साबित कर दिया कि दिग्गज क्रिकेटरों का जादू अभी भी प्रशंसकों के सिर चढकर बोलता है। दूसरे सत्र में फोकस उस अनुभव को बेहतरीन प्रतिस्पर्धा, यादगार पलों और खेल के लिये उसी जुनून से जोड़ने पर रहेगा। दूसरे सत्र में छह फ्रेंचाइजी टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की होंगी।

### श्रीलंका ने चमीरा निसंका और मेंडिस को एनओसी जारी की

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शुक्रवार को दुशमंथा चमीरा, पथुम निसंका और कामिंदु मेंडिस को आईपीएल में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दी, क्योंकि यह तीनों खिलाड़ी फिटनेस परीक्षण में सफल रहे थे। तेज गेंदबाज चमीरा और सलामी बल्लेबाज निसंका दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं, जबकि ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस को सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में बनाए रखा है। हालांकि नुवान तुषारा (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपर जाइंट्स), ईशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद) और मथीशा पथिराना (कोलकाता नाइट राइडर्स) को अपनी एनओसी के लिए इंतजार करना होगा। इन सभी खिलाड़ियों को फिटनेस परीक्षण में सफल रहने के बाद ही एनओसी जारी की जाएगी।

### तन्वी ऑरलियन्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**ऑरलियन्स।** भारत की तन्वी शर्मा ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त नात्सुकी निदेरा को सीधे गेम में हराकर शुक्रवार को यहां 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता इस 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 43 मिनट में 21-14 21-14 से जीत दर्ज की। तन्वी का अगला मुकाबला जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### कजाखस्तान हॉकी टीम भारत में कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक पर वल रहे इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधायें, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिये भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।

### गोल्फर रिधिमा ने वर्ष 2026 का तीसरा खिताब जीता

**नोएडा।** रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत (बोगी -बोगी) के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरा राउंड 71 के स्कोर के साथ पूरा किया और जेपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में हीरो विमेंस प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण में जैस्मिन शेखर को पीछे छोड़ दिया। पर -71 लेआउट पर खेलते हुए, रिधिमा, जो फाइनल राउंड की शुरुआत में जैस्मिन से तीन शॉट पीछे थीं, सिर्फ दो होल के बाद पांच शॉट पीछे हो गई थीं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी बनाईं और कोई बोगी नहीं की, जबकि जैस्मिन ने 4-ओवर 75 का स्कोर बनाया, जिसका अंत एक बोगी के साथ हुआ। जब जैस्मिन और रिधिमा 18वें टी पर पहुंचीं, तो वे इवन पार पर बराबरी पर थीं।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला में बढ़त बनाई

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी**



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम। एजेंसी

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की।
दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला द्वारा किए गए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया। चौथा मैच रविवार को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

### महिला क्रिकेट टीम दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार है। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे सीरीज भी शामिल है। आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा ये वनडे मैच 9 से 15 दिसंबर तक पोचेफ्स्ट्रूम, ब्लूमफोंटेन और केपटाउन में खेले जायेंगे। यह टेस्ट मैच इस फ़ॉर्मेट में दोनों टीमों के बीच सिर्फ़ चौथी भिड़ंत होगी, और सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाने वाला सिर्फ़ दूसरा महिला टेस्ट मैच होगा। इस दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच से होगी। भारत का यह दौरा दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एक हाई-प्रोफ़ाइल घरेलू सीजन का पहला हिस्सा होगा<bha>;</bha> इसके बाद नए साल में 18 मार्च से 11 अप्रैल, 2027 तक ऑस्ट्रेलिया की टीम एक पूरे मल्टी-फ़ॉर्मेट दौरे के लिए आएगी। ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे में तीन टी20, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच शामिल होंगे। टी20 सीरीज़ किम्बर्ली, बेनोनी और ईस्ट लंदन में खेली जाएगी।

# भारत की अंडर-20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारत की 24 सदस्यीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले 15 दिन के शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी। भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था।



- दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए भारत ने किया क्वालीफाई

**टीम**

गोलकीपर : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू, डिफेंडर : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम, मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी, फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम का तेहरान पहुंचने पर भव्य स्वागत

**तेहरान।** ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है। दर्शकों ने झंडे लहराये और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे। शबान ने अनुवादित बयान में कहा मैंने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आयेंगे। मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है।

**तैयारी** | बोले- आपसी संबंधों को मजबूत करने पर दे रहे ध्यान

# श्रेयस अय्यर का लक्ष्य पंजाब किंग्स को ट्रॉफी दिलाना

**मोहाली, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी नज़र ट्रॉफी पर है और उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले मैदान के बाहर आपसी संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अय्यर ने मोहाली में फ्रेंचाइजी की जर्सी के अनावरण समारोह में कहा यह वह समय है जब हम दो महीने तक एक परिवार की तरह रहते हैं। जितना अधिक समय हम साथ बिताते हैं, उतना ही हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जान पाते हैं। यही वह समय है जब हम अपने बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा हम अपना अधिकतर समय गेम रूम में फीफा और अन्य गेम खेलते हुए बिताते हैं। मैचों के लिए रणनीति आमतौर पर मैच से एक या दो दिन पहले बनती है, लेकिन मैदान के बाहर यह मजबूत रिश्ता हमें आखिर में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद करता है। पंजाब किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 31 मार्च को घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करेगा। अय्यर को उनके प्रशंसकों ने ''सरपंच साहब'' का उपनाम दिया है और वह जानते हैं कि उनसे काफी उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा हमसे काफी उम्मीद की जा रही है जो अच्छा भी है। मुझे चुनौती पसंद है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि जब भी हम मैदान में उतरें, हमें जीतना होगा। मेरी नज़र ट्रॉफी पर है। अय्यर को हाल के दिनों में चोटों से भी जूझना पड़ा लेकिन अब वह पूरी तरह से फिट हैं।

उन्होंने कहा चोट के बाद वापसी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मेरा वजन लगभग सात किलो कम हो गया था और उसे वापस पाने में काफी मेहनत लगी। लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं। मुझे खुशी है कि मैंने अपने जीवन के उस दौर को पार कर लिया है और मैं पूरी तरह फिट होकर टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां वापस आया हूं।

### राजस्थान रॉयल्स के लिए नहीं खेल सकेंगे चोटिल सैम करेन

**जयपुर।** इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम करेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे करेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18 .5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे।